हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार 13.01.2025 वर्ष 12, अंक 13 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
झरनों से इतना मधुर संगीत कभी न सुनाई देता, अगर राहों में उनके पत्थर न होते!

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री ने तीन जिलों के दुर्गम क्षेत्रों को दी पुल की सौगात, एक साल में होगा तैयार

**शिमला :** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को नादौन विधानसभा क्षेत्र और कांगड़ा जिला के जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम इलाकों को जोड़ने के लिए मसेह खड्ड पर 5.11 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास किया। इस पुल के निर्माण से प्रदेश के तीन जिलों हमीरपुर, ऊना और कांगड़ा के लोग लाभान्वित होंगे। पुल के बनने से नादौन की चार ग्राम पंचायतों, ऊना की दो ग्राम पंचायतों और कांगड़ा जिला की छह ग्राम पंचायतों के लगभग 10 हजार लोगों को सुविधा मिलेगी। क्षेत्र के लोगों की वर्ष 1970 से इस पुल को बनाने की मांग थी जिसे वर्तमान राज्य सरकार ने पूरा कर दिया है। इस पुल के बनने से नादौन और बंगाणा के मध्य दूरी लगभग 7.50 किमी तथा नादौन-पीर सलूही के बीच की दूरी लगभग 6 किमी तक कम हो जाएगी।

### प्रशांत कुमार सिंह मणिपुर के मुख्य सचिव नियुक्त

**इंफाल :** कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने आईएएस अधिकारी प्रशांत कुमार सिंह को मणिपुर का मुख्य सचिव नियुक्त करने की मंजूरी दी है। 1993 बैच के मणिपुर कैडर के अधिकारी सिंह, विनीत जोशी का स्थान लेंगे, जिन्हें केंद्र में उच्च शिक्षा सचिव नियुक्त किया गया है।सिंह इससे पहले नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में सचिव के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस के सीईओ सहित कई प्रमुख पदों पर काम किया है।सिंह ने आईआईटी दिल्ली से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री और टेरी यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली से सार्वजनिक नीति में मास्टर डिग्री प्राप्त की है।

### 103 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया :** एसएसबी 56 वीं बटालियन बथनाहा मुख्यालय स्थित जवानों के स्पेशल टीम और फुलकाहा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को कार्रवाई करते हुए 103 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया।नरपतगंज प्रखंड के भारत नेपाल सीमा से 3 किलोमीटर की दूरी पर फुलकाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत भंगही चौक के समीप स्विफ्ट कार पर लोड 103 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर थाना लाया गया,जहां पूछताछ के बाद प्राथमिकी दर्ज किया गया। गिरफ्तार तस्कर में नरपतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पोसदाहा वार्ड संख्या आठ निवासी गौरव कुमार एवं खैरा चंदा गांव निवासी मनीष कुमार है। बताया जा रहा है कि तस्कर नेपाल से गांजा तस्करी कर बार्डर के रास्ते फुलकाहा थाना क्षेत्र से बाहर जाने की फिराक में थे। इसी बीच बथनाहा एसएसबी जवानों के स्पेशल टीम ने फुलकाहा थाना क्षेत्र के भंगही चौक के समीप 103 किलो गांजा के साथ स्विफ्ट कार पर लोड करके जा रहे तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

### नेशनल चैंपियनशिप में अरुण ने जीते दो स्वर्ण, बनाया रिकॉर्ड

**सोनीपत :** रांची में आयोजित 68वीं नेशनल स्कूल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सोनीपत के गांव रायपुर के अरुण ने शानदार प्रदर्शन कर दो स्वर्ण पदक जीते हैं। अंडर-19 वर्ग में उन्होंने 3000 मीटर दौड़ 8 मिनट 09 सेकेंड 25 माइक्रोसेकेंड में पूरी कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 8 मिनट 16 सेकेंड का था। अरुण ने 6000 मीटर क्रॉस कंट्री रेस में 17 मिनट 37 सेकेंड 19 मिली सेकेंड में दौड़ पूरी कर दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दिसंबर 2024 में 39वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उन्होंने 10000 मीटर दौड़ में 29 मिनट 43 सेकेंड 48 मिलीसेकेंड का समय निकालते हुए कांस्य पदक हासिल किया था।

### बीजापुर में जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर, ऑटोमेटिक हथियार हुए बरामद

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में जवानों और नक्सलियों के बीच सुबह से ही मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ के दौरान जवानों ने अब तक 3 नक्सलियों को मार गिराया है। जवानों को नक्सलियों के पास से ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद हुए हैं। वहीं मुठभेड़ में डीवीसीएम स्तर के नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। भोपालपटनम के मद्दे इलाके के बन्देपारा, कोरणजेड के जंगलो में रविवार सुबह से रुक-रूककर गोली-बारी होते रहा।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

स्वामी विवेकानंद जयंती के मौके पर पीएम ने विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को किया संबोधित

# युवाओं की ताकत से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पूरा देश स्वामी विवेकानंद को याद कर रहा है, उन्हें नमन कर रहा है। स्वामी विवेकानंद को देश के युवाओं पर बहुत भरोसा था। पीएम मोदी ने कहा, स्वामी जी कहते थे कि मुझे युवा पीढ़ी पर भरोसा है, नई पीढ़ी पर भरोसा है। स्वामी जी कहते थे, मेरे कार्यकर्ता युवा पीढ़ी से आएंगे। जैसे विवेकानंद जी को आप पर भरोसा था, मुझे भी विवेकानंद जी पर भरोसा है। मुझे उनकी कही हर बात पर भरोसा है।पीएम मोदी ने कहा,अगर हमारे हर निर्णय, कदम और नीति का मार्गदर्शन विकसित भारत का विचार करे तो दुनिया की कोई भी ताकत हमें विकसित होने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं की ऊर्जा ने भारत मंडपम को जोश से भर दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, समय के चक्र को देखिए। इसी भारत मंडपम में, जहां आप सब एकत्र हुए हैं, वैश्विक नेता विश्व के भविष्य पर चर्चा कर रहे थे। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज उसी स्थान पर हूं, जहां देश के युवा भारत के अगले 25 वर्षों का रोडमैप तैयार कर रहे हैं। अपना संस्मरण सुनाते हुए पीएम मोदी ने कहा,कुछ महीने पहले, मैं अपने निवास पर युवा एथलीटों के एक समूह से मिला, और उनमें से एक ने खड़े होकर कहा,मोदी जी,आप दुनिया के लिए भले ही प्रधानमंत्री हों, लेकिन हमारे लिए प्रधानमंत्री का मतलब परम मित्र है। मुझे आप पर बहुत भरोसा है। यह विश्वास ही है जो विकसित भारत युवा नेता संवाद को आगे बढ़ाता है। मेरा विश्वास है कि भारत के युवाओं की ताकत से भारत जल्द ही एक विकसित राष्ट्र बनेगा।

### प्रधानमंत्री ने कहा : स्वामी विवेकानंद को युवाओं पर था बहुत भरोसा

**विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, संस्कृति और अन्य चीजों के प्रति काफी जुनून**

भारत मंडपम पहुंचने से पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वे विकसित भारत के निर्माण के उद्देश्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं से उनकी मुलाकात होगी, उनमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, संस्कृति और अन्य चीजों के प्रति काफी जुनून है। बयान में कहा गया है कि आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय युवा महोत्सव को पारंपरिक तरीके से आयोजित करने की 25 साल पुरानी परंपरा को तोड़ना है। यह बिना किसी राजनीतिक संबद्धता वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने और उन्हें विकसित भारत के विचारों को वास्तविकता के धरातल पर उतारने के संबंध में हैं।



### राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित हुआ संवाद कार्यक्रम

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को भारत मंडपम पहुंचे। यहां उन्होंने 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में प्रतिभागियों के साथ मुलाकात की। कार्यक्रम बिना किसी राजनीतिक संबंध वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने के उनके प्रयासों के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर होने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित किया जा रहा है।

### विकसित भारत के रोड मैप पर युवाओं के विचारों पीएम ने जानने की कोशिश की

कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने युवाओं से 2047 के विकसित भारत के रोड मैप पर उनके विचारों को जानने की कोशिश भी की। भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रधानमंत्री ने युवाओं के साथ महिला सशक्तिकरण, विकसित भारत, डिजिटल भारत, खेलों में श्रेष्ठता जैसे 10 विषयों पर प्रेजेंटेशन भी देखे। कार्यक्रम में देश निर्माण के 10 विषयों पर 2047 में विकसित भारत के लिए उनके विजन को सम्मिलित किया गया। इसे युवाओं की राजनीति की पाठशाला कहा जा सकता है।

### आयोजन का मकसद युवा नेतृत्व का विकास करना

सरकार के मुताबिक आयोजन का मकसद युवा नेतृत्व का विकास करना है, जो देश के विकास के विजन को प्रमुखता देते हुए राजनीति में आगे बढ़े इस युवा महोत्सव को युवा के लिए युवाओं द्वारा युवा संकल्प के साथ पेश किया गया है।यह केवल एक आयोजन नहीं बल्कि अभियान है, युवाओं को सशक्त करने, उनकी नेतृत्व क्षमता व्यावहारिक विचार जो कि विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप है। युवाओं को महोत्सव में उनकी योग्यता के अनुरूप प्रमाणपत्र दिया जाएगा। इस बार राष्ट्रीय युवा महोत्सव सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा ऊर्जा का प्रतीक रहा है, देश निर्माण और विकास के विजन में भी सम्मिलित हो रहा है।

## महाकुंभ : श्रद्धालुओं के लिए 300 से ज्यादा ट्रेन चलाएगा उत्तर मध्य रेलवे




एजेंसी

**प्रयागराज :** महाकुंभ के मेले में लगभग 50 करोड़ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। दुनिया का सबसे बड़ा मेला 13 जनवरी को शुरू हो रहा है और पहले दिन से ही प्रयागराज में लाखों भक्तों के पहुंचने उम्मीद है। अगले एक महीने तक कुंभ में लोग पहुंचते रहेंगे। इनमें से अधिकतर लोग ट्रेन के जरिए ही यात्रा करेंगे। उत्तर मध्य रेलवे ने महाकुंभ में आने वाले तीर्थयात्रियों के आवागमन के लिए पूरी तैयारी कर ली है। प्रयागराज पहुंचने वाले भक्तों की सुविधा के लिए 80 स्पेशल ट्रेन सहित 300 से ज्यादा ट्रेनें चलाने की योजना है। महाकुंभ शुरू होने से कुछ घंटे पहले, एनसीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि कांत त्रिपाठी ने बताया कि रेलवे अधिकारियों ने भीड़ प्रबंधन, टिकट बुकिंग काउंटर, ट्रेन सेवाएं और सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। ट्रेन सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए, सीपीआरओ ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे सोमवार से छोटी दूरी की नियमित ट्रेनें भी शुरू करेगा। शशि कांत त्रिपाठी ने कहा,हमने महाकुंभ के लिए अपनी तैयारियां दो साल पहले ही शुरू कर दी थीं। अब हमारी तैयारियां उस स्तर पर पहुंच गई हैं, जहां हम अपने सभी यात्रियों का आत्मविश्वास से स्वागत कर सकते हैं। हमारी लंबी दूरी की विशेष ट्रेनें एक जनवरी से

**महाकुंभ शुरू होने से कुछ घंटे पहले, एनसीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि कांत त्रिपाठी ने बताया कि रेलवे अधिकारियों ने भीड़ प्रबंधन, टिकट बुकिंग काउंटर, ट्रेन सेवाएं और सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। ट्रेन सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए, सीपीआरओ ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे सोमवार से छोटी दूरी की नियमित ट्रेनें भी शुरू करेगा।**

शुरू हुई, जिनमें 50 परिचालन शामिल हैं। हमारी रिंग रेल सेवाएं 10 जनवरी को शुरू हुई, और अनारक्षित छोटी दूरी की नियमित रेलगाड़ियां कल से शुरू होंगी, जो महाकुंभ के पहले दिन से मेल खाती हैं।उन्होंने कहा सोमवार को 80 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनें चलेंगी, जिससे कुल ट्रेनों की संख्या लगभग 300 हो जाएगी। ये यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में सुविधा प्रदान करेंगी। मकर संक्रांति परसों है, इसलिए हमने इनवर्ड स्पेशल ट्रेन सेवाएं भी शुरू की हैं।

## पटना में पप्पू यादव के समर्थकों ने जमकर मचाया उत्पात




एजेंसी

**पटना :** बिहार के एकमात्र निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने रविवार यानी आज राज्यव्यापी बंद का एलान किया था। सुबह नौ बजे से ही पप्पू यादव के समर्थक पटना समेत बिहार के कई जिलों में सड़क पर उतर गए।

जमकर प्रदर्शन किया। नीतीश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इतना ही नहीं पटना के अशोक राजपथ पर पप्पू यादव के कार्यकर्ताओं ने जमकर बवाल किया। सड़क पर आगजनी की। दुकानों को बंद करवा दिया। सरकारी वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इनके बाद आगे बढ़ते हुए डाकबंगला चौराहा पर आए और यहां पर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान पप्पू यादव भी अपने आवास से निकले और इनकम टैक्स गोलंबर से डाकबंगला चौराह पहुंचे।

इनकी मांग हैं कि नीतीश सरकार बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा रद्द को दुबारा एग्जाम ले। साथ ही प्रतियोगी परीक्षा में रही गड़बड़ियों की जांच करवाए।सांसद पप्पू यादव ने कहा कि लगातार अनुरोध के बावजूद बिहार सरकार बीपीएससी परीक्षार्थियों पर ध्यान नहीं दे रही है। उनकी मांगे नहीं सुनी जा रही है। हमलाग हमलोग अब बिहार सरकार राम नाम सत्य करने निकले हैं। आज स्वामी विवकानंद की जयंती है। युवा दिवस है। इसलिए युवाओं के लिए हमारा शपथ अटल और अटूट है। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## कांग्रेस का वादा : दिल्ली में युवाओं को देंगे साढ़े 8 हजार महीना

**योजना की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा, आज महान विचारक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है जो युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे।**




एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने युवा उड़ान योजना नाम से अपनी तीसरी गारंटी की घोषणा की। यह घोषणा युवाओं के लिए है। कांग्रेस ने दिल्ली के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को एक साल तक 8500 रुपये प्रतिमाह देने की बात कही है। इस योजना के तहत युवाओं को हर महीने 8500 रुपये मिलेंगे और एक साल की अप्रेंटिसशिप प्रदान की जाएगी। इस योजना की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा, आज महान विचारक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती है जो युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे। दिल्ली में युवाओं के भविष्य पर राज्य और केंद्र सरकार का कोई ध्यान नहीं है। दिल्ली में इतिहास गवाह है कि यहां जब-जब कांग्रेस की सरकार रही है तब-तब यहां के विकास को पूरे देश में लोग अग्रिम मानते आए हैं। दिल्ली में जिस जिम्मेदारी से हम वादा करेंगे उसी जिम्मेदारी के साथ उसे पूरा भी करेंगे और जनता इस बात को जानती है। मुझे पूरा विश्वास है कि 5 फरवरी को जब दिल्ली के लोग मतदान करेंगे तो इतिहास को याद करेंगे कि किसने क्या कहा और क्या किया। सचिन पायलट ने कहा कि रोजगार का निर्माण करना किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन केंद्र और राज्य की दोनों सरकारों ने बेरोजगारों को नजरअंदाज किया। पढ़े-लिखे बच्चों को रोजगार देना चाहिए था, लेकिन मौका मिलने के बाद भी दोनों सरकारें काम नहीं कर पाई। कांग्रेस ने हमेशा जनता के लिए काम किया। आईटी के क्षेत्र में कांग्रेस सरकार ने बेहतरीन काम किया, जिसमें मैं खुद मंत्री था। आज दिल्ली में राजनीति सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप की रह गई है, लेकिन अब लोग बेहतर विकल्प चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि आने वाले चुनावों में जनता कांग्रेस पार्टी को चुनेगी और सरकार बनाएगी।

## अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे विदेशमंत्री एस जयशंकर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** विदेशमंत्री एस जयशंकर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में अपने देश की सत्ता की बागडोर संभालेंगे।विदेशमंत्री शपथ ग्रहण के लिए होने वाली इस यात्रा के दौरान आने वाले ट्रंप प्रशासन के नए प्रतिनिधियों के साथ भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी और संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के मसले पर बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार नए अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ मेल-मुलाकातों के अलावा जयशंकर यात्रा के दौरान ट्रंप के शपथ में आने वाले कुछ अन्य विदेशी राज नेताओं-राजनयिकों के साथ भी बैठक करेंगे।अमेरिका के नए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के सत्ता संभालने के लिए बनी ट्रम्प-वैंस उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर विदेशमंत्री वॉशिंगटन जाएंगे। ट्रंप के शपथ में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू तथा अर्जेंटीना के राष्ट्रपति समेत कुछ देशों के शासनाध्यक्षों के साथ-साथ तमाम देशों के राजनयिक प्रतिनिधि भी अमेरिका पहुंच रहे हैं।राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप की यह दूसरी पारी एक चुनावी ब्रेक के बाद होगी। राष्ट्रपति पद के लिए 2020 में हुए चुनाव में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन ने ट्रंप को परास्त कर लगातार दूसरी बार सत्ता में आने से रोक दिया था।



## आठ लाख की महिला इनामी नक्सली गिरफ्तार



एजेंसी

**कांकेर :** जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कौड़ेसाल्हेभाट गांव से 25 लाख का इनामी नक्सली प्रभाकर की पत्नी राजे कांगे को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी आठ लाख रुपये की इनामी राजे कांगे डीवीसीएम रैंक की नक्सली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सली राजे कांगे एक ग्रामीण के घर में छुपी थी। शरण देने वाले नक्सल समर्थक श्यामनाथ उसेंडी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नक्सलियों का शीर्ष नेता प्रभाकर पिछले महीने ही गिरफ्तार किया गया था, अब पुलिस ने उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है।उल्लेखनीय है कि कांकेर जिले के अंतागढ़ से पुलिस ने नक्सल संगठन में विगत 40 वर्षों से सक्रिय रहकर कार्य कर रहे शीर्ष नक्सली प्रभाकर उर्फ बालमूरी नारायण राव को 23 दिसंबर 2024 को गिरफ्तार कर चुकी है।

असर्फी हॉस्पिटल,धनबाद
सर्दियों में बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा
आज ही हमारे हृदय रोग विशेषज्ञ से मिले
7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

## स्व अनिल चौरसिया सात दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच के साथ समापन

**चैनपुर(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के मझिगांवा पंचायत के लोकेया खेल मैदान में सात दिवसीय %स्वर्गीय अनिल चौरसिया फुटबॉल



टूर्नामेंट% का शनिवार को फाइनल मैच के साथ समापन हो गया। फाइनल मैच में पहुँची पलामू और बोकारो की टीम। फुटबॉल टूर्नामेंट में 2-1 गोल से पलामू की टीम व बोकारो की टीम को हराकर कप पर कब्जा जमाया। वहीं विधायक आलोक चौरसिया ने विजयी टीम को कप और मोमेंटो देकर सम्मानित किया और उनकी उज्वल भविष्य की कामना की साथ ही कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता का भी वृद्धि होता है। खेल जीवन में महत्वपूर्ण अंग है। वहीं विजेता टीम को 15 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 11 हजार की नकद राशि प्रदान की।समापन समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित विधायक आलोक चौरसिया, ज़िला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया, पूर्व जिला परिषद् सदस्य संटू चौरसिया, भीष्म चौरसिया, बबलू गुप्ता,अशेष चौरसिया सहित कई लोग मौजूद थें।

## दो एकड़ में लगे पोस्ता कि खेती को पुलिस ने किया नष्ट

**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के जंघवल जंगल में लगभग दो एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को छतरपुर पुलिस ने नष्ट किया है छतरपुर पुलिस ने खेतों में ट्रैक्टर की मदद से लगाएंगे पोस्ता कि खेती को नष्ट किया है। छतरपुर थाना प्रभारी ने बताया



कि गुप्त सूचना मिली थी कि जघवल के जंगल आस पास में पोस्ते की खेती की जा रही है। जानकारी देने वालों का नाम अत्यंत गुप्त रखा जाएगा। वही ग्रामीणों से कहा कि पोस्ता खेती से युवकों का जीवन बर्बाद होगा। नशे के खतरों से युवाओं का भविष्य को बचाना होगा। पोस्ता की खेती करने वाले के खिलाफ 20 साल की सजा हो सकती है

## पथरा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने पलामू सांसद से मिलकर विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पथरा के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामराज राम ने पलामू के सांसद बी0 डी0 राम से मिलकर विद्यालय के विभिन्न समस्याओ से अवगत कराया। प्रबंधन समिति



के अध्यक्ष ने स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पथरा के लिए भवन व चहारदीवारी की मांग किया, जिस पर सांसद बी0 डी0 राम ने सहमति जताते हुए कहा की जल्द ही सांसद कोटे से उच्च विद्यालय का भवन तथा चहारदीवारी का निर्माण कराया जायेगा ।छात्र छात्राओं के भविष्य को देखते हुए सांसद के निर्देश पर स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पथरा को तीन शिक्षकों को मिलने पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामराज राम ने सांसद को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## तीन माह पूर्व हत्या के मामले में मृतका के पति व ननद गिरफ्तार

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद पुलिस ने रीता देवी हत्याकांड के फरार आरोपी मृतका के पति गोरख भुइयां व ननद ममता देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आरोपी गोरख भुइयां रीता कुमारी के साथ प्रेम विवाह कर



हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नसो जमालपुर के फटहा टोला में अपनी बहन के घर रहता था। शादी होने के कुछ दिनों बाद दोनों के बीच हमेशा झगड़ा होता रहता था। इसी बीच गोरख भुइयां ने अपनी पत्नी रीता देवी की हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के लिए उसे बघमनवा नदी के किनारे एक पेड़ के समीप में दफना दिया था। जब इस बात की जानकारी मृतका रीता के परिजनों को मिली तो उन्होंने हुसैनाबाद थाना पहुंचकर इसकी जानकारी दी थी। आरोपी पति गोरख भुइया पलामू जिला के पड़वा थाना क्षेत्र के सिका गड़ेरियाडीह गांव का निवासी है। उन्होंने कहा कि जांच अनुसंधान के बाद इस मामले में लगातार छापेमारी किए जाने पर नामजद उक्त आरोपी गत तीन माह से फरार चल रहा था।

## वित्त मंत्री और सांसद के आगमन को लेकर बीडीओ व थाना प्रभारी ने स्थल का किया निरीक्षण

**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पाटन थाना क्षेत्र के चेतमा पिकेट में 14 जनवरी को वित्त मंत्री झारखंड सरकार के राधा कृष्ण किशोर और सांसद विष्णु दयाल राम



के आगमन को लेकर बीडीओ अमीत कुमार झा, व नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने तैयारी का जायजा लेने पहुचे। अति सुंदरवर्ती क्षेत्र मे झारखंड सरकार के मंत्री और सांसद पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद करेंगे। और वहां के परिस्थितियों से अवगत होंगे।आगमन की तैयारी जोर-शोर से लगा हुआ है।

## मनरेगा कार्य में अधिकारी व मुखिया पर 50% रिश्वत लेने के आरोप निराधार हैं : प्रमिला सिंह



**चैनपुर(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पलामू जिला में मनरेगा से चैनपुर प्रखण्ड के सभी पंचायत में योजनाओं का कार्य का राशि निकासी को लेकर बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे ने अधिकारियों व मुखिया को भेंडर द्वारा 50 प्रतिशत रिश्वत लेने का मामला उठाया गया था, जिस पर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष प्रमिला सिंह व उपाध्यक्ष रानी सिंह ने चैनपुर प्रखण्ड के सभी पंचायत के मुखिया साथ बैठक कर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे अधिकारियों व सभी मुखिया पर आरोप लगा रहे हैं वो बेबुनियाद आरोप है साथ ही कहा कि आरोप लगाने से पहले उनको साक्ष्य लोगो के सामने रखना चाहिए तभी किसी पर आरोप लगाना चाहिए उनके नजर में अगर सभी मुखिया व अधिकारी भ्रष्ट है तो पंचायत में विकास कैसे हो रहा हैं इसका जवाब उनको देना पड़ेगा और साक्ष्य के साथ अगर जवाब नहीं देंगे तो मुखिया संघ प्रखंड में उनका खिलाफ जोरदार विरोध करेगा।

# डोभा में डूबने से युवक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र के मिरचैयाँ गावँ में डोभा में डूब कर एक युवक की मौत रविवार को हो गई है।मृतक की पहचान गिरिजा कोरवा का 32 वर्षीय पुत्र मुकलेश कोरवा के रूप में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह सुबह शौच के लिये गया था।इसी दौरान डोभा में डूबने से उसकी मौत हो गई।उसकी मौत की खबर सुनकर परिवार वाले दहाड़ मार कर रोने लगे।मृतक के दो लड़कियां तथा दो लड़के है।परिजनों ने बताया कि वह अत्यंत ही गरीब है।वह मेहनत मजदूरी करके वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था।घर का कमाने वाला एक मात्र व्यक्ति था।उसकी मौत हो जाने से उसके परिवार पर दुखो का पहाड़ टूट



पड़ा।उसके चाचा का मौत भी कुछ समय पहले हुआ था।जिसका श्राद्ध कर्म अभी निपटा ही था कि या दूसरी घटना हो गई।इस घटना से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया।सूचना मिलने पर धुरकी पुलिस पहुच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सहित अन्य लोग परिजनों को ढांढस बंधाया और सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिलाया।

## बम्बा ग्राम में क्रिकेक मैच का किया गया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के उतर टोला बम्बा में बम्बा प्रीमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का आयोजन किया गया।क्रिकेट टूर्नामेंट का उदघाटन विधायक अनन्त प्रताप देव,झामुमो केंद्रीय कमिटी सदस्य ताहीर अंसारी,झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव, युवा समाजसेवी महमूद आलम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व बल्लेबाजी कर किया। इस अवसर पर विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि ग्रामीण युवकों में प्रतिभा की कमी नही है।इस तरह के आयोजन से उनके प्रतिभा में निखार आता है।उन्होंने कहा कि प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ावें।उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद देते हुये कहा कि आयोजक मंडल अपने तरफ से प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र भी देने की व्यवस्था करे। झामुमो केंद्रीय कमिटी के सदस्य ताहिर अंसारी ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है।पढ़ाई के साथ साथ बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिये खेल आवश्यक है।युवा नेता दीपक प्रताप देव ने कहा कि खेल से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है, साथ ही खेल समाज मे आपसी भाईचारा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों को टूर्नामेंट के



पदाधिकारियों ने माला पहनाकर क्रिकेट स्वागत किया।टूर्नामेंट का पहला मैच बारोडीह व बंशीधर क्रिकेट टीम के बीच खेला गया।बारोडीह क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 7 विकेट के नुकसान पर 105 रन बनाया। जबकि जबाबी पारी खेलने उतरी बंशीधर क्रिकेट टीम ने 73 रन बनाकर सिमट गया।मौके पर युवा समाजसेवी महमूद आलम,तस्लीम खान,मुखिया उषा देवी,मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी,भगवान राम,मुश्ताक अहमद शेख,राहत हुसैन, हैसियत अंसारी,सुलेमान अंसारी, उस्मान अंसारी, डॉ फिरोज, आसिफ रजा, सुहैल अहमद, असरफ अंसारी, अजीज अंसारी, सैफुल्लाह, असलम, बेलाल, राशिद, नवाज, गुलाम गौस, मोबिन सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## श्री राम के प्रथम वर्षगांठ पर सूर्य मंदिर परिसर में भव्य गंगा आरती का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर(पलामू) :** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सूर्य मंदिर परिसर में महान क्लब के तत्वधान में भगवान श्री राम जन्मभूमि के प्रथम वर्षगांठ पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं साथ ही शनिवार की शाम विधायक आलोक चौरसिया, मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह, भाजपा नेता ज्योति पांडे, आशीष भारद्वाज,नीरा देवी, शैलेन्द्र कुमार शैलू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं चैनपुर तालाब परिसर में गंगा आरती, झाकियां, आतिस बाजी एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा आरती में भाग लिया। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि सनातन धर्म को बनाए रखने में महान क्लब के अध्यक्ष अमित सोनी ने समाज में बढ़ चढ़ कर हमेशा अपना योगदान देते आ रहें हैं जिनका सहयोग समाज में एक मिशाल है साथ ही उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सनातन धर्म को बचाए रखने के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आकर समाज में अपना योगदान देने की जरूरत है।

## असहाय लोगों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से हुसैनाबाद प्रखंड के अतर्गत पोलडीह पंचायत समिति सदस्य रुबी कुमारी ने अपने गांव अलीनगर में जरूरतमंद असहाय लोगों के बीच मांडर वेदौलीया मरहा सहित अन्य गांव के लोगों को 30 से अधिक कंबल वितरण किया मौके पर पंचायत समिति सदस्य रूबी कुमारी ने कहा की झारखंड सरकार के निर्देशानुसार जरूरतमंद कंबल मुहैया कराया गया इस संबंध में असहाय एवं वृद्धजनों को सेवा करना बहुत बड़ा धर्म है मौके पर डां मिथिलेश पासवान मोहन पासवान लीलावती देवी शीला देवी सकीना खातून मूर्ति देवी मोहनिया देवी समरी देवी बल्केश्वर शर्मा दुलारी देवी बीना देवी शांति देवी सरजू राम रतु सिंह विनोद यादव सुचित कुमार शिवकुमारी देवी परीक्षा चंद्रवंशी सरस्वती देवी सहित अन्य लोग मौजुद थे!

## बगैर किसी भेदभाव के न्याय के साथ होगा क्षेत्र का विकास : नरेश प्रसाद सिंह



**विश्रामपुर(पलामू) :** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सेमरी कला गांव के नौडीहा में रविवार को कब्रिस्तान चारहदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने किया.शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास व संचालन समाजसेवी हरिनाथ चंद्रवंशी ने किया.नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि बगैर किसी भेदभाव के न्याय के साथ क्षेत्र का विकास किया जायेगा.विकास कार्यों में सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जायेगी.प्राथमिकता के आधार पर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक विकास कार्य पहुंचाया जायेगा.विकास कार्यों की गुणवत्ता से भी कोई समझौता नहीं किया जायेगा.जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का प्रयास जारी रहेगा.मौके पर कई लोग मौजूद थे.

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जीतपा में साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जीतपा में शनिवार को संध्या समय साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शंख ध्वनि,वंदे पुरुषोत्तम ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया।इसके बाद सामूहिक नाम जप ध्यान, सत्यानुसरण ग्रन्थ , नारीनीति ग्रन्थ का पाठ किया गया।अनिता देवी, गीता देवी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया।इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी की भावधारा को विश्व के अनेक देशों में लोग पालन कर रहे हैं।वर्तमान समय में पुरुष वर्ग तथा नारी वर्ग को श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी द्वारा दिए गये



निर्देशों का पालन करते हुये जीवन को सार्थक करना चाहिये। पुरुष वर्ग को प्रत्येक नारी को अपनी मां का रूप समझना चाहिये। प्रत्येक नारी जगत जननी होती है।श्री श्री ठाकुर जी सभी नारियों को मां शब्द से ही संबोधित किया करते थे।प्रत्येक नारी को चाहिये कि अपनी मधुर बात, अच्छी चलन, अच्छी सेवा को पुरुष वर्ग में इस प्रकार रखे की प्रत्येक पुरुष, नारी के प्रति नतमस्तक हो जाय। उसमे भक्ति की भावना जागृत हो जाये। मां तुम्हां कहते हुए अपना जीवन को धन्य करे।सत्संगी अजय दा ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी पूर्ण ब्रह्म हैं,पूरे ब्रह्मांड की सत्ता उनके पास है।संध्याकालीन प्रार्थना एवं जय उदघोष के साथ कार्यक्रम का विश्राम किया गया। कार्यक्रम में अखिलेश दा, गोविन्द दा,संजय दा, शक्ति दास सिन्हा, राज कुमार दा, पप्पू जायसवाल, सतवंती देवी, कलावती देवी, माला देवी, निर्मला देवी, बृंदा देवी, प्रमिला देवी सहित अन्य सत्संगी उपस्थित थे।

## मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पंजरी खुर्द गांव में होगा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर(पलामू) :** विश्रामपुर प्रखंड के पंजरी खुर्द गांव में आस - पास के बीस गांवों के गणमान्य लोगों की एक सामूहिक बैठक हुयी. बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक भृगुनाथ सिंह व संचालन रौशन पाठक ने किया.बैठक में नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चर्चा हुयी.निर्णय लिया गया कि अप्रैल माह में मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगा.इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का भी आयोजन किया जायेगा.इसके लिये स्वागत, भंडारा, मंडप निर्माण व अनुशासन कमेटी गठित करने सहित ट्रस्ट बनाने पर भी चर्चा की गयी.बैठक में निर्णय लिया गया कि 27 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू होगा. दो मई को यज्ञ की



पूर्णाहुति होगी. अध्यक्ष भृगुनाथ सिंह ने कहा कि सनातन धर्म में सात्विक जीवन के लिये यज्ञ जरूरी है. मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि पंचायत में महायज्ञ का आयोजन हमारा सौभाग्य है.इतने बड़े आयोजन में सामूहिक प्रयास व सहयोग की जरूरत है. बैठक में तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, पंजरी कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा, आरएसएस के जिला कार्यवाह अमितेश्वर दयाल, खंड कार्यवाह राघवेंद्र कुमार, बिनोद पाठक, प्रसिद्ध भोजपुरी गायक शिव कुमार चौधरी, सोनू सिंह, रामयश पाठक, चंद्रशेखर पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, बसंत पाठक, दिनेश पाठक, सुदेश्वर पाठक, बिरेंद तिवारी, वृदावन पाठक, रक्षेया पाठक, देवेंद्र चौधरी, डबल सिंह, कंचन पाठक, योगेंद्र मिश्र, उज्जवल पटेल, कन्हैया कुमार, रविन्द्र तिवारी सहित तीन पंचायत के लोग हुये.

## स्वामी विवेकानंद ने विश्वपटल पर भारत का पताका फहराया था : ऋतुराज मिश्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** महंगाई दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी.इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा कई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया.कार्यक्रम के शुरुआत से पहले सभी शिक्षकों व छात्र छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये उन्हें नमन किया.इसके बाद कई प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ.जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने भाग लिया.बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरष्कृत भी किया गया.स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद वह युवा संत थे जिन्होंने विश्वपटल पर भारत और सनातन का पताका फहराया था.उन्होंने युवाओं को कर्मयोग की शिक्षा दी.जिसके चलते उनके जन्मजयंती को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है.स्वामी जी ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की.जो आज भी विश्वभर में वेदांत के प्रचार में लगा हुआ है.प्राचार्य तृप्ति मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला.मौके पर उप प्राचार्य शैली कुमारी, शिक्षक नेहा वर्मा,पूजा कुमारी.सीता देबी.प्रमोद कुमार.रीता देबी.माही मिश्रा.बीरेंद्र कुमार.कुंदन यादव.नागेंद्र यादव सहित कई लोग मौजूद थे.

## ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोशिएशन के तत्वाधान में सेफ्टी सेमिनार का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** जपला रेलवे स्टेशन परिसर में रविवार को युवा दिवस के अवसर पर ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन द्वारा एक सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया।साथ ही ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोशिएशन की कमिटी का गठन किया गया।कार्यक्रम में करीब 25 स्टेशन के स्टेशन मास्टर शामिल हुए। इस दौरान बीड़ी सेक्शन अंतर्गत कार्यरत स्टेशन मास्टर को कार्य के दौरान होने वाली समस्याएं, काम के बढ़ते दबाव को देखते हुए प्रत्येक पारी मे दो स्टेशन मास्टर काम करने और बीड़ी सेक्सन मे बहुत दिनों से काम करने वाले स्टेशन मास्टर को जीसी-1 व जीसी-2 में ट्रांसफर करने हेतु रेल प्रशासन से मांग करने समेत कई अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। मौके पर नबीनगर यातायात निरीक्षण अजय कुमार सिंह , स्टेशन प्रबंधक जपला संजय कुमार, अजय मेहता, नबीनगर स्टेशन प्रबंधक पी हेम्ब्रम, हैदरनगर स्टेशन मास्टर एमडी सलाउद्दीन खान, कोशियरा स्टेशन मास्टर संजय कुमार , करकट्टा स्टेशन मास्टर संतोष कुमार सिंह, डिविजन ऑर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी मुन्ना कुमार, पप्पू वर्मा , स्टेशन मास्टर रविंद्र कुमार, चंदन, सुधीर कुमार, मनोज कुमार,सचिंदर कुमार, रोहित कुमार, संतोष कुमार समेत समेत कई अन्य स्टेशन मास्टर उपस्थित थे।

## गोविंद और ज्ञान निकेतन लगातार दूसरी बार फाइनल में



- अपने आदर्शों और विचारों के लिए दुनियाभर में जाने जाते हैं विवेकानंद : एसडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के सेमीफाइनल मैच में गोविंद हाई स्कूल ने बीपीडीएवी को 36 रन से तथा ज्ञान निकेतन ने रामा साहू को 55 रन से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल प्रवेश किया। मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोविन्द के इमरान को और ज्ञान निकेतन के शुभम को सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय, गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी दीपक, अनूप तिवारी आदि के द्वारा दिया गया। पहले मैच में गोविन्द स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में इमरान के शानदार अर्धशतक 59 ओर गोलू के 27 रन के बदौलत पांच विकेट खोकर 145 रन बनाए। बीपीडीएवी की और से सत्यम ने तीन, प्रत्युष और विक्रांत ने एक एक विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी बीपीडीएवी निर्धारित ओवर में 109 रन ही बना पाई। दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेलचम्पा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 113 रन बनाए। ज्ञान निकेतन 55 रन से जीतकर लगातार दूसरी बार फाइनल में प्रवेश किया। मौके पर सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय ने कहा कि कम संसाधन में बेहतर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद अपने आदर्शों और विचारों के लिए भारत ही नहीं दुनियाभर में जाने जाते हैं। उनके विचार युवाओं को प्रेरित करने का काम करते हैं। इस मौके पर नवनीत शुक्ला, नितिन तिवारी, कमलेश कुमार दुबे, प्रिंस सोनी, प्रणव शंकर झा आदि उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## झारखंड छात्र परिषद ने स्वामी विवेकानंद को किया याद

**रांची।** झारखंड छात्र परिषद के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह ज्योति पब्लिक स्कूल बड़ा तालाब राँची में मनाया गया । इस अवसर पर झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा एवं वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे मुख्यरूप से उपस्थित थे । कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दिप प्रज्वलित कर की गई ।मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिछाया पे पुष्प अर्पित किया । मिश्रा ने झारखण्ड छात्र परिषद के सदस्यों से स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को जन जन तक पहुँचाए एवं उनके बताए मार्ग पर चले । झारखंड छात्र परिषद ने कार्यक्रम के दौरान सर्व सहमति से केंद्र सरकार से स्वामी विवेकानंद की जीवनी को पाठ्यक्रम में जोड़ने की मांग की एवं कहा कि देश को जानना है को स्वामी की जीवनी को जानना जरूरी है ।इस अवसर पर लंकेश सिंह , राजीव सिंह , मनीष सिन्हा , सत्येंद्र वर्मा ,ज्योति शंकर साहू , पीयूष आनंद , राकेश सिंह ने परिचर्चा में भाग लिया एवं अपने विचार व्यक्त किए ।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर किया नमन

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सहित अन्य नेताओं ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि महान युगद्रष्टा और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें सादर नमन। साथ ही राष्ट्रीय युवा दिवस की आप सभी को शुभकामनाएं।

# टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि पुलिस उप-महानिरीक्षक -सह-वरीय पुलिस अधीक्षक राँची चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली कि प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी का एरिया कमाण्डर सुनील मुण्डा उर्फ भरत अपने दरता सदस्यों के साथ बुढ़मू थाना क्षेत्र के चौनगढ़ा खुटेर मैदान में किसी उग्रवादी घटना को अंजाम देने के सेश्य से एकत्रित होकर योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राँची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक, खलारी राँची के नेतृत्ल में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बुढ़मू थाना क्षेत्र के चौनगड़ा खुटेर मैदान का घेराबंदी कर छापामारी किया गया तथा भागने के क्रम में टीएसपीसी का एरिया कमाण्डर सुनील गुण्डा उर्फ भरत जी को अवैध हथियार, गोली, मोबाइल एवं राउटर के साथ गिस्तार किया गया। साथ हीं सुनील मुण्डा उर्फ भरत जी के निशानदेही के आधार पर उक्त स्थल पर स्थित पेड़ में छिपाकर झोला में रखा हुआ दो देशी पिस्तौल एवं छः जिन्दा गोली बरामद किया गया। सुनील मुण्डा उर्फ भरत जी से पूछताछ करने पर बताया गया कि यह टीएसपीसी का एरिया कमाण्डर है तथा यह सबजोनल कमाण्डर अरविन्द के दस्ता के साथ क्षेत्र में रंगदारी माँगने का कार्य करता है। यह क्षेत्र के जमीन कारोबारी, क्रसर नालिक, ईट भट्ठा मालिक तथा विकास कार्य में लगे ठीकेदारों से रंगदारी के रूप में मोटी रकम माँगता है और नहीं देने पर कार्य स्थल पर जाकर आगजनी, तोड़फोड़, एवं फायरिंग की घटना को अंजाम देता है। यह सबजोनल कमाण्डर अरविन्द के आदेश पर बुढ़मू थाना क्षेत्र के डड़िया में जमीन मालिक द्वारा रंगदारी नहीं देने के कारण दस्ता सदस्यों के साथ मिलकर स्थल पर जाकर तोड़फोड़ एवं फायरिंग किया था। वर्ष 2024



के सितम्बर महीना में यह ठाकुरगाँव थाना क्षेत्र के कुर्मी टोला में जमीन बाउण्ड्री निर्माण में रंगदारी माँगा था तथा नहीं देने पर फायरिंग की घटना किया था। वर्ष 2024 के मार्च महीना में ठाकुरगाँव थाना क्षेत्र के काटमकुली में जमीन कारोबारी के स्थल पर जाकर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। वर्ष 2024 के मार्च महीना में हीं पिठौरिया थाना क्षेत्र के रहड़ा में वाटर पार्क निर्माण में रंगदारी माँगा था तथा नहीं मिलने पर फायरिंग कर दहशत फैलाया था। वर्ष 2023 में ही भुरकुण्डा ओपी क्षेत्र के बड़का सियाल सीसीएल खदान से रंगदारी माँगा था तथा रंगदारी नहीं मिलने पर खदान में खड़े वाहनों में आग लगा कर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। वर्ष 2023 में हीं पतरातु थाना क्षेत्र के खैरामाँझी स्थित पेट्रोल पंप पर रंगदारी को लेकर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। वर्ष 2024 में काँके थाना क्षेत्र के एक बड़े जमीन कारोबारी से यह रंगदारी की माँग किया था। पतरातू थाना अन्तर्गत डाड़ीडीह स्थित गोदाम में घुसकर रंगदारी नहीं मिलने के कारण बोलेरो, स्कॉर्पियो सहित कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था तथा रह रहे मजदूरों के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया था। इनके निशानदेही पर दस्ता का सदस्य रूपेश कुमार, न्यू मधुकम महुआ टोली, सुखदेवनगर, जिला राँची को भी गिस्तार कर लिया गया है, ये भी अपने स्वीकारोक्ति बयान में टीएसपीसी संगठन के सबजोनल कमाण्डर अरविन्द जी के दस्ता में रहने की बात स्वीकार करते हुए कई उग्रवादी घटना में शामिल होने की बात स्वीकार किया है।

**गिरफ्तार अपराधियों का नाम एवं पताः** सुनील मुण्डा उर्फ भरत ,पतरातू कुरबिज टोला, थाना-पतरातू, जिला रामगढ़, रूपेश कुमार, न्यू मधुकम महुआ टोली, थाना सुखदेव नगर, जिला राँची।

**बरामद सामान का विवरणः** तीन देशी पिस्तौल,06 जिन्दा गोली, 01 टेक्नो कम्पनी का मोबाईल आदि।

वहीं छापेमारी दल में डीएसपी खिलाडी रामनारायण चौधरी, थाना प्रभारी विजय सिंह सहित मांडर अचल पुनि शशि भूषण सहित कई शामिल थे।

# दो सगी बहनें ऑटो से लापता

**परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के सेंट्रल स्ट्रीट के रहने वाली दो सगी बहनें लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटा टोली स्थित मंगल टावर के पास से अचानक लापता हो गई। इस मामले में थाना में मामला दर्ज कराया है।पुलिस छानबीन में जुट गई है। आवेदक अल्तमस जहां ने पुलिस को दिए आवेदन में कहा है कि उसकी दोनों बहनें रहनुमा और अमरीना आधार कार्ड अपडेट कराने के लिये दोपहर साढ़े बारह बजे घर से निकलकर कांटाटोली स्थित मंगल टावर गई थीं। दोनों वहां पहुंचीं या नहीं, इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन अचानक दोपहर लगभग 1:20 बजे पिता के मोबाइल पर एक बहन ने रोते हुए फोन किया। कहने लगी कि ऑटो रिक्शा वाला फोन व बैग छीन रहा है। इसके बाद तुरंत मोबाइल बंद हो गया। काफी प्रयास के बाद भी दुबारा फोन नहीं लगा। इसके बाद दोनों बहनों की खोजबीन शुरू हो गई। इस घटना के बाद पूरा हिंदपीढ़ी में हडकंप मच हुआ है और पुलिस के हाथ अब तक खाली है। परिजन परेशान है और मुहल्ला में हर



तरह की कयास लगाये जा रहे हैं। अब ये अपहरण है या कुछ और पकड़े जाने के बाद ही सच्चाई सामने आयेगी। फिलहाल सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने टीम गठित कर दिया हैं। पुलिस ने सभी ऑटो चालकों से पूछताछ शुरू कर दिया गया है। मोबाइल का आखिरी लोकेशन ओरमांझी क्षेत्र का बताया जा रहा है। साथ ही यह भी देखने वाली बात है कि 12:30 से 1:20 जो समय का अंतर है इतने कम समय में हिंदपीढ़ी से कांटा टोली मंगल टावर आना आधार कार्ड अपडेट कराने यह छानबीन के बाद पता चलेगा कि इतना जल्दी भीड़ भाड़ वाले इलाके से कम समय में कैसे पहुंची। वे कांटा टोली क्षेत्र से फोन की या फिर सेंट जेवियर्स के पास ऑटो स्टेंड से या फिर कहीं और दूसरे जगह से यह सच्चाई ऑटो चालक के पकड़े जाने के बाद ही पता चलेगा।

## स्वामी विवेकानंद की 163 वी जयंती धूम धाम से मनाई गयी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारत के प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु एवम् युवाओ के प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के तौर पे पूरे भारत वर्ष मे बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाई गयी.राजधानी रांची के डोरंडा मे अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा के नेतृत्व मे विवेकानंद महोत्सव समिति द्वारा भव्य रूप से स्वामी विवेकानंद की जयंती का आयोजन किया गया. मौके पर रामकृष्ण मिशन के स्वामी अंतरानंद ने स्वामी विवेकानंद को पुष्प अर्पित कर श्रृदांजलि दी साथ ही साथ युवाओ को संदेश देते हुए कहा की स्वामी विवेकानंद के बताए गए मार्ग पर चले और देश के विकास मे अपनी एक अहम भूमिका निभाए. कार्यक्रम मे रांची विधायक सीपी सिंह, हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, मुख्य संरक्षक कुणाल आजमानी, वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे, संरक्षक राजीव चटर्जी, संरक्षक मुनचुन राय , वरिष्ठ सलाहकार प्रमोद मिश्रा, संरक्षक आलोक साहू , भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, भाजपा नेत्री कुमुद् झा, भाजयुमो महानगर अध्यक्ष रोमित् नारायण सिंह मौजूद रहे . कार्यक्रम को सफल बनाने मे अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा, कार्यक्रम प्रभारी नीतीश मिश्रा,मीडिया प्रभारी सौरभ राय, महामंत्री नीतीश सिंह, संयोजक आशुतोष सिंह, निशांत चौहान, दुर्गेश यादव, कुशाग्र सिंह राजपुत , आरती गुप्ता, सलोनी श्रीवास्तव एवम् अन्य सदस्यो का अहम योगदान रहता है।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत दी गई जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री रांची के आदेशानुसार एवं जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची अखिलेश कुमार के निदेशानुसार रोड़ सेफ्टी मैनेजर रांची जमाल अशरफ खान ने 12 जनवरी 2025 को मोराबादी मैदान में यूथ फाउंडेशन के साथ मिलकर प्रभात फेरी का आयोजन किया जिसमें मोराबादी मैदान में आने वाले लोगों को सड़क सुरक्षा से जुडे नियमों की जानकारी दी ।

उन्होंने जोर देकर कहा कि बाईक चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें, साथ ही सड़क पर गाड़ी चलाते समय दुसरे चालक के




सेफटी का भी ख्याल रखना चहिए। सड़क पर घायल व्यक्ति के मदद करने करने की अपील की और बताया कि दुर्घटना होने पर जल्द से जल्द 108 पर कॉल कर एंबुलेंस को बुलाएं और एक नेक नागरिक बने,सरकार के द्वारा प्रत्येक नेक नागरिक को 1500 से 5000 की प्रोत्साहन राशि 5000/- प्रदान की जाती है।

## सर्दी में जरूरतमंदों की मदद के लिये कपडा वितरण अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बीआईटी मेसरा लालपुर परिसर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने रांची रेलवे स्टेशन और पहाड़ी टोला में एक सफल कपड़े वितरण अभियान चलाया। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद व्यक्तियों को आवश्यक सर्दियों के कपड़े प्रदान करना और परिसर समुदाय के भीतर सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। वितरण से पहले, कपड़ों का दान अभियान चलाया गया, जिसमें छात्रों, संकाय सदस्यों और स्थानीय निवासियों से उदारतापूर्वक योगदान प्राप्त हुआ। एनएसएस स्वयंसेवकों ने कुशलतापूर्वक दान किए गए कपड़ों को एकत्र किया, छांटा और वर्गीकृत

**एनएसएस स्वयंसेवकों ने कुशलतापूर्वक दान किए गए कपड़ों को एकत्र किया**

किया ताकि कुशल वितरण सुनिश्चित हो सके। 15 से अधिक उत्साही एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से अभियान में भाग लिया, जिसने सफलतापूर्वक 50 से अधिक व्यक्तियों की सहायता की। एनएसएस कार्यक्रम प्रमुख डॉ. अभय रंजन श्रीवास्तव ने ह्रितिका, आर्यन, अभिषेक, साक्षी, आस्था, राहुल, ऐश्वर्या, अनन्या, आशीष जैसे स्वयंसेवकों को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया और कार्यक्रम के सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया।

## विवेकानंद के विचार भारत ही नहीं, पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्रोत : राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और उनके विचार केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्रोत हैं। राज्यपाल युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती पर रामकृष्ण मिशन आश्रम के तत्वावधान में आयोजित 54वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से स्कूली विद्यार्थियों एवं कॉलेज छात्रों के लिए आयोजित क्विज, निबंध आदि प्रतियोगिताओं की सराहना की और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। साथ ही स्वामी विवेकानंद के आदर्श ÷मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है÷ का उल्लेख करते हुए मिशन के शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला




सशक्तिकरण और सामाजिक कल्याण के कार्यों की सराहना की। राज्यपाल न स्वामी विवेकानंद के उद्धरण उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए÷ का उल्लेख करते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और आत्म-निर्धारित बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद महिला सशक्तिकरण के प्रबल पक्षधर थे और उन्होंने समाज के उत्थान में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये युवाओं को सशक्त और प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षण संस्थानों से स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को शिक्षा के माध्यम से प्रसारित करने का आह्वान किया ताकि युवा समाज के प्रति जिम्मेदार और समर्पित नागरिक बन सकें। राज्यपाल ने समारोह में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और रामकृष्ण मिशन को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी।

## अमन कम्युनिटी हॉल में जरूरत मंदों को कम्बल वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अमन युथ सोसाइटी एवं निवर्तमान वार्ड पार्षद 22 की नाजिया असलम के सौजन्य से लगभग 2000 गरीब जरूरतमंदों लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद सह अमन यूथ सोसाइटी के संरक्षक मो असलम ने कहा कि आज से एक सप्ताह पूर्व नगर निगम के द्वारा वार्ड पार्षद के माध्यम 140 कम्बल का वितरण किया गया था, जो इतनी बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त नहीं था ,




इसीलिए अमन यूथ सोसाइटी के सदस्यों ने यह निर्णय लिया कि सर्दी ज्यादा है और गरीबो को ठंड से बचाने के लिए कम्बल वितरण करना आवश्यक है इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए लगभग 2000 हजार वृद्ध-वृद्धा जरूरतमंद गरीब लोगो में कम्बल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता हुस्ना बेगम महिलाओं को कम्बल देकर कार्यक्रम का शुरुआत किया । इस मौके पर अमन यूथ सोसाइटी के कार्यवाहक सचिव नदीम इकबाल, डायरेक्टर शकील राही, उपाध्यक्ष मो अकबर(मुन्ना)अब्दुल बारी, विलियम टोप्पो, मोहम्मद इरफान मो अहसान , मो हारुन, फिरोज अख्तर रैंबो, अल्तमश मुन्ना , डोगा, मो मुस्लिम , मो आरजू , अफरोज आलम, मो आशिक मो अकबर , मोहम्मद इस्लाम मौजूद थे।

## सेवा समर्पण दौड़ सह स्वास्थ्य शिविर संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सेवा भारती झारखण्ड के तत्वावधान में 15वां किसान मेला,स्वास्थ्य शिविर सह सेवा समर्पण दौड़ की निर्णायक प्रतियोगिता अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत जोन्हा के ग्राम गुड़ीडीह स्थित सेवा धाम परिसर में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि देश की प्रगति किसानों एवं युवाशक्ति के हाथों में है। आज स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए प्रदीप वर्मा ने स्वामी जी के संदेश शक्ति ही जीवन है, निर्बलता मृत्यु है ÷ को अपने जीवन में उतारने पर जोर दिया। सेवा भारती अपने विभिन्न सेवा आयामों के माध्यम से ग्राम विकास का कार्य कर रही है। सेवा भारती के मार्गदर्शन में कई प्रगतिशील किसान जैविक खेती कर के लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। सुदूर ग्रामीण अंचलों में संस्था द्वारा स्वास्थ्य सेवा दी जाती है। खेलकूद, दौड़, योगासन के क्षेत्र में भी कई प्रतिभाओ को संवारने का कार्य हो रहा है। सेवा भारती के एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर में नागरमल मोदी सेवा सदन,रिम्स, रांची के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 235 जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य परामर्श दिया गया एवं आवश्यक दवाएं मुहैया कराई गई। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनानें में डॉ के पी सिन्हा,डॉ मनीष कुमार,डॉ कर्नल प्रमोद , डॉ देवेश कुमार, डॉ ए के सिंह, डॉ वाई ए लाल, डॉ नीलम टोप्पो, डॉ जैद, डॉ रोहित कुमार सहित श्रद्धानंद पाठक की भूमिका रही।

## एबीवीपी ने विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया

**रांची :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हुए महानगर के विभिन्न शैक्षणिक परिसरों में रविवार को कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया। राम लखन सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एबीवीपी ने वर्तमान परिदृश्य में विवेकानंद के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी एवं विकसित भारत में युवाओं की भूमिका विषय पर इंस्टीट्यूट आफ लीगल स्टडीज में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# राउंडटेबल के नैशनल प्रेसिडेंट चैतन्य देव सिंह का राँची में हुआ स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राउंडटेबल इंडिया के नैशनल प्रेसिडेंट चैतन्य देव सिंह का राउंडटेबल एवं लेडीज़ सर्कल राँची के तीनो इकाई द्वारा स्वागत किया गया।राँची समारीटन राउंडटेबल, राँची ऐंकरेज राउंडटेबल एवं उटोपियन राउंडटेबल एवं लेडीज़ सर्कल के सदस्यों के साथ नैशनल प्रेसिडेंट चैतन्य देव सिंह ने अगले तीन महीने का एजेंडा डिस्कस किया। साथ ही अबतक राउंडटेबल द्वारा राँची में निर्मित सभी स्कूल एवं क्लासरूम की सराहना की। राउंडटेबल इंडिया के एरिया चेयरमैन कशिश व्यास भी साथ मौजूद रहे। राँची समारीटन राउंडटेबल



के चेयरमैन अविनाश जैन ने राँची में राउंडटेबल द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो एवं स्कूल निर्माण कार्य का ब्योरा दिया। राउंडटेबल के सहयोग से चल रहे रोटी बैंक का दौरा किया। उन्हें यह बताया गया कि राउंडटेबल ने पिछले छह महीने में अबतक पचास रोटी बैंक रात्रि शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक किया है।विभिन्न कार्यक्रमों में नैशनल प्रेसिडेंट चैतन्य देव सिंह के साथ राँची के राउंडटेबल के सदस्यगण अविनाश जैन, अरविंद राजगढ़िया, आकाश खोसला, संचित राजगढ़िया,आयुष मोदी, निखिल जैन, पौरुष जैन, कशिश व्यास, यश वर्धित सिंह, सन्नी केडिया, आलोक गेरा, पीयूष सरावगी,नीतीश जयसवाल, राहुल सिंघानिया, आकाश सेठी, अनिरुध सरावगी, देवांश गरोडिया, प्रीति सराफ, नेहा खेमका, शुभम साबू, रितेश गुप्ता, अनीश सराफ, मनीष जैन, संदीप खेमका, संचित सिंघानिया, विवेक जैन, चेतन जैन, साकार मोहता, आदित्य अग्रवाल, आदित्य कटारुका, सन्नी केडिया, कुशल मानेक, मयंक जयसवाल, सिद्धांत सुमन, सिधार्थ चौधरी, आशीष टेकरिवाल, अरिहंत सेठी, प्रतीक अड्डूकिया समेत कई अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# अवैध शराब जब्त, पुलिस ने किया एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रातु थाना अंतर्गत सूर्या नगर कमड़े स्थित मुहल्ला स्थित एक मकान में हीं अवैध रूप से विभिन्न कम्पनियों का नकली अंग्रेजी शराब तैयार कर दूसरे राज्यों एवं स्थानीय स्तर पर भारी मात्रा में विक्री किया जा रहा है एवं रात्री भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब को दुसरे राज्य में ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राँची के द्वारा पुलिस उपाधीक्षक मु0 द्वितीय राँची के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सूर्या नगर कमड़े स्थित मुहल्ला स्थित एक मकान में छापामारी की गयी जहां से से भारी मात्रा में शराब व शराब बनाने/पैक करने की सामग्री एवं परिवहन में उपयोग में लाये जाने वाले 04 वाहनों को बरामद की गई है। तथा एक व्यक्ति को घटनास्थल से गिरस्तार किया गया है। जिस सम्बन्ध में रातु थाना कांड सं0



17/25, 12. 01.2025 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पताः** हेमराज साव उर्फ डब्लू बरगडा थाना कटकमसांडी जिला हजारीबाग वर्तमान सा:झिरी, रवि स्टील थाना रातु जिला राँची।

**छापेमारी दल का सदस्यः** पु0अ0नि0 नवीन शर्मा (रातु थाना) पु0अ0नि0 छोटु कुमार (रातु थाना) पु0अ0नि0 संतोष कुमार यादव (रातु थाना) पु0अ0नि0 अनुरंजन कुमार (रातु थाना) पु0अ0नि0 अनुप कुमार (रातु थाना) स0अ0नि0 उज्जवल कुमार सिंह (रातु थाना)सा0आ0 943 शशि कान्त दुबे एवं रातु थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# रंगमण्डल एवं नाट्य अकादमी ने स्वामी विवेकानंद को किया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कला सांस्कृतिक शोध संस्थान रंगमण्डल एवं नाट्य अकादमी द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम हरमू स्थित कार्यालय, रांची में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी महाविद्यालय, खूंटी के दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ मंजूषा पूर्ति उपस्थित रहे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन और शिक्षाओं के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संदेश आज भी युवाओं को प्रेरित करता है और आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण तथा सामाजिक उत्थान के लिए मार्गदर्शक है। कार्यक्रम में संस्था के सचिव डॉ दीपक प्रसाद भी उपस्थित रहे। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों और उनकी शिक्षाओं को वर्तमान समाज के संदर्भ में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अंत में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर आधारित चर्चा का आयोजन हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों ने अपने विचार साझा किए। संस्था के इस आयोजन को सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से काफी सराहनीय माना गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित श्रीमान रामेश्वर राम गौंझू, अरुण कुमार कश्यप, अधिश्री प्रसाद, संतोषी कश्यप, शांति बढाईक, अद्विक कुमार, अक्षिता कश्यप, विकास आईन्द, यशस्वी कश्यप, अंश लकड़ा, हृदय नारायण, बिरसी देवी, आदि लोग उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत शिक्षक को स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत पॉल स्कूल रांची से रिटायर्ड शिक्षक और पेंशनर समाज इटकी के संस्थापक सदस्य मो इकबाल (70) के निधन के बाद रविवार को सैकड़ो लोगों ने नम आंखों से इटकी मुख्य कब्रस्तान में जनाजे की नमाज के बाद सुपुर्दे खाक किया गया। प्रातः दस बजे इटकी जाफर मस्जिद महौल्ला स्थित उनके पैतृक आवास से अंतिम यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो लोग शामिल हुए। ज्ञात हो कि शनिवार को रांची स्थित अंजुमन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था।

## सिल्ली क्षेत्र में हाथीयों के पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली में तीस हाथियों का दल रविवार को सबेरे ही चातम बाड़ी व सारजमडीह के बीच बोरनाटांड़ गांव के निकट आ धमका। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। शनिवार को ही गोडाडीह की एक महिला को हाथियों ने घायल कर दिया था। उसके बाद से ही लोग डरे हुए है। हाथियों के आने की सूचना के बाद वन विभाग के हाथी भगाओ दल हाथियों को खदेड़ने में जुट गए। वन विभाग के गौतम बोस ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद सभी हाथियों को जंगलों के रास्ते होकर कोरम्बे होते हुए गोला क्षेत्र के जंगलों में प्रवेश करा दिया गया है।इसके बाद से लोगों ने राहत की सांस ली है। इधर, लोटा क्षेत्र के ग्रामीणों ने रविवार की शाम बताया है कि कुछ हाथी लोटा बुरू के जंगलों में शरण लिए हुए है। इसलिए इस इलाके के समीपवर्ती गांव में अब भी डर का माहौल है। लोटा क्षेत्र के ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों से सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

## 75 दिव्यांग और वृद्ध जनों के बीच निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण किया गया



**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो ब्लॉक परिसर में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति और जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के सौजन्य से आयोजित निःशुल्क सहायक उपकरण का वितरण किया गया,जिसमें कान की मशीन,बैसाखी,वॉकिंग स्टीक इत्यादि निशुल्क वितरण किया गया। यह कार्यक्रम 11 और 12 जनवरी तक था। सहायक उपकरण श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति एवं जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के सौजन्य से निशुल्क उपलब्ध कराया गया,शिविर आयोजन कर्ता अफरोज अंसारी (दिव्यांग समाज सेवी), सहयोग कर्ता अब्दुल्ला अंसारी,इस्तियाक अंसारी, सुधु मुंडा,संदीप तिर्की,शम्स अहद,इरशाद खान,मंगलेश्वर उरांव का महत्वपूर्ण योगदान रहा,साथ ही जुलफान अंसारी,अफसर अंसारी,संजय गोप एवं बहुत सारे समाज सेवी उपस्थित थे।

## इस देश का भविष्य एक युवा ही बदल सकता है, देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं : जैलेन्द्र कुमार



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):**युवा दिवस के अवसर पर जशपुरिया बीएड कॉलेज परिसर में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, विशिष्ट अथिति प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार मिश्रा मौजूद रहे. मौके पर जैलेंद्र कुमार ने कहा कि इस देश का भविष्य एक युवा ही बदल सकता है, देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। युवाओं के लिए शिक्षा ही सबसे अच्छा साधन है क्योंकि विवेकानंद युवा के साथ साथ एक शिक्षित और ज्ञानवान प्रखर वक्ता भी थे। युवाओं के लिए जरूरी नहीं कि वह हिमालय पर चढ़े या धर्म संसद में जाए, महान बनने के लिए माता -पिता व गुरु का सम्मान और लोगों की मदद करना चाहिए। एवं युवाओं को उनके मार्ग दर्शन पर चलने की अपील की। यहां पहुँचे अथितियों का बुके देकर स्वागत किया गया. मौके पर पंचम भोगता, शिबू बेदिया, मधु कुमारी, प्रिया कुमारी, ज्योति कुमारी, काजल कुमारी, रिमझिम कुमारी, काजल गोस्वामी, अजय कुमार सहित सैकड़ों युवा उपस्थित हुए।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया



**अनगड़ा :** आर.टी.सी पुब्लिक स्कूल अनगड़ा मे हर्षोल्लास के साथ रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया. विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 39 वर्ष की अल्प आयु में ही विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति का प्रचार किया तथा अपनी ओजस्वी वाणी से समस्त संसार को नया मार्ग बताया। धर्म संसद में उन्होंने कहा कि भारत सारे विश्व का मार्गदर्शक रहा है लेकिन भारतीयों को अपना स्थान कायम रखने के लिए आध्यात्मिकता को अपनाना होगा। मौके पर विद्यालय के क्लर्क चंद्र शेखर कुम्हार , प्रकाश महतो ,खेलन वेदिया, मेघनाथ महतो विद्यालय के छात्र आलोक कुमार महतो , आदित्य महतो, अमन बेली, अभिषेक कुमार, आदित्य राज, क्रिश पटेल ,साजन कुमार , रोहित कुमार महतो, दीपेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## टीएसपीसी का एरिया कमाण्डर सुनील मुण्डा उर्फ भरत जी दस्ता सदस्य रूपेश कुमार के साथ गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बुढ़मू :** पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक राँची को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित संगठन टी0एस0पी0सी0 का एरिया कमाण्डर सुनील मुण्डा उर्फ भरत जी दस्ता सदस्यों के साथ बुढ़मू थाना क्षेत्र के चैनगड़ा खुटेर मैदान में किसी उग्रवादी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से एकत्रित होकर योजना बना रहे हैं। प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक राँची एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राँची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक, खलारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा बुढ़मू थाना क्षेत्र के चैनगड़ा खुटेर मैदान का घेराबंदी कर छापामारी किया गया तथा भागने के क्रम में टी0एस0पी0सी0 का एरिया कमाण्डर सुनील मुण्डा उर्फ भरत जी को अवैध हथियार, गोली, मोबाइल एवं राउटर के साथ गिरफ्तार किया गया साथ ही सुनील मुण्डा उर्फ भरत जी के निशानदेही पर उक्त स्थल पर स्थित पेड़ में छिपाकर झोला में रखा हुआ दो देशी पिस्तोल एवं छः जिन्दा गोली बरामद किया गया। सुनील मुण्डा उर्फ भरत जी से पुछताछ करने पर वह बताया कि यह टीएसपीसी का एरिया कमाण्डर है तथा यह सबजोनल कमाण्डर अरविन्द जी के दस्ता के साथ क्षेत्र में रंगदारी माँगने का कार्य करता है। यह क्षेत्र के जमीन कारोबारी, क्रसर मालिक, ईट भट्ठा मालिक तथा विकास कार्य में लगे ठीकेदारों से रंगदारी के रूप में मोटी रकम माँगता है और नहीं देने पर कार्य स्थल पर जाकर आगजनी, तोड़फोड़, एवं फायरिंग की घटना को अंजाम देता है। यह सबजोनल कमाण्डर अरविन्द जी के आदेश पर बुढ़मू थाना क्षेत्र के डड़िया में जमीन मालिक द्वारी रंगदारी नहीं देने के कारण दस्ता सदस्यों के साथ मिलकर स्थल पर जाकर तोड़फोड़ एवं फायरिंग किया था। वर्ष 2024 के सितम्बर महीना में यह ठाकुरगाँव थाना क्षेत्र क कुर्मी टोला मे जमीन बाउण्ड्री निर्माण में रंगदारी माँगा था तथ नहीं देने पर फायरिंग की घटना किया था । वर्ष 2024 के मार्च महीना में ठाकुरगाँव थाना क्षेत्र के काटमकुली में जमीन कारोबारी के स्थल पर जाकर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। वर्ष 2024 के मार्च महीना में ही पिठोरिया थाना क्षेत्र के रहड़ा में वाटर पार्क निर्माण में रंगदारी माँगा था तथा नहीं मिलने पर फायरिंग कर दहशत फैलाया था। वर्ष 2023 में ही भुरकुण्डा ओ0पी0 क्षेत्र के बड़का सियाल सीसीएल खदान से रंगदारी माँगा था तथा रंगदारी नहीं मिलने पर खदान में खड़े वाहनों में आग लगा कर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था।

## सिल्ली पुलिस ने 10 एकड़ क्षेत्र में लगी अफीम की खेती को किया नष्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिल्ली :** अफीम की खेती अब तमाड़ क्षेत्र से धीरे धीरे सिल्ली में भी पैर पसारने लगी है। सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव के नेतृत्व में सिल्ली पुलिस ने रविवार को दोपहर थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव के निकट राढु नदी के किनारे करीब दस एकड़ जमीन पर लगी अफीम की खेत को नष्ट कर दिया। पुलिस की टीम पूरे दिन अफीम की खेती को नष्ट करने में जुटी रही। खेती को जुताई कर नष्ट करने के लिए 6 ट्रेक्टर भी लगाए गये थे। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जंगल झाड़ी क्षेत्र के अलावे रैयतों के जमीन पर भी अफीम की खेती पाई गई है। जांच के बाद जरूरी करवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से आग्रह किया है कि इस नशे के कारोबार को बढ़ावा नहीं दें। पुलिस को इस अभियान में सहयोग करें। इस अभियान में थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, एस आई रामदेव कुमार यादव, मुकेश कुशवाहा, विकास कुमार पासवान, उदय कुमार सिंह, एएसआइ बिनोद चौधरी, पुरमल हेमरोम थाना के पुलिस बल एवं पुलिस कर्मी शामिल थे।

## सिल्ली कालेज सिल्ली में स्वामी विवेकानंद का जन्म दिन मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिल्ली :** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वामी विवेकानंद के 162वीं जयंती के अवसर पर युवा दिवस मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो तथा शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र परमाल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ अनंत कुमार महतो ने सभी को नववर्ष की शुभकामना के साथ विवेकानंद जी के जीवनी पर प्रकाश डाला, और कहा कि देश की नींव युवा शक्ति में ही निहित है। राष्ट्र के निर्माण एवं दिशा देने में युवाओं की सकती अहम है। स्वागत भाषण में एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने स्वामीजी से सीखनेवाले प्रमुख 5 बातों का उल्लेख किया जिसमें इंसान में दया का भाव होना चाहिए, अपने लक्ष्य पर ध्यान, नारी का सम्मान, गुरु को नहीं भूलना, एवं हंसी मजाक करते रहना आदि की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में निबंध व भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम इंदीपिका साहू को प्रथम, मनोज कुमार बनर्जी को द्वितीय एवं अनुपमा महतो को तृतीय । भाषण प्रतियोगिता में प्रथम सचिन महतो को प्रथम, प्रीति दत्ता को द्वितीय। वहीं क्विज प्रतियोगिता में बॉयज ग्रुप को संयुक्त रूप से विजई हुए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में अनुपमा महतो, कार्तिक पाहन, सचिन महतो, सीता कुमारी आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के छात्रा दीपिका साहू ने किया। धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस के अर्चना कोइरी ने की। इस मौके पर प्रो नकुल महतो, बिपिन, सुबोध, दुर्गेश , पशुपति, अनंत, त्रिभुवन, श्यामल दे शिक्षक, कर्मचारी एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## स्वर्गीय करमु महतो खिलाड़ी समागम का भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**नामकुम :** टाटीसिलवे युवा विकाश मंच द्वारा युवा महोत्सव के शुभ अवसर पर स्वर्गीय करमु महतो खिलाड़ी समागम का आयोजन ई ई एफ मैदान में किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः स्वर्गीय करमु महतो चौक बैंक मोड़ में पत्थर गडी के साथ मैराथन दौड़ का अयोजन किया गया।उसके उपरांत एक दिवशीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। इसमें आठ महिला टीम भाग ली। मैराथन दौड़ में प्रथम रौशन पाहन द्वितीय अरुण कुमार महतो तृतीय हेमंत कुमार महतो ने प्राप्त की।10 किलोमीटर का मैराथन दौड़ टाटीसिलवे चौक से ढ़ेलूवखुटा तक था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में खिजरी के विधायक सह झारखंड प्रदेश के उप नेता राजेश कच्छप, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता अशोक मिश्र,उप प्रमुख जयपाल हजाम,मुखिया कृष्णा पाहन,संदीप तिर्की,प्रधान किस्टो कुजूर,महिला नेत्री अर्चना मिश्रा,एक डब्लू पीटर,नीरज प्रमाणिक, तिजुआ पाहन, जितेंद्र सिंह,काशी महतो इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलकर युवा शारीर,मन मस्तिष्क को बढ़ाकर राज्य व राष्ट को आगे को बढ़ा सकता है।इस घड़ी में आंदोलकारी स्वर्गीय करमु महतो को नमन है।महिला फुटबॉल में सिल्ली स्पोर्ट्स अकादमी विजेता एवं युवा फुटबॉल क्लब उप विजेता रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी सह जे एम एस नेता मुकेश महतो,पंकज मिश्रा, जीतवाहन महतो,सुखराम महतो,विश्वनाथ महतो,सहदेव महतो,राम किशुन लोहरा,इस्तानीस उरांव, चैतु तिर्की,जितेंद्र करमाली,अमर महतो,राकेश,रोशन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।विजेता ,उपविजेता,सफल प्रतिभागियों को नगद,साइकिल, स्मार्ट वॉच,ट्रैकसूट, शू पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## बुंडू में पुर्व राज्यपाल रघुवर दास का भव्य स्वागत



**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू में आज झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास रांची से जमशेदपुर जाने के क्रम में ब्लॉक मोड़ स्थित पांडा होटल पहुंचे जहां बुंडू के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर एवं माला पहनकर स्वागत किया इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जो वादा किया है उसे पूरा करें राज्य में पेसा कानून को पूर्ण रूप से लागू करें इसके पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास बुंडू के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर पहुंचे एवं भगवान सूर्य की पूजा किया एवं राज्य की उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर भाजपा के कपिल महतो, महेंद्र नाथ शाहादेव,रीता देवी,सजल कुंडू अर्जुन महतो राम दुर्लभ सिंह मुंडा, रोशन महतो उर्फ प्रदीप महतो, राजकुमार महतो ,धीरेन महतो कैलाश हलवाई, सुबोध मुखर्जी,संजय मुंडा,गणेश कुम्हार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए : स्वामी विवेकानंद

# मारवाड़ी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददात**

**रांची :** उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए स्वामी विवेकानंद के इस प्रेरणादायक वाक्य को ध्यान में रखते हुए मारवाड़ी कॉलेज के वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन विभाग ने उनकी 162वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और शिक्षाओं से प्रेरित करना था। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में एम.कॉम और बी.कॉम के छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की। इनमें अलीशा, श्रुति, सना खान, ऋषिका, यति झा, साहिबा अख्तर, रूफी परवीन, आसिफ हुसैन, विकास, सैफ हसन, विकास सिंह, गौरव राज और अन्य छात्र शामिल थे। कार्यक्रम का समापन छात्रों और शिक्षकों द्वारा स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं का अनुसरण करने और जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के संकल्प के साथ हुआ। यह आयोजन भारत के महान युवा प्रतीक को श्रद्धांजलि था, जिनके विचार आज भी लाखों लोगों को प्रेरणा देते हैं।



अलीशा और यति झा ने उत्साहवर्धक और प्रेरणादायक भाषण दिए, जिनमें युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने और आत्मनिर्भरता व सशक्तिकरण की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया।

**अंकित शर्मा** ने उनके दर्शन के आध्यात्मिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

**डॉ. आफ़ताब जमील** ने छात्रों को विवेकानंद के साहस और समर्पण को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

**कृष्ण कांत** ने स्वामी विवेकानंद की युवावस्था में मिली सफलता पर चर्चा की और छात्रों से उनके जीवन के पाठों को आत्मसात करने का आग्रह किया।



**डॉ. आर.आर. शर्मा,** प्रोफेसर-इन-चार्ज, उप प्राचार्य और वाणिज्य विभागाध्यक्ष व डीन ने स्वामी विवेकानंद के 1893 में शिकागो में दिए गए ऐतिहासिक भाषण पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह भाषण न केवल सभी धर्मों के बीच सद्भाव का प्रतीक बना, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की संस्कृति और ज्ञान को पहचान दिलाने वाला भी था। डॉ. शर्मा ने स्वामी विवेकानंद और उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस के गहरे आध्यात्मिक संबंध पर भी चर्चा की, जिन्होंने विवेकानंद को उनके जीवन का मार्गदर्शन दिया।

## पिपरवार में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में रविवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई।इस अवसर पर कोयलांचल क्षेत्र के कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर स्वामी विवेकानंद जी को श्रद्धांजलि दी गई।पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में जयंती समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया,जिसके बाद उपस्थित स्कूल के सभी शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्या डॉक्टर आर चौधरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवा नेता थे,जिन्होंने शिकागो में अपने भाषण से भारत का गौरव बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज या राष्ट्र की मूलभूत चेतना उसकी युवा शक्ति होती है।उन्होंने कहा कि शिक्षा ही किसी समाज और व्यक्ति के विकास की आधार होती है।उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए एक आदर्श है। उनकी विचारधारा विशेष कर युवाओं को प्रेरित करती है और उनके जीवन को आकर देने मे मदद करती है।वर्तमान में स्वामी जी के दिखाएं मार्ग पर चलकर उनके सपनों को सरकार करना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इस मौके पर छात्रा नौरीन जहां ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके विचारो को रखा।इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## बेती में प्रजापति युवा संगठन द्वारा मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेती मे प्रजापति युवा संगठन के द्वारा सामाजिक मिलन समारोह सह सामूहिक वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश प्रजापति एवं संचालन हेमराज प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में प्रजापति युवा संगठन द्वारा समाज में फैली कुरीतियों एवं समाज के उत्थान सहित शिक्षा के प्रति लोगों को जागरुक किए जाने को लेकर विचार विमर्श किया।इसके पश्चात बेंती पंचायत के प्रजापति युवा संगठन के सभी सदस्य द्वारा सामूहिक वनभोज का लुत्फ उठाया।कार्यक्रम मे सभी सदस्यों को एकजुट होकर समाज को आगे लेकर जाने के पर चर्चा किया गया, जिससे समाज के सभी सदस्य मिल जुलकर रहे और किसी भी तरह का मतभेद नही हो।समाज के द्वारा बच्चो की पढ़ाई लिखाई पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया ताकि बच्चे आगे चलकर एक जिम्मेदार नागरिक के रूप मे काम करे और नाशमुक्ति को लेकर जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रजापति युवा संगठन के अध्यक्ष सिकेन्द्र प्रजापति,सचिव अजय प्रजापति,राजेश प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, हेमराज प्रजापति,खजांची प्रजापति, सुखदेव प्रजापति,अकल प्रजापति,साधन प्रजापति, जगू प्रजापति,सुगन प्रजापति,उमेश प्रजापति, प्रेम प्रजापति,दिलीप प्रजापति,छोटू प्रजापति, महेंद्र प्रजापति,विजय प्रजापति,कृष्णा प्रजापति, संजय प्रजापति,अरुण प्रजापति,नितेश प्रजापति, संतोष कुम्हार,भोला प्रजापति,राजू प्रजापति, शशिकांत प्रजापति,प्रदीप प्रजापति,रोहित प्रजापति, संतोष प्रजापति,मुकेश प्रजापति,निखिल प्रजापति, आयुष प्रजापति,लकी प्रजापति अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## तमाड़ क्षेत्र में जमकर हो रही है गौवंश की तस्करी

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र से इन दिनों गौवंशो की तस्करी जमकर हो रही है। लोग चौक चौराहों पर दबी जुबान पर तस्करी पर लगाम लगाने की चर्चा कर रहे है। गौवांशो की तस्करी का कार्य शाम ढलते ही शुरू हो जाती है। और जंगलों के रास्ते स्थानीय माफियाओं की मिली भगत से पं बंगाल पहुंचाया जाता है। वहीं प्रशासन की आंखों के नीचे से उलीडीह मोड़ और रडगांव पर देर रात एन एच 33 पार कराया जाता है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि एक तस्कर चार पांच बैल को हाक कर ले जाते है। उनके पीछे दर्जनों तस्कर सैकड़ों बैल को खदेड़ते है। इस दौरान तस्करों को पकड़ने के लिए कई बार पुलिस छापेमारी करती है। लेकिन तस्कर अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकलते है। बताया जाता है कि सप्ताह में दो दिन रविवार एवं गुरुवार को तस्करों द्वारा व्यापक पैमाने पर खरसावां सहित खूंटी क्षेत्र से अवैध रूप से गोवंश तस्करी करते हुए तमाड़ के जंगली रास्तों से होते हुए बंगाल की बॉर्डर पर पहुंचाया जाता है।

## आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के बच्चों ने हिरनी फॉल का लिया मजा



**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो छेत्र स्थित आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के 100 छात्र-छात्राओं को रविवार को शैक्षणिक भ्रमण सह पिकनिक पर ले जाया गया। उन्हें सड़क मार्ग खूंटी होते हुए झारखन्ड के गोद में स्थित खूबसूरत हिरनी जलप्रपात का भ्रमण कराया गया। जहां बच्चों ने झारखंड की खूबसूरत वादी को देखकर काफी खुश हुवे साथ ही नए साल के शुभ अवसर पर पिकनिक का जम कर आनंद लिए और सामूहिक भोज भी किया। इस बीच स्कूल के प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को विद्यालय की पढ़ाई के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण भी बहुत जरूरी होता है ।जिसके माध्यम से बच्चों का मानसिक विकास और तेजी से होता है। बच्चे भविष्य को बेहतर बनाने में एक अच्छा मौका भी शैक्षिक भ्रमण के जरिए ढूंढ सकते हैं। शैक्षणिक भ्रमण को अंतिम रूप देने में सद्दाम हुसैन और कलीमुल्लाह अंसारी का बहुत बड़ा भूमिका रहा। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक दिलीप कुमार फादर अंकित डोनाटस संजय उरांव बुद्धदेव उरांव मेराज अंसारी मेहरुशी अजीज अजमेरी खातून पुनीता कुमारी संजना कुमारी प्रीति कुमारी सोनाली उरांव सीमा उरांव रेहन्नुम प्रवीण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बिरसा कॉलेज मैदान गूंजा युवाओं के उत्साह से, राष्ट्रीय युवा दिवस पर खेलों का आयोजन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा खेलो भारत के तहत राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर बिरसा कॉलेज मैदान में आयोजित खेलो महाकुंभ ने पूरे जिले में उत्साह की लहर दौड़ा दी। इस महाकुंभ के तहत जिला स्तरीय हॉकी, कबड्डी और क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेलो महाकुंभ का शुभारंभ दीप प्रज्वलान कर बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, विशिष्ट अतिथि सकलदीप भगत राष्ट्रीय जनजाति प्रमुख प्रमोद रावत, डॉक्टर चंद्र किशोर भगत, सोशल मीडिया प्रभारी गुड्डू राय, खेलो भारत झारखंड के संयोजक गौरव जी तथा जिला संयोजक प्रकाश टुटी ने संयुक्त रूप से किया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने युवाओं को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया और कहा कि खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वे देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। खेल न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए बल्कि समाज के विकास के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं। खेलों से युवाओं में अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं। खिलाडियों को अफीम के प्रति जागरुक करते हुए अफीम की खेती न करने का

## लेपाटांड़ आजीविका संकूल भवन में ताला तोड़कर सामान की चोरी

**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के लेपाटाड़ गांव में शनिवार की रात को अज्ञात चोरों द्वारा लेपाटांड़ आजीविका महिला संकूल संगठन के भवन का ताला तोड़कर भवन में रखे 4 कुर्सी,दो गद्देदार कुर्सी, ड्राम, बाल्टी,गैस दरी आदि समानों को चोरी कर लिया गया है। आजीविका महिला मंडल के सक्रिय सदस्य झुनु मंडल ने बताया कि रविवार सुबह देखा गया कि लेपाटाड़ आजीविका महिला संकूल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का ताला तोड़ा हुआ है और कुर्सी आदि सभी समान गायब है। उन्होंने कहा कि संगठन के महिलाओं द्वारा इसकी लिखित शिकायत ईचागढ़ थाना को दिया गया। मालुम हो कि इन दिनों थाना क्षेत्र में चोरी का घटना काफी बढ़ गया है। कई गांवों में अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर घर में रखे समानों को चोरी कर लिया जा रहा है।

## पटमदा मुख्य सड़क पर अंडा से लदा ट्रक पलटा, चालक घायल

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : टाटा-पटमदा मुख्य सड़क में रविवार की अहले सुबह पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत पांचियाडीह के समीप बीच सड़क पर अंडा से लदा एक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक घायल हो गया है जिसे पटमदा पुलिस ने माचा स्थित सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया है। सड़क के बीचों बीच सुबह करीब 6 बजे से ट्रक के पड़े रहने से घंटों रोड ब्लॉक हो गया है और बड़ी वाहनों का आवागमन बंद हो गया। लोग बाईपास सड़कों का उपयोग करके आवागमन कर रहे थे। खासकर दिहाड़ी मजदूरों, सब्जी विक्रेताओं व हाथीखेदा मंदिर जाने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पटमदा थाना के अवर निरीक्षक गोपाल कुमार ने घटनास्थल का दौरा करने के पश्चात ट्रक को साइड करवा दिया है जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली।

## साकची अग्रसेन भवन में शाकंभरी माता का 11वां वार्षिक महोत्सव आज

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : श्री शाकंभरी माता का 11वां वार्षिक महोत्सव सह मंगलपाठ का भव्य आयोजन 13 जनवरी सोमवार को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में होगा। इसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। इसका आयोजन श्री शाकंभरी माता परिवार टाटानगर द्वारा किया जा रहा हैं। इस संबंध में संस्था की अध्यक्ष नीतू हरनाथका ने बताया कि सोमवार को दोपहर 03.30 बजे से मंगलपाठ का शुभारंभ होगा। मंगलपाठ का वाचन भजन गायक मनोज शर्मा मोनू करेंगें। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में संस्था की सभी महिलाएं लगी हुई हैं।

## 1986 बैच के एबीएमपी हाई स्कूल के सहपाठियों ने मनाया वनभोज



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : राहरगोड़ा स्थित एबीएमपी हाई स्कूल के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने गोविंदपुर आसनबनी स्थित फार्म हाउस में वन भोज मनाया ।1986 बैच के पास आउट लगभग 30 विद्यार्थियों ने वन भोज में दिन भर मौज मस्ती की। इसमें शहर से बाहर रहने वाले भी कई छात्र उपस्थित होकर वन भोज में चार चांद लगा दिए। सुबह नाश्ते के बाद शुरू हुआ कार्यक्रम दोपहर में गीत संगीत में तब्दील हो गया। अंताक्षरी के बहाने सभी ने अपनी गायिकी का परिचय दिया । दोपहर के बाद लजीज भोजन का आनंद उठाते हुए सभी अपने-अपने घर सकुशल प्रस्थान किये।

## टाटानगर बरकाकाना पैसेंजर 15 जनवरी को नही चलेगी


**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए ब्लॉक लिया गया है जिससे ट्रेन संख्या 08151/08152 टाटानगर -बरकाकाना - टाटानगर पैसेंजर को 15 जनवरी को रद्द किया गया है। वहीं ट्रेन संख्या 18428 आनंद विहार टर्मिनल - पुरी एक्सप्रेस, 12 जनवरी को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर 3 घंटे 15 मिनट विलम्ब से आनंद विहार टर्मिनल से प्रस्थान करेगी। साथ ही ट्रेन संख्या 22892 रांची - हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस, 16 जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग कोटशीला - पुरुलिया टाटानागर - खड़गपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग कोटशीला - राजाबेडा - जमुनियाटाँड़ - आद्रा - मेदिनीपुर - खड़गपुर होकर चलेगी।

## भाजपा के बासुदेव मंडल को पितृशोक, कोल्ड डायरिया की वजह से गई जान



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : भाजपा के पटमदा मंडल अध्यक्ष सह पटमदा के बामनी गांव निवासी बासुदेव मंडल के पिता खगेंद्र नाथ मंडल की मौत कोल्ड डायरिया की वजह से रविवार की दोपहर करीब 2 बजे हो गई। इस संबंध में बासुदेव मंडल ने बताया वह 75 वर्ष के थे और डायबिटीज की बीमारी से ग्रसित थे लेकिन एक दिन पहले तक बिल्कुल ही सामान्य अवस्था में थे। शीतलहरी के इस मौसम में संभवतः देर रात ठंड लगने से उनकी तबीयत बिगड़ गई। इस तरह से देखा जाए तो पटमदा में लगातार तीसरे दिन ठंड से मौत हुई। इधर देर शाम तक गांव में उनका अंतिम संस्कार कर दिया। उनके अंतिम दर्शन में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सह जिला पार्षद प्रदीप बेसरा समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे। वह अपने पीछे पत्नी खांदी वाला मंडल के अलावा तीन पुत्रों बासुदेव, मुचीराम व दिवाकर का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## जयहरि जी का कुशलक्षेम जानने अस्पताल पहुंचे अर्जुन मुंडा



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : पोटका प्रखंड अंतर्गत टांगराईन गांव के समाजसेवी, शिक्षाविद् व माताजी आश्रम से जुड़े जयहरि सिंह मुंडा का कुशलक्षेम जानने केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री रह चुके अर्जुन मुंडा रविवार को आदित्यपुर स्थित मेडिट्रिना अस्पताल पहुंचे। उन्होंने जयहरि जी का हालचाल पूछा और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उनके साथ भाजपा नेता और आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर अमित सिंह (बॉबी सिंह) भी थे। फिलहाल जयहरि जी की स्थिति सामान्य और पहले बेहतर है।

## एनआईटी जमशेदपुर में पावर यूटिलिटी के विकास के लिए ई-मोबिलिटी पर ऑनलाइन कार्यक्रम संपन्न

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : एआईसीटीई-एटीएएल द्वारा वित्तपोषित पावर यूटिलिटी के विकास के लिए ई-मोबिलिटी में हालिया प्रगति विषय पर छह दिवसीय व्यापक ऑनलाइन हाई-एंड फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एनआईटी जमशेदपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में सम्पन्न हुआ। उद्घाटन समारोह 6 जनवरी 2025 को शाम 6ः00 बजे एनआईटी जमशेदपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि, प्रोफेसर अक्षय कुमार राठौर, प्रोफेसर और प्रोग्राम लीडर (इलेक्ट्रिकल पावर इंजीनियरिंग), सिंगापुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सिंगापुर उपस्थित थे। प्रो. गौतम सूत्रधार, निदेशक एनआईटी जमशेदपुर, प्रो. एम. के. सिन्हा, डीन, रिसर्च एंड कंसल्टेंसी, एनआईटी जमशेदपुर, डॉ. मधु सिंह, एचओडी, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, एनआईटी जमशेदपुर ऑनलाइन एफडीपी के समन्वयक और सह-समन्वयक डॉ. मृणाल कांति सरकार और डॉ. सिमंत कुमार सामल, सहायक प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, एनआईटी जमशेदपुर थे।

# टाटा स्टील यूआईएसएल को एनसीक्यूसी 2024 में मिला प्रतिष्ठित 'उत्कृष्ट पुरस्कार'



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : टाटा स्टील यूआईएसएल की टीम विंडो और प्रारूप को वर्चुअल रूप से आयोजित राष्ट्रीय गुणवत्ता अवधारणा सम्मेलन (एनसीक्यूसी) 2024 में 'उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया ।पावर सर्विसेज डिवीजन की टीम विंडो ने प्रशासनिक भवन में बार-बार होने वाली बिजली कटौती और लंबे समय तक बिजली आपूर्ति को कम करना शीर्षक से एक परियोजना प्रस्तुत की । टीम ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति में बार-बार होने वाली रुकावटों और बिजली आपूर्ति को बहाल करने में लगने वाले लंबे समय से संबंधित चुनौतियों के समाधान पर चर्चा की, जिससे विश्वसनीयता और परिचालन दक्षता में सुधार हुआ । साथ ही, तकनीकी सेवाओं की टीम प्रारूप ने अपनी परियोजना भूमिगत उपयोगिता मार्ग का पता लगाने में आने वाली कठिनाइयों को कम करना के साथ एक महत्वपूर्ण मुद्दे को संबोधित किया। भूमिगत उपयोगिताओं की पहचान को कारगर बनाने के लिए समाधानों का नवाचार करके, उन्होंने सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार किया और रखरखाव गतिविधियों के दौरान समय की देरी को कम किया । ये पुरस्कार गुणवत्ता सुधार, स्थिरता और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति टाटा स्टील यूआईएसएल के समर्पण की पुष्टि करते हैं, तथा इसके कार्यबल की प्रतिभा और सरलता को प्रदर्शित करते हैं ।

## कांड्रा पुलिस ने स्प्लेंडर के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया** : कांड्रा पुलिस ने चोरी के स्पलेंडर बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, रविवार को थाना गेट के समीप एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में चौका की ओर से मोटरसाइकिल से आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस की नजर पड़ते ही जांच कर रही पुलिस द्वारा उसे दबोच लिया गया। इससे पूर्व भी वह मोटरसाइकिल चोरी मामले में बुंडू थाना से रांची जेल जा चुका है। जांच दल में पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार मुर्मू के साथ पुअनि विनोद कुमार, रामदयाल उरांव, पुअनि शिवजी सिंह, आराक्षी अशोक ठाकुर, सुनील मुंडू आदि शामिल थे।

## देव संस्कृति विद्यालय चन्द्री का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में डॉ. गागराई ने की शिरकत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर** : चक्रधरपुर प्रखंड के देव संस्कृति विद्यालय चन्द्री का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम रविवार को धूमधाम के साथ आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि रांची वीमेन्स कालेज, रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर सह पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव एवं समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई ने शिरकत की। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा की पश्चिमी सिंहभूम जिला में यह विद्यालय का अपनी एक अलग ही पहचान है। विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों का भारतीय संस्कृति के अनुसार स्वागत किया गया। इस मौके पर अनुज चक्रवर्ती, समीर सिंह, सुशांत कुमार, रितिकान्त महतो, सरोज महतो,सत्यवती दीदी, डीडी महतो,शशीलता जयसवाल,संतोष कुमार, जगदीश चंद्र महतो,गोविंद चंद महतो,सविता महतो,कोकिला गोप,परमेश्वर महतो,अंजली सांडिल,लक्ष्मी महतो,स्नेहा महतो,सोनमणी हेम्ब्रेम,सोनिया हेम्ब्रम, महिमा कुमारी सिंह,कुशुम प्रधान समेत काफी संख्या में छात्र छात्रा एवं अभिवाहक तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## सोना देवी विश्वविद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का वनभोज कार्यक्रम आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला द्वारा शनिवार को शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लिए वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलसचिव डॉ गुलाब सिंह आजाद के नेतृत्व मे विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने पोटका प्रखण्ड के शंकरदा पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। शिक्षकों की टीम पहाड़भांगा गई और रंकिणी मंदिर मे माता रानी का दर्शन किया। इस मौके पर कुलसचिव डॉ गुलाब सिंह आजाद ने चर्चा के दौरान कर्मचारियों को बताया कि विकास करना है तो गांव की ओर चले। श्री आजाद ने बताया कि शिक्षकों के कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए भी सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशाला परिचर्चा समय समय पर सोना देवी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कराए जायेगें।

## एनआईटी जमशेदपुर में तीसरी एनआईटी फैमिली क्रिकेट लीग शुरू, 8 टीम शामिल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के लिए एनआईटी जमशेदपुर में तीसरी एनआईटी फैमिली क्रिकेट लीग का उद्घाटन संस्थान के डाउन्स ग्राउंड में हुआ। टूर्नामेंट में 8 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, मेटलर्जी, साइंस और अंडिमिंस्ट्रेशन 11 शामिल हैं। टूर्नामेंट में 12 लीग स्टेज मैच होंगे, जिसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। इसमें एनआईटी जमशेदपुर के सभी आयु वर्गों के प्रोफेसर्स और पीएचडी स्कॉलर्स भाग ले रहे हैं। पहले दिन हुए मैच में कंप्यूटर साइंस ने इलेक्ट्रिकल को 9 विकेट से, मेटलर्जी ने एडमिनिस्ट्रेशन 11 को 9 रन से और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ने मैकेनिकल को 8 विकेट से हराया। वहीं दूसरे दिन एडमिनिस्ट्रेशन ने साइंस को, सिविल ने मेटलर्जी को और साइंस ने मैकेनिकल को हराया। टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी विनीत साहू हैं (2 मैचों में 90 रन)।

## बिष्टुपुर श्रीलेदर्स शोरूम में सुभाष संस्कृति परिषद ने मनाया स्वामी विवेकानंद स्मृति महोत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : रविवार को सुभाष संस्कृति परिषद जमशेदपुर शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर श्रीलेदर्स के नए शो रूम, बिष्टुपुर के रोड में स्वामीजी स्मृति महोत्सव के तहत एक सार्थक चर्चा बैठक का आयोजन किया गया है। चर्चा का मुख्य विषय भारत के आध्यात्मिक विकास में स्वामीजी का सकारात्मक योगदान था। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी सह श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे वक्ता के रूप में सुरजीत चटर्जी और श्यामल शिल, प्रीतिलेखा रॉय, पंकज साहा उपस्थित थे। मौके पर शेखर डे ने भारत के आध्यात्मिक विकास में स्वामीजी का सकारात्मक योगदान पर अपनी बात रखी। वहीं चर्चा चक्र के बाद प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया।

## चित्रगुप्त महासमिति ने मनाई स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया** : चित्रगुप्त महासमिति की ओर से स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस मौके पर बड़ा गम्हरिया स्थित चित्रगुप्त भवन में एक समारोह आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महासमिति के उपाध्यक्ष केएम श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा के स्त्रोत थे। कार्यक्रम को कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव संजय कुमार वर्मा ने किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष अभय लाभ, केके सिन्हा, महेश श्रीवास्तव, आशीष कुमार श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, अमित कुमार वर्मा, जेपी श्रीवास्तव, प्रभाष चन्द्र श्रीवास्तव, रत्नेश्वर सहाय समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## पटमदा इंटर कॉलेज जाल्ला में स्वामीजी जयंती के साथ युवा महोत्सव शुरू




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा** : रविवार को पटमदा इंटर महाविद्यालय, जाल्ला के सभागार में युवा महोत्सव का उद्घाटन प्राचार्य अरुण कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह युवा महोत्सव दो महापुरुषों स्वामी विवेकानंद तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर किया जाता है। स्वामीजी के अनुसार मनुष्य के अंदर जो आंतरिक गुण हैं उसको प्रकाशित करना ही शिक्षा हैं, जिस तरह पत्थर व लकड़ी के अंदर आग छिपी हुई हैं उसी तरह हमारे युवा के अंदर भी बहुत सारे गुण विद्यमान हैं जिसको प्रकाशित करने की जरूरत है। बांग्ला विभाग के शिक्षक प्रभाष चंद्र महतो ने कहा कि स्वामीजी ने जीव मात्र के ऊपर उन्होंने दया करने की बात कही थी। मौके पर जयदेव महतो, सत्यजीत महतो, हीरालाल महतो, बाबूराम महतो, शंकर चंद्र महतो, झंटू महतो उपस्थित थे ।


## 4 साल से फरार अभियुक्त के घर तिरूलडीह पुलिस ने चस्पा किया इश्तेहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के कुटाम गांव में रविवार को तिरुलडीह थाना कांड संख्या 08/21 दिनांक 13/06/21 धारा-302/201/120(b)/34 भादवी में फरार अभियुक्त सत्यनारायण गोप पिता- राखाल गोप के विरुद्ध न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार का तामिला कुटाम स्थित अभियुक्त सत्यनारायण गोप के घर पर एवं गाँव के चौराहे पर स्थित मंदिर पर इश्तेहार की कॉपी चिपकाया गया। उल्लेखनीय है की उक्त कांड में सत्यनारायण गोप द्वारा सह अभियुक्तों के साथ मिलकर पंडरा गाँव के एक पद्मलोचन गोप का हत्या करने का आरोप है तथा ये पिछले 4 वर्षों से उक्त कांड में गिरफ्तारी की डर से घर से फरार है । तिरूलडीह थाना प्रभारी आलम चांद महतो ने बताया कि न्यायालय के द्वारा निर्गत इश्तेहार चीपकाया गया।

## सुवर्ण वणिक समाज के शिविर में 409 यूनिट रक्त संग्रह




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : सुवर्ण वणिक समाज पूर्वी सिंहभूम जिला व विभिन्न शाखा कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में समाज द्वारा आयोजित 17वॉ रक्तदान शिविर में 409 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. बाराद्वारी स्थित समाज के भवन में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि सुवर्ण वणिक समाज द्वारा लगातार सामाजिक कार्य कर समाज के युवाओं को दिशा व दशा दिखाने का काम करते है. विशिष्ट अतिथि जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि सुवर्ण वर्णिक समाज द्वारा हमेशा बढ़-चढ़कर सामाजिक कार्य किया जाता है. कार्यक्रम को समाज के प्रदेश अध्यक्ष संजय पोद्दार, प्रदेश महासचिव दीपक दत्ता, जिला अध्यक्ष रवि माझी आदि ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर (स्टील सिटी) अध्यक्ष रोटेरियन शिवानी गोयल, मंजू मायरा, प्रीति, समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ चंद्र, निताई दता, डॉ केएक पाल, निर्मल चंद्र, गोपाल दत्त, रवींद्रनाथ दे, संजय दता, सनोज चंद्र, कदम शाखा की महिला समिति, सभी शाखा के अध्यक्ष सचिव समेत भारी संख्या में समाज के महिला व पुरुष शामिल हुए.

## मकर संक्रांति एवं टुसू पर्व को लेकर सांसद बिद्युत महतो ने किया दोमुहानी घाट का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर** : मकर संक्रांति एवं टुसू पर्व के मद्देनजर जमशेदपुर सांसद बिद्युत बरण महतो ने आज सोनारी स्थित दोमुहानी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट के साफ सफाई कार्य से संबंधित समुचित निर्देश उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को दिया। उल्लेखनीय है की सांसद श्री महतो ने जिला के सभी नदी घाटों एवं जलाशयों की समुचित साफ सफाई को लेकर उपायुक्त को पत्र लिखा और व्यक्तिगत रूप से मुलाकात किया था। वहीं दौरा के क्रम में पाया कि घाटों का सफाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त सांसद ने स्वर्णरेखा परियोजना के कार्यपालक अभियंता को भी मकर पर्व के अवसर पर नदी में समुचित जल को छोड़ने के लिए कहा था। आज निरीक्षण के क्रम में उनके साथ मुख्य रूप से पश्चिम विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा, भाजपा के मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार, जिला मिडिया प्रभारी अखिलेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# आवश्यक है नक्सलवाद का नाश

**उन्मूलन** अभियान से बौखलाए नक्सलिसों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सोमवार को सुरक्षा जवानों पर बड़ा हमला किया है। नक्सलियों के इस हमले में संयुक्त ऑपरेशन से लौट रहे नौ डीआरजी जवानों का बलिदान हुआ है। नक्सलियों की इस कायराना हरकत ने नौ परिवारों को गहरे दुःख में धकेल दिया है। याद रहे कि डीआरजी राज्य पुलिस की एक इकाई है और इसमें ज्यादातर स्थानीय निवासियों (जनजातीय बंधुओं) और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को भर्ती किया जाता है। यानी एक प्रकार से नक्सलियों ने उन लोगों की हत्या की है, जिनके हितों की रक्षा के लिए कथित तौर पर उन्होंने हिंसा का रास्ता अपनाया है। जनजातीय समुदाय के नौ जवानों की हत्या करके आखिर नक्सली क्या पाना चाहते हैं? नक्सलवाद के पीछे जिस कम्युनिज्म का विचार है, वह संविधान, लोकतंत्र और कानून व्यवस्था में विश्वास ही नहीं करता है। वह तो 'बंदूक की नली से सत्ता हथियाने के विचार' को मानता है। दुनिया के कई देश गवाह हैं कि बंदूक की नली से हथियायी गई सत्ताओं ने किसी का भला नहीं किया है। नक्सली आतंकी लोगों को भयाक्रांत करके अपने अपराध की दुनिया को चलाना चाहते हैं। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि तथाकथित नक्सल आंदोलन अब नक्सल आतंकवाद में परिवर्तित हो गया है। नक्सल आतंकवाद न केवल जन, जंगल, और जमीन के विरुद्ध है अपितु यह मानवता का भी दुश्मन बन गया है। नक्सली क्रूरता की कहानियां समूचे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में व्याप्त हैं। हथियारों की खरीद-फरोख्त से लेकर धन्नासेठों से धन उगाही की अनैतिक गतिविधियों में नक्सली लिप्त हैं। वर्तमान समय में नक्सलवाद जनजातीय समुदायों एवं क्षेत्रों के उत्थान एवं विकास का सबसे बड़ा विरोधी बन गया है। नक्सलियों के पीछे जो ताकतें काम कर रही हैं, उन्हें पता है कि जनजातीय समुदाय मुख्यधारा में शामिल हो गया, तो जंगल से उनकी सत्ता समाप्त हो जाएगी। नक्सलवाद की असलियत को देखकर कई नक्सलियों ने मुख्यधारा में वापसी की है। वे बताते हैं कि नक्सलवाद के झूठे नारों में आकर उन्होंने अपने जीवन का बहुमूल्य समय बर्बाद किया है। इस घटना में जिन जवानों का बलिदानी हुआ है, उनमें भी ऐसे जवान थे जिन्होंने नक्सलवाद का घिनौना चेहरा देखकर उसके किनारा किया और देश की सेवा के लिए अपनी सेवाएं देने का निर्णय लिया छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार और केंद्र सरकार सुनिश्चित करे कि वह नक्सलवाद मुक्त भारत के अपने अभियान को और अधिक गति दे ताकि इस प्रकार से जवानों की क्षति को रोका जा सके। उल्लेखनीय है कि नक्सली हमले में बलिदान होनेवाले जवानों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने दो टूक कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। एक मार्च 2026 तक भारत की जमीन से नक्सलवाद को खत्म करके ही रहेंगे। इसी तरह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली बौखलाए हुए हैं और हताश होकर ऐसी कायराना हरकतें कर रहे हैं। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमारी लड़ाई मजबूती से जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में पिछले वर्ष सरकार को बड़ी कामयाबी मिली है। कई कुख्यात नक्सली मारे गए तो अनेक नक्सलियों को सामान्य जीवन में लौटने का अवसर भी नक्सली उन्मूलन अभियान से मिला है। बहरहाल, यह घटना साबित करती है कि नक्सलवाद सबके लिए खतरनाक है। इसका समूल नाश होने में ही सबकी भलाई है।

नक्सलियों के इस हमले में संयुक्त ऑपरेशन से लौट रहे नौ डीआरजी जवानों का बलिदान हुआ है। नक्सलियों की इस कायराना हरकत ने नौ परिवारों को गहरे दु:ख में धकेल दिया है। याद रहे कि डीआरजी राज्य पुलिस की एक इकाई है और इसमें ज्यादातर स्थानीय निवासियों (जनजातीय बंधुओं) और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को भर्ती किया जाता है। यानी एक प्रकार से नक्सलियों ने उन लोगों की हत्या की है, जिनके हितों की रक्षा के लिए कथित तौर पर उन्होंने हिंसा का रास्ता अपनाया है। जनजातीय समुदाय के नौ जवानों की हत्या करके आखिर नक्सली क्या पाना चाहते हैं? नक्सलवाद के पीछे जिस कम्युनिज्म का विचार है, वह संविधान, लोकतंत्र और कानून व्यवस्था में विश्वास ही नहीं करता है। वह तो 'बंदूक की नली से सत्ता हथियाने के विचार' को मानता है। दुनिया के कई देश गवाह हैं कि बंदूक की नली से हथियायी गई सत्ताओं ने किसी का भला नहीं किया है। नक्सली आतंकी लोगों को भयाक्रांत करके अपने अपराध की दुनिया को चलाना चाहते हैं।

## बातचीत के चलते दोनों देश पूवा लद्दाख के डेमचोक और देपसांग क्षेत्रों से पीछे हटने पर सहमत हुए थे

# गईं नहीं दोस्ती में दगा की आदत

प्रमोद भार्गव

अक्टूबर 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राश्ट्रपति षी चिनफिग के बीच हुईं मधुर बातचीत और विवादित स्थलों को लेकर समझौते की किड़यां आगे बढ़ने से ऐसा लगने लगा था कि भारत और चीन के रिश्ते पटरी पर आ रहे हैं। लेकिन दोस्ती में दगा करने के आदि चीन ने फिर वही कटुता पैदा करने वाली हरकतें शुरू कर दीं। चीन ने होतान प्रांत में दो नए जिले बनाने की घोषणा की है। इन जिलों की सीमा का विस्तार भारत के वेंद्र षासित प्रदेष लद्दाख में आता है। इसके पहले चीन ने तिब्बत क्षेत्र में ब्रापुत्र नदी पर 137 अरब डॉलर की लागत से दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की घोषणा भी की है।

**चीन** की इच्छा है कि भारत दलाईं लामा और तिब्बतियों द्वारा तिब्बत की आजादी के लिए लड़ी जा रही लड़ाईं की खिलाफत करे। दरअसल भारत ने तिब्बत को लेकर शिथिल व असमंजस की नीति अपनाईं है। जब हमने तिब्बतियों को शरणार्थियों के रूप में जगह दे ही दी थी, तब तिब्बत को स्वतंत्र देश मानते हुए अंतर्राष्ट्रीय मंच पर समर्थन की घोषणा करने की जरुरत थी ? डॉ राममनोहर लोहिया ने संसद में इस आशय का बयान भी दिया था। अक्टूबर 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राश्ट्रपति षी चिनफिग के बीच हुईं मधुर बातचीत और विवादित स्थलों को लेकर समझौते की किड़यां आगे बढ़ने से ऐसा लगने लगा था कि भारत और चीन के रिश्ते पटरी पर आ रहे हैं। लेकिन दोस्ती में दगा करने के आदि चीन ने फिर वही कटुता पैदा करने वाली हरकतें शुरू कर दीं। चीन ने होतान प्रांत में दो नए जिले बनाने की घोषणा की है। इन जिलों की सीमा का विस्तार भारत के वेंद्र षासित प्रदेष लद्दाख में आता है। इसके पहले चीन ने तिब्बत क्षेत्र में ब्रापुत्र नदी पर 137 अरब डॉलर की लागत से दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की घोषणा भी की है। इन दोनों घोषणाओं पर भारत ने भारतीय संप्रभुता के संबंध में दीर्घकालिक और सतत स्थिति पर असर नहीं पड़ने और न ही इससे चीन के अवैध और जबरन कब्जे को वैद्याता मिलेगी, ऐसा विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा है। हालांकि उन्होंने यह स्वीकारा कि इन तथाकथित जिलों का वुछ हिस्सा भारत के लद्दाख में आता है। ये विवादित घोषणायें ऐसे समय में की गईं हैं, जब दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों ने लगभग पांच साल बाद फिर से सीमाओं के संदर्भ में बातचीत शुरू की है। इसी बातचीत के चलते दोनों देश पूवा लद्दाख के डेमचोक और देपसांग क्षेत्रों से पीछे हटने पर सहमत हुए थे। गलवान में 2020 में घटी सैन्य घटना से पहले की स्थिति बहाल रखने पर भी सहमति बन गईं थी। सनद रहे कि चीन ने अक्साईं चीन के करीब 40000 वर्ग किमी क्षेत्र पर पहले से ही कब्जा किया हुआ है। लद्दाख में 14000 फीट की ऊंचाईं



पर स्थित दुर्गम गलवन नदी घाटी में चीनी सैनिकों की दगाबाजी के चलते 20 भारतीय वीर सपूतों को शहीद होना पड़ा था। चीन के भी 40 से अधिक सैनिक मारे गए थे। 20 अक्टूबर 1975 के बाद 2020 में पहली बार इतना बड़ा हिसक सैन्य संघर्ष भारत-चीन सीमा विवाद के परिप्रेक्ष्य में घटा था। 1975 में अरुणाचल प्रदेश के तुलुंगला क्षेत्र में असम राइफल्स की पेट्रोलिग पाटा पर चीनी सैनिकों ने घात लगाकर हमला किया था। इसमें हमारे चार सैनिक शहीद हुए थे। लेकिन अब बातचीत के बाद सेनाओं के पीछे हटने से लग रहा था कि स्थाईं शांति बहाल हो जाएगी। परंतु लद्दाख के इसी क्षेत्र में दो नए जिलों की घोषणा से स्पष्ट हुआ है कि चीन की विस्तारवादी मंषा यथावत है। हालांकि भारत और चीन के बीच 1993 में प्रधानमंत्री पीवी नरसिह राव ने चीन यात्रा के दौरान वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने की दृष्टि से एक समझौता किया था। समझौते की शर्तो के मुताबिक निाति हुआ था कि एक तो दूसरे पक्ष के खिलाफ बल या सेना के प्रयोग की धमकी नहीं दी जाएगी। दूसरे, दोनों देशों की सेनाओं की गतिविधियां नियंत्रण रेखा पार नहीं करेंगी। यदि भूलवश एक पक्ष के जवान नियंत्रण रेखा पार कर लेते हैं तो दूसरी तरफ से संकेत मिलते ही नियंत्रण रेखा के उस पार चले जाएंगे। तीसरे, दोनों पक्ष विश्वास बहाली के उपायों के जरिए नियंत्रण रेखा के इलाकों में काम करेंगे। सहमति से पहचाने गए क्षेत्रों में कोईं भी पक्ष सैन्य अयास के स्तर पर कार्यं नहीं करेगा। बावजूद गलवान में सैन्य संघर्ष हो गया था। गलवान नदी घाटी क्षेत्र 1962 में हुईं भारत-चीन की लड़ाईं में भी प्रमुख युद्ध स्थल रहा था। गलवान घाटी श्योक नदी के इर्द-गिर्द है। नदी के दोनों किनारों पर ऊबड़- खाबड़ पथरीली जमीन है। नदी पहाड़ो को काटकर तेज धारा के रूप में बहती है। इस नदी घाटी की संरचना चंबल नदी और उसके बीहड़ों से मिलती-जुलती है। श्योक नदी का विवरण महाभारत और जम्मू-कश्मीर के प्राचीन इतिहास पर कल्हण द्वारा लिखे संस्वृत ग्रंथ राजतरंगिणी में उल्लेखित है। हालांकि ब्रिटिश काल 1889 में श्योक नदी के रत्रोत का पता करने के नजरिए से गुलाम रसूल गलवान के नेतृत्व में एक दल का गठन ब्रिटिश हुवूमत ने किया था। इस दल ने चांग चेनमो घाटी के उत्तर में स्थित नदी के रत्रोत की खोज की। तब से इस नदी को गलवान कहा जाने लगा है। इस घाटी क्षेत्र में ही लेह से दौलत-बेग-ओल्डी तक 323 किमी लंबी पक्की सड़क का निर्माण भारतीय सीमा सड़क संगठन ने कर लिया है। इस मुख्य सड़क से अनेक छोटी सड़वें जुड़ी हुईं हैं। इन्हीं मार्गो से सेना अपनी ठिकानों तक पहुंचती है। इस सीमा रेखा पर दस ऐसे स्थल हैं, जहां आए दिन झड़पें होती रहती हैं। 5-6 मईं 2020 में चीनी सैनिकों ने लद्दाख की सीमा में तंबू गाढ़ लिए थे। इसी समय चीनी सैनिकों ने चीनी सीमा में सैन्य अयास भी किया था। इस अयास के बाद चीन और भारत ने सैन्य गतिविधियां बढ़ा दी थीं। इसी समय चीन ने यह भी दावा किया था कि पूरी गलवान घाटी पर उसी का अधिकार है। लगता है इस क्षेत्र में दो नए जिले (काउंटी) बनाने का विचार चीन की इसी साम्राज्यवादी मंषा का विस्तार है। चीन विवादित नियंत्रण रेखा पार कर अरुणाचल प्रदेश के चागलागम क्षेत्र में घुसने की कोशिश में लगा रहता है। 9 दिसंबर 2022 को अरुणाचल प्रदेष के तवांग क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सैनिक झड़प हुईं थी। वैसे भी चीन अपने किसी भी पड़ोसी देश का सगा नहीं है। चीन की सीमा 14 देशों से जुड़ी है और सभी से उसका सीमाईं विवाद चलता रहता है। वह भारत के बरक्श बहरूपिया का चोला ओढ़े हुए है।

दृष्टि कोण

# महावुंभ और प्राण प्रतिष्ठा का संयोग

**गंगा** किनारे रिवर प्रण्ट रोड से यह वाहन सीधे महावुम्भ मेले में प्रवेश कर सवेंगे। भारत सरकार के सौजन्य से बन रहे इस स्टील ब्रिज के लोड टोस्टग का काम भी पूरा हो गया है। उन्होंने संगम ऐरावत घाट और संगम नोज घाट का निरीक्षण किया। लक्ष्य यह है कि प्रत्येक तीर्थयात्री का स्नान सुरक्षित हो, इसके लिए व्यवस्थाओं में कोईं कमी नहीं होनी चाहिए। महावुंभ और प्राण प्रतिष्ठा का संयोग आध्यात्मिक धरोहर शाश्वत भारतीय संस्वृति को समृद्ध बनाती हैं। ऐसे अनेक स्थल ऐसे अनेक स्थलों को अब वैश्विक प्रतिष्ठा मिल रही है। यह संयोग है कि इस माह प्रयागराज में महावुंभ का शुभारंभ होगा। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाईं जाएगी। पांच सौ वर्षो के बाद अयोध्या धाम में प्रभु श्रीरामलला के अपनी जन्मभूमि पर विराजमान होने के उपरान्त पर्यंटकों की संख्या कईं गुना बढ़ गईं है। अधिकांश पर्यंटक स्प्रिचुअल टूरिज्म के क्षेत्र में आए। इससे अर्थव्यवस्था का भी संवर्धन होता है। विगत वुछ वर्षो के दौरान यूपी में आने वाले घरेलू और विदेशी पर्यंटकों की संख्या करीब दो सौ करोड़ रही। इस बार प्रयागराज में आयोजित महावुंभ के मद्देनजर औसत संख्या में करीब चालीस करोड़ तक की वृद्धि हो सकती है। घरेलू पर्यंटकों की आमद के अनुसार उत्तर प्रदेश लगातार तीसरे साल नंबर एक पर रहा। पर्यंटकों के निवास, परिवहन, खरीदारी का अनुवूल प्रभाव स्थानीय स्तर के रोजगार और अर्थव्यवस्था पर होता है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए पर्यंटकों की बढ़ती संख्या शुभ संकेत है। इको टूरिज्म, विलेज टूरिज्म, केन टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म को प्रोत्साहन मिल रहा है। उत्तर प्रदेश मौजूदा समय में सर्वाधिक एक्सप्रेस वे, इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला प्रदेश बन चुका है। प्रदेश में तीन इंटरनेशन एयरपोर्ट संचालित है। एशिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर शीघ्र ही संचलन की स्थिति में आ जाएगा। यहां ट्रायल लैंडिग हो चुकी है। इसके अलावा प्रदेश में वुल ाियाशील हवाईं अड्डों की संख्या पंद्रह है। छह निर्माणाधीन हैं। सात एक्सप्रेस वे पर काम चल रहा है। पर्यंटकों को वैश्विक स्तर की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। सनातन धर्म में अयोध्या और प्रयागराज की महिमा सर्वविदित है। इसी महीने एक दुर्लभ संयोग भी बन रहा है। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ मनाईं जाएगी। वहीं प्रयागराज में पौष परूणिमा से महावुंभ का शुभारंभ होगा। दूसरा संयोग यह है कि पिछले वुंभ और अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रबंधन में हुआ था। इस बार के महावुंभ के सफल आयोजन के लिए भी योगी आदित्यनाथ प्रतिबद्ध है। इसके दृष्टिगत वह पिछले वुछ दिनों में अयोध्या और प्रयागराज की यात्रा कर चुके है। वह अधिकारियों के साथ बैठक करके दिशा निर्देश देते हैं। महावुंभ स्थल पर पहुंच निर्माण कार्यो का निरीक्षण करते है। उनका पूरा ध्यान इस पर रहता है कि यहां पहुंचने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के समय योगी आदित्यनाथ ने भारत ही नहीं दुनिया को एक संदेश दिया था। उन्होंने कहा था कि श्री रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा भारत के आत्म गौरव की पुनप्रतिष्ठा का कार्यांम है। हमारा देश अपने स्वयं के गौरव की पुनप्रतिष्ठा कर रहा है। पिछले दिनों योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में कहा कि सनातन धर्म की मान्यता है कि सम्पूर्ण सृष्टि के संचालक रक्षक पालक श्रीमद्नारायण साक्षात सूर्यंदेव हैं, जिन्हें श्री विष्णु भी कह सकते हैं। उन्हीं की वृपा से सब वुछ संचालित होता है। उनकी वृपा के बगैर वुछ भी नहीं हो सकता। अयोध्याधाम में पंच नारायण यज्ञ के माध्यम से उत्तर एवं दक्षिण के विद्वानों के संयुत्त प्रयासों से चल रही आत्म शुद्धि, इस भूमि की शुद्धि एवं पर्यांवरण की शुद्धि के इस पवित्र महायज्ञ के साथ जुड़ने का सौभाग्य हम सभी को मर्यांदा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्म भूमि पर मिल रहा है। स्वाभाविक रूप से यज्ञ की सफलता तो आवश्यक है। इसमें कहीं कोईं संदेह नहीं है। भारत में यज्ञों की परंपरा हजारों वर्षो से है। 'यज्ञात भवति पर्जन्य' यानी यज्ञ ही वर्षा का कारण है। वर्षा से ही फसल होती है। उसी से प्रत्येक किसान, व्यापारी को धन-धान्य एवं समृद्धि प्राप्त होती है। काशी में काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में अयोध्या धाम फिर से त्रेतायुग की स्मृतियों को जीवंत कर रहा है। विरासत को विस्मृत करके हम भौतिक विकास को स्थाईं नहीं बनाए रख सकते हैं। विरासत और विकास के बीच में एक बेहतर समन्वय होना चाहिए। यज्ञ उसी की प्रेरणा देता है। भारत के पावन धर्म स्थल एवं मान बिदु हमारे आदर्श और प्रेरणा हैं, इनसे प्रेरित हो कर जब हम आगे बढ़ेंगे तभी भारत बना रहेगा। हजारों वर्षो पहले हमारे त्रषियों ने हमें अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम्। उदारचरितानां तु वसुधैव वुटुम्बकम्।। का संदेश दिया है। दुनिया में विश्व शांति की स्थापना करनी है, तो यह सनातन धर्म ही कर सकता है। भारत के अंदर सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है। सनातन धर्म शाश्वत तथा सृष्टि के साथ चलने वाला धर्म है। एक सौ पैतालीस वर्ष बाद महावुंभ का ऐसा संयोग बन रहा है। प्रमुख स्नान के अवसर पर पूज्य संतों के लिए, श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पुष्प वर्षा की व्यवस्था भी रहेगी। तेरह जनवरी को पौष परूणिमा का पहला स्नान यहां पर सम्पन्न होगा। चौदह जनवरी मकर सांाति को दूसरा स्नान होगा। उनतीस जनवरी को मौनी अमावस्या का स्नान होगा। जिसमें सबसे ज्यादा भीड़ आएगी। अनुमान है कि इस दिन छह से आठ करोड़ श्रद्धालु यहां पर आएंगे।

कुछ अलग

# ट्रंप बढ़ाएंगे टैरिफ, भारत का क्या होगा

**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने धमकी दी है कि यदि ब्रिक्स देश अपनी अलग मुद्रा बनाने का प्रयास करते हैं, तो सभी सदस्य मुल्कों पर 100% आयात कर लगा दिया जाएगा। यह धमकी निष्प्रभावी है, क्योंकि ब्रिक्स देशों द्वारा एक अलग मुद्रा बनाना संभव नहीं। यूरोपीय यूनियन ने साझा मुद्रा यूरो बनाने के साथ-साथ सभी देशों के नागरिकों को एक दूसरे के यहां जाकर काम करने की छूट भी दी थी। ब्रिक्स के सदस्य- भारत, चीन, रूस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और दूसरे देश इस तरह की छूट नहीं देंगे। ऐसे में अलग करंसी नहीं बनाई जा सकती। इसके बाद भी ट्रंप द्वारा आयात कर बढ़ाने की बात गंभीर है। घरेलू उद्योग पर फोकस । ट्रंप ने भारत को आयात कर का राजा बताया है और मेक्सिको व कनाडा पर 25% टैरिफ लगाने की बात कही है। याद करें, ट्रंप के पिछले दौर में भारत के कई सामान को जनरल सिस्टम ऑफ प्रिफरेंसेस से हटा लिया गया था। इसके तहत, बिना आयात कर दिए अमेरिका में प्रवेश की छूट थी। नए कार्यकाल में ट्रंप निश्चित तौर पर सभी देशों पर इंपोर्ट टैक्स बढ़ाएंगे, ताकि अमेरिका में घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन मिले। भारत के लिए मुश्किल । ट्रंप के इस कदम का भारत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। हमारे आईटी, दवा, कपड़े और जूते जैसे निर्यात प्रभावित होंगे। H1B वीजा में कटौती से भारतीय नागरिकों के लिए अमेरिका में काम करना कठिन हो जाएगा। उनके द्वारा भारत को रेमिटेंस कम भेजी जाएगी। ट्रंप द्वारा अमेरिकी कंपनियों को अमेरिका में ही उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके कारण विश्व की पूंजी का अमेरिका की तरफ पलायन होगा। इन तथ्यों को देखते हुए यूनियन बैंक ऑफ स्विट्जरलैंड ने अनुमान लगाया है कि ट्रंप के कदमों के कारण भारत की विकास दर में 0.5% की गिरावट आ सकती है। व्यापारिक पहलू । कयास लगाया जा रहा है कि ट्रंप के निशाने पर मुख्य रूप से चीन और रूस हैं, भारत नहीं। सामरिक दृष्टि से यह बात सही है। भारत मूल रूप से अमेरिका के साथ है। ट्रंप के निशाने पर चीन इसलिए है क्योंकि वह भारी मात्रा में अमेरिका को माल का निर्यात करता है। इससे अमेरिकी उद्योग ठंडे पड़े हुए हैं। ट्रंप को सामरिक समस्या कम और सभी देशों से होने वाले आयातों से समस्या ज्यादा है। इसलिए ऐसा सोचना सही नहीं कि ट्रंप, चीन पर इंपोर्ट टैक्स बढ़ाएंगे, जबकि भारत को छोड़ देंगे। ट्रंप का मूल उद्देश्य अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है और इस हिसाब से भारत व चीन एक बराबर हैं। अमेरिका में होगी महंगाई । ट्रंप की पॉलिसी विदेशी व्यापार के सिद्धांत के विपरीत है और टिकाऊ नहीं होगी। विदेशी व्यापार इसलिए किया जाता है कि जो देश जो माल सस्ता बना सकता है, उसका उत्पादन करे और दूसरे उससे खरीदें। जैसे- भारत में बासमती चावल का उत्पादन सस्ता है, जबकि अमेरिका में अखरोट का। ऐसे में भारत चावल भेजे और अमेरिका अखरोट। ऐसे दोनों देशों के नागरिकों को सस्ता सामान मिल जाएगा। लेकिन, ट्रंप की पॉलिसी का नतीजा यह होगा कि अमेरिका को भारत और दूसरे देशों से जो सस्ती दवाएं, कपड़े, चावल वगैरह मिलते हैं, वे बंद हो जाएंगे। अमेरिकी नागरिकों को महंगा माल खरीदना पड़ेगा और उनके जीवन स्तर में गिरावट आएगी। जवाब मिलेगा । ट्रंप की नीति के जवाब में दूसरे देश भी चुप नहीं बैठेंगे। मेक्सिको के राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा है कि उनका देश भी अमेरिकी सामानों के आयात पर टैक्स बढ़ाएगा। इससे अमेरिका का निर्यात घटेगा और साथ में रोजगार भी। फिर भी, संभव है कि अमेरिका में घरेलू बाजार के लिए उत्पादन बढ़ने से अमेरिकी नागरिकों को नौकरियां मिलें, लेकिन मेरा आकलन है कि यह प्रभाव देर से और न्यूनतम होगा।

देश दुनीया से

# कोसने में पारंगत बने

**लोकतंत्र** है तो अब राजा जी को चुना जाता है शासन करने के लिए। लिहाजा जनता के हर भले का काम करना राजा जी का नैतिक कर्तव्य है। लोकतंत्र ने सारे जरा भी सक्रिय नागरिकों को और विपक्ष को पूरा अधिकार दिया है कि वह राजा जी से उनके हर फैसले पर सवाल करे। दूसरे देशों के बीच जनता की साख बढ़ाने राजा जी विदेश जाएँ तो बेहिचक राजा जी पर आरोप लगाइये कि वो तो तफरी करने गए थे। एक जागरूक एक्टीविस्स्ट की तरह राइट ऑफ इन्फर्मेशन में राजा जी की विदेश यात्रा का खर्चा निकलवाकर कोई न कोई पत्रकार छापता ही है कि जनता के गाढ़े टैक्स की इतनी रकम वेस्ट कर दी । किसी हवाले से छपी यह जानकारी कितनी सच है या नहीं, इसकी चिंता करने की जरुरत नहीं है , आप किस कॉन्फिडेंस से इसे नमक मिर्च लगाकर अपने दोस्तों के बीच उठाते हैं , महत्व इस बात का है। विदेश जाकर राजा जी वहां अपने देश वासियों से मिलें तो बेहिचक कहा जा सकता है कि यह राजा जी का लाइम लाइट में बने रहने का नुस्खा है। कहीं कोई पड़ोसी घुसपैठ की जरा भी हरकत कर दे , या किसी विदेशी खबर में देश के विषय में कोई नकारात्मक टिप्पणी पढ़ने मिल जाये या किसी वैश्विक संस्था में कहीं देश की कोई आलोचना हो जाये, तब आपका परम कर्तव्य होता है कि किसी टुटपुँजिया अख़बार का सम्पादकीय पढ़कर आप अधकचरा ज्ञान प्राप्त करें और आफिस में काम काज छोड़कर राजा जी के नाकारा नेतृत्व पर अपना परिपक्व व्यक्तव्य सबके सामने पूरे आत्म विश्वास से दें, चाय पीएं और खुश हों । राजा जी इस परिस्थिति का जिस भी तरह मुकाबला करें ,उस पर टीवी डिबेट शो के जरिये नजर रखना और फिर उस कदम की आलोचना देश के प्रति हर उस शहरी का दायित्व होता है जो इस स्थिति में निर्णय प्रक्रिया में किसी भी तरह का भागीदार नहीं हो सकता । राजा जी अच्छे कपड़े पहने तो ताना मारिये कि गरीब देश का नेता महंगे लिबास क्यों पहने हुए है ,यदि कपडे साधारण पहने जाएँ तो उसे ढकोसला और दिखावा बता कर कोसना न भूलिये। देश में कभी न कभी कुछ चीजों की महंगाई , कुछ की कमी तो होगी ही , इसे आपदा में अवसर समझिये। विपक्ष के साथ आप जैसे आलोचकों की पौ बारह , इस मुद्दे पर तो विपक्ष इस्तीफे की मांग के साथ जन आंदोलन खड़ा कर सकता है। कथित व्यंग्यकार हर राजा के खिलाफ कटाक्ष को अपना धर्म मानते ही हैं। सम्पादकीय पन्ने पर छपने का अवसर न गंवाइए , यदि आप में व्यंग्य कौशल न हो तो भी सम्पादक के नाम पत्र तो आप लिख ही सकते हैं। राजा जी के पक्ष में लिखने वाले को गोदी मीडिया कहकर सरकारी पुरुस्कार का लोलुप साहित्यकार बताया जा सकता है और खुद का कद बडा किया जा सकता है। महंगाई ऐसी पुड़िया है जिसे कोई खाये न खाये, उसका रोना सहजता से रो सकता है। आपकी हैसियत के अनुसार आप जहां भी महंगाई के मुद्दे को उछालें चाय की गुमटी , पान के ठेले या काफी हॉउस में आप का सुना जाना और व्यापक समर्थन मिलना तय है। चूँकि वैसे भी आप खुद करना चाहें तो भी महंगाई कम करने के लिए आप कुछ कर ही नहीं सकते अतः इसके लिए राजा जी को गाली देना ही एक मात्र विकल्प आपके पास रह जाता है। राजा जी नया संसदीय भवन बनवाएं तो पीक थूकते बेझिझक इसे फिजूलखर्ची बताकर राजा जी को गालियां सुनाने का लाइसेंस प्रजातंत्र आपको देता है , इसमें आप भ्रष्टाचार का एंगिल ढूंढ सकें तो आपकी पोस्ट हिट हो सकती है। इस खर्च की तुलना करते हुए अपनी तरफ से आप बेरोजगारी की चिंता में यदि कुछ सच्चे झूठे आंकड़े पूरे दम के साथ प्रस्तुत कर सकें तो बढ़िया है वरना देश के गरीब हालातों की तराजू पर आकर्षक शब्दावली में आप अपने कथन का पलड़ा भारी दिखा सकते हैं। यदि राजा जी देश से किसी गुमशुदा प्रजाति के वन्य जीव चीता वगैरह बड़ी डिप्लोमेसी से विदेश से ले आएं तो करारा कटाक्ष राजा जी पर किया जा सकता है , ऐसा कि न तो राजा जी से हँसते बने और न ही रोते। इस फालतू से लगने वाले काम से ज्यादा जरुरी कई काम आप राजा जी को अँगुलियों पर गिनवा सकते हैं। यदि धर्म के नाम पर राजा जी कोई जीर्णोद्धार वगैरह करवाते पाए जाएँ तब तो राजा जी को गाली देने में आपको बड़ी सेक्युलर लाबी का सपोर्ट मिल सकता है। राजा जी को हिटलर निरूपित करने , नए नए प्रतिमान गढ़ने के लिए आपको कुछ वैश्विक साहित्य पढ़ना चाहिए जिससे आपकी बातें ज्यादा गंभीर लगें। कोरोना से निपटने में राजा जी ने इंटरनेशनल डिप्लोमेसी की । किस तरह के सोशल मीडिया कैम्पेन चलते थे उन दिनों. विदेशों को वेक्सीन दें तो देश की जनता की उपेक्षा की बातें , विपक्ष के बड़े नेताओ द्वारा वेक्सीन पर अविश्वास का भरम वगैरह वगैरह. वो तो भला हुआ कि वेक्सीन का ऊँट राजा जी की करवट बैठ गया वरना राजा जी को गाली देने में कसर तो रत्ती भर नहीं छोड़ी गई थी। देश में कोई बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धि पर राजा जी का बयान आ जाये तो इसे उनकी क्रेडिट लेने की तरकीब निरूपित करना हर नाकारा आदमी की ड्यूटी होना ही चाहिये और यदि राजा जी का कोई ट्वीट न आ पाए तब तो इसे वैज्ञानिकों की घोर उपेक्षा बताना तय है। आशय यह है कि हर घटना पर जागरूकता से हिस्सा लेना और प्रतिक्रिया करना हर देशवासी का कर्तव्य होता है। इस प्रक्रिया में विपक्ष की भूमिका सबसे सुरक्षित पोजीशन होती है , "मैंने तो पहले ही कहा था " वाला अंदाज और आलोचना के मजे लेना खुद कंधे पर बोझा ढोने से हमेशा बेहतर ही होता है। इसलिए राजा जी को उनके हर भले बुरे काम के लिए गाली देकर अपने नागरिक दायित्व को निभाने में पीछे न रहिये। तंज कीजिये , तर्क कुतर्क कुछ भी कीजिये, सक्रिय दिखिए । बजट बनाने में बहुत सोचना समझना दिमाग लगाना पडता है। आप तो बस इतना कीजिये कि बजट कैसा भी हो , राजा कोई भी हो , वह कुछ भी करे , उसे गाली दीजिये , आप अपना पल्ला झाड़िये और देश तथा समाज के प्रति अपने बुद्धिजीवी होने के कर्तव्य से फुर्सत पाइये।



आप का नजरीया

# पत्रकार सुरक्षित होंगे तभी बचेगा लोकतंत्र

**लोकतंत्र** की मजबूती के लिए पत्रकारिता एवं पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। लेकिन कहना होगा कि किसी भी देश में पत्रकार सुरक्षित नहीं है। भारत में भी पत्रकारों पर हमले होते रहते हैं। यहाँ तक कि उनकी हत्या कर दी जाती है। हालिया घटना छतीसगढ़ के पत्रकार मुकेश चंद्राकर से जुड़ी हुई है। हत्या के बाद उनके शव को सेप्टिक टैंक में डालकर ऊपर से प्लास्टर कर दिया गया। मुकेश की हत्या के पीछे एक रिपोर्ट को प्रमुख कारण बताया जा रहा है। यह रिपोर्ट घटिया सड़क निर्माण की पोल खोलने से संबंधित है। पत्रकार मुकेश की रिपोर्ट के अनुसार, ठेकेदार सुरेश चंद्राकार ने मिरतुर से गंगालूर के बीच सड़क बनाने का ठेका लिया था, लेकिन सड़क अधूरी बनने के बाद भी प्रशासन ने 90 प्रतिशत से अधिक भुगतान कर दिया। इस मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। इसी मामले को स्वतंत्र एवं निर्भीक पत्रकार मुकेश चंद्रकार ने उजागर किया था। उनकी खोजी रिपोर्ट के सामने आने के बाद सड़क निर्माण की परियोजना पर छत्तीसगढ़ सरकार ने जाँच बैठा दी थी। पूरी आशंका है कि इसी कारण ठेकेदारों ने मुकेश को अपने निशाने पर ले लिया। मामले में मुख्य आरोपी सहित चार लोग पकड़े गए हैं। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपराधियों को ऐसी सजा मिले कि यह अन्य के लिए सबक बन जाए। बताया जा रहा है कि ठेकेदार सुरेश चंद्राकार कांग्रेस का नेता है और उसके रिश्ते बड़े नेताओं से भी है। वह छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस समिति के अनुसूचित जाति विभाग का प्रदेश सचिव है। सुरेश चंद्राकर को कांग्रेस के छत्तीसगढ़ अध्यक्ष दीपक बैज का बहुत नजदीकी बताया जाता है। यह तथ्य सामने आने के बाद इस प्रकरण में राजनीति भी शुरू हो गई है। भाजपा और कांग्रेस एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं। पत्रकारिता क्षेत्र के सभी बंधुओं की माँग है कि पत्रकार की हत्या के मामले में राजनीति न करके निष्पक्ष जाँच की जाए और दोषियों को कड़ी सजा मिले ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके साथ ही सरकार खोजी पत्रकारों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर कुछ ठोस कदम उठाए। पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा करने का दायित्व सरकार के कंधों पर होता है। सरकार को अपनी इस जिम्मेदारी को समझना होगा। इस पूरे प्रकरण में पत्रकार मुकेश ने अपना कार्य ईमानदारी से किया। एक पत्रकार का कार्य है कि वह लोकतंत्र के तीनों स्तम्भों की निगरानी करे और वहाँ होनेवाली गड़बड़ियों को उजाकर करे। कहना होगा कि बहुत ही कम समय में अपने कार्य से बीजापुर में रहकर ही 28 वर्ष के युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकार ने अपनी एक अलग पहचान बना ली थी। मुकेश का नाम 2021 में तब पहली बार चर्चा में आया जब बीजापुर में एक नक्सली मुठभेड़ में नक्सलियों द्वारा एक सीआरपीएफ जवान का अपहरण कर लिया गया था। मुकेश और उसके साथियों ने लगातार अपहरणकर्ताओं से संपर्क बनाकर बहुत सी कोशिशों के बाद सीआरपीएफ जवान को नक्सलियों के क़ैद से छुड़ा लिया था। मुकेश इतने अधिक साहसी थे क्योंकि उनका बचपन और किशोरवय बहुत कठिनाईयों में बीता।

# अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई



**डीसी के निर्देश पर एसडीओ एवं एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी कर मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में कुल 135000 सीएफटी अवैध बालू भंडारण को किया गया जब्त**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। उपायुक्त श्री रमेश घोलप के निर्देशानुसार व गुप्त सूचना के आधार पर चतरा अनुमंडल क्षेत्र के मयूरहंड प्रखंड में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान सोकी पंचायत भवन के बगल खाली जमीन पर कुल 135000 सीएफटी अवैध बालू भंडारण पाया गया। एक सप्ताह के अंदर लगभग 185000 सीएफटी बालू को किया गया जब्त जिले के सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र से कुल एक सप्ताह के अंदर अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स व प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स के संयुक्त छापेमारी अभियान के दौरान सिमरिया प्रखंड क्षेत्र में 4500 सीएफटी अवैध बालू भंडार, टंडवा में 6800 सीएफटी, लावालौंग में 2200 सीएफटी कुल 13500 सीएफटी माफियाओं द्वारा किए गए बालू भंडारण को जब्त किया गया है। इसके अलावे एक सप्ताह के अंदर चतरा अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों यथा कान्हाचट्टी में 2200 सीएफटी, हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र में 20000 सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जब्त किया गया है। छापेमारी अभियान के क्रम में जिले भर से 450 सीएफटी बालू लोड 05 ट्रैक्टर को भी किया गया है जब्त।उपायुक्त के निर्देश पर अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध जिला प्रशासन सख्त ।अगर किन्हीं व्यक्ति की संलिप्तता प्रमाणित होती है तो उनके ऊपर कार्रवाई करें।मयूरहंड प्रखंड में भारी मात्रा में अवैध बालू के भंडारण मिलने पर उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने अवैध खनन, परिवहन और भंडारण को लेकर कर्मियों एवं पदाधिकारियों के कार्य के प्रति उदासीन रवैयों का जांच करने का निर्देश दिया।अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध कार्य के प्रति स्थानीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के उदासीन रवैयों की भी जांच की जाएगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी सूरत में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण करने वाले लोगों को बक्शा नहीं जाएगा।

# पुलिस ने अवैध पोस्ता खेती को किया नष्ट, अभियान जारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** बारियातू पुलिस थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक बड़ी कारवाई करते हुए अभियान चलाकर प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत बालुभांग अंतर्गत लातेहार चतरा सीमावर्ती क्षेत्र के मानत नदी किनारे गैरमजरूआ भूमि पर फैली लगभग 21 एकड़ भुमि में लगे अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लातेहार को मिली सूचना के आधार पर बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिनोद रवानी के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।व गठित छापामारी दल द्वारा अवैध पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर से रौंदकर और लाठी-डंडों से पीटकर पूरी तरह नष्ट कर दिया।उन्होने आगे कहा कि अभी अभियान जारी हैं, इस अभियान के तहत लगभग 30 एकड़ भुमि में लगे अवैध पोस्ता को नष्ट करने का लक्ष्य रखा गया है। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि इस अवैध खेती में संलिप्त कुछ व्यक्तियों की पहचान कर ली गई है, जिनमें कुछ लोग चतरा जिले के सिमरिया थाना अंतर्गत भुतहा ग्राम के माफिया शामिल हैं। इनके खिलाफ प्राथमिकि दर्ज की जा रही है।और अन्य की पहचान के लिए पुलिस प्रयासरत है।इस अभियान में अंचलाधिकारी नंदकुमार राम व बारियातू थाना शामिल थे।

## बीएस कालेज में विवेकानंद जयंती के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानसी कुमारी, द्वितीय स्थान सेजल कुमारी, तृतीय स्थान प्रतिमा कुमारी को प्राप्त हुआ, जबकि सांत्वना पुरस्कार मैहर आरा को दिया गया।



## जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झालसा रांची के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के मार्गदर्शन एवं माननीय सचिव के नेतृत्व में रविवार को सिमरिया प्रखंड के जबड़ा पंचायत भवन में आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरुक्ता शिविर का आयोजन पिएलवी अंजली कुमारी द्वारा बाल विवाह, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न,सरकार के द्वारा मिलने वाली सहायता, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 %नागरिकों को मिलने वाली विधिक सेवाएं, दिव्यांग जनों को मिलने वाली विधिक सेवाएं तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं के बारे में पीआईवी अंजली कुमारी के द्वार जानकारी दी गई। उपस्थित पंचायत सेवक सुधीर प्रसाद सिंह, आंगनबाड़ी सेविका राधा देवी ,संध्या देवी फूलमती, देवी रीना देवी भारती राय रेखा जायसवाल संगीता देवी रुक्मिणी देवी, फूल कुमारी ,संगीता देवी, प्रियंका कुमारी तथा ग्रामीण प्रकाश राय ,उमेश साहू ,प्रेम प्रजापति के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।




## प्रखंड प्रशासन की बड़ी कार्रवाई दो ट्रैक्टर हुये जप्त

**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड प्रशासन के द्वारा की गई बडी कार्रवाई। पत्थलगड़ा प्रखंड में आए दिन बालू माफियाओं का सरगना सक्रिय रहता है, उस पर लगाम लगाने को लेकर प्रशासन भी नकेल कसने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ती है। रविवार सुबह सीओ को द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाई गई। छापेमारी के दौरान अवैध बालू लदे 2 ट्रैक्टर को जब्त कर पत्थलगड़ा थाना लाया गया। सीओ उदल राम ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी नॉनगांव से लगातार दिन में ही अवैध बालू खनन कर कही प्रखंड से बाहर तस्करी करने की जा रहा है इस सूचना दो अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त किया गया। वही एक ट्रैक्टर की तेज रफ्तार होने के कारण भागने में सफल रहा है। छापामारी दल में एसआई विजय कुमार व सशस्त्र बल शामिल थे।



# एसएसवीएम में पूर्व छात्र सम्मेलन एवं स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिले के सदर प्रखंड स्थित बाजकुम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्टेशन के विद्यालय परिसर में रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती एवं पूर्व छात्र सम्मेलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि राजमणि प्रसाद (अधिवक्ता) द्वारा दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा ने अतिथियों का परिचय कर कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की।कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव विवेक कुमार गुप्ता और अध्यक्ष सरयु प्रसाद सिंह भी मौजूद रहे, जिन्होंने मार्गदर्शन किया। कक्षा नवम् और दशम के विद्यार्थियों ने भाषण और रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी को आकर्षित किया। पुरातन विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों पर अपने अनुभव साझा किए और दूसरों को उनके मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।मुख्य अतिथि ने विवेकानंद जी के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला, जबकि सचिव और अध्यक्ष ने उनके आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा दी। अंत में, प्रधानाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया और स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके योगदान पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और आचार्यों की सराहनीय सहभागिता रही। मंच संचालन धिरजन राम आचार्य और छायांकन रमेश कुमार आचार्य द्वारा किया गया।

# धनबाद में आयोजित झारोटेफ की राज्य स्तरीय बैठक में लातेहार टीम ने भाग लिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** झारोटेफ प्रांतीय कमेटी की बैठक 11 और 12 जनवरी 2025 को द रीट रिसोर्ट में आयोजित की गई थी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो विधायक और सचेतक मथुरा महतो ने भाग लिया, जबकि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने की। लातेहार जिला से इस बैठक में जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, सचिव प्रदीप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव संजीव कुमार चंद्र, और प्रखंड सचिव दिलीप कुमार सिंह ने भाग लिया।बैठक में सरकार से तीन प्रमुख मांगों को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया।शिक्षकों को भी अन्य राज्यकर्मियों की तरह एमएसपी का लाभ दिया जाए।कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र 62 साल की जाए।जन सेवकों, लिपिक संवर्ग और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के लिए एकीकृत लिपिक नियमावली बनाई जाए और अन्य समस्याओं का समाधान किया जाए।इसके अलावा,अन्य मांगों में केंद्रीय कर्मचारियों की तरह झारखंड सरकार के कर्मचारियों को शिशु शिक्षण भत्ता और परिवहन भत्ता देने की भी बात उठाई गई। साथ ही, शिक्षकों को सीमित सेवा परीक्षा में भाग लेने का अवसर प्रदान करने,अवर शिक्षा पदाधिकारी की नियुक्ति में आरक्षण देने की भी मांग की गई।विधायक मथुरा महतो ने कहा कि इन सभी मांगों को झामुमो के घोषणा पत्र में शामिल किया गया है और सरकारी स्तर पर इनका समाधान जल्द किया जाएगा। बैठक में प्रांतीय महासचिव उज्जवल कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष नितिन कुमार, प्रांतीय संयोजक आनंद किशोर साहू, पंकज कुमार सिंह, जय होरो, बृजमोहन यादव, सुनील कुमार समेत विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

## पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता की मौजूदगी में चतरा जिला में राजद सदस्यता अभियान का हुआ आगाज़

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजद के सदस्यता अभियान का आगाज़ जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव ने किया।इस मौके पर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता भी उपस्थित रहे। जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस परिसर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने राजद को और मजबूती प्रदान करने के लिए सुझाव दिए।बैठक में पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता ने कहा कि संगठन से लोगों को जोड़ा जाए तथा गरीबों के मसीहा लालू प्रसाद यादव के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक ब्लॉक में एक प्रभारी नियुक्त किया जाए। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश पदाधिकारी, जिला कमेटी के पदाधिकारी, पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि, 20 सूत्री अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, सभी मंच मोर्चा के जिला अध्यक्ष, नगर कमेटी के पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के पदाधिकारी समेत सैकड़ों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।लोगों ने एक दूसरे को नववर्ष की बधाई एंव शुभकामनाएं दी।



## प्रखंड पथलगड़ा में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** ग्राम पंचायत विकास योजना 2024 के अन्तर्गत प्रखंड के सभागार कक्ष में पंचायती राज विभाग द्वारा जन योजना अभियान के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को दिया जाने वाला तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 12/01/2025 रविवार को संपन्न हुआ. तीसरे दिन प्रखंड विकास पदाधिकारी, कलिंदर साहू एवं अंचलाधिकारी उदल राम द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कई दिशा निर्देश दिए। मास्टर ट्रेनर द्वारा सबकी योजना सबका विकास विषय पर पूरी जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम को सशक्त बनाने के लिए 9 विषयों पर योजना चयन एवं इस योजना को सफल बनाने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया.प्रशिक्षण में त्क्क्ष्क प्रक्रिया,, सामाजिक एवं संसाधन मानचित्र, क्ष्क्ष्द्ध, महिला/बाल सभा आयोजन, स्क्रूछ्छ्रू 15वें वित्त आयोग, मनरेगा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सभागार में सिंघानी पंचायत मुखिया राधिका देवी, सिंघानी पंचायत सचिव राकेश कुमार, बरवाडी पंचायत सचिव मोहम्मद असलम, जलसहिया मुखिया प्रतिनिधि संजय दांगी, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बैजनाथ कुमार, संदीप सिंह समेत कई महिला प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# प्राण प्रतिष्ठा पर विशाल भंडारे का आयोजन



**समाज के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देते है प्रभु श्रीराम : दीपक राज**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पहली वर्षगांठ पर बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के आदिशक्ति महावीर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज और उनके भाई स्टाइलन फैशन प्रतिष्ठान के संचालक अनुज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने खीर पूड़ी और सब्जी के रूप में महाप्रसाद का ग्रहण किया। दीपक राज ने बताया कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण होना हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। इस अवसर को यादगार बनाने और राम भक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए भंडारे का आयोजन किया गया है। हर कोई प्रसाद ग्रहण कर दिव्य अनुभूति से अभिभूत नजर आया। आयोजन को सफल बनाने में दीप्लेश सिंह उर्फ सोनू, सोनू सरदार, रिंकू सिंह आदि रामभक्तों का योगदान सराहनीय रहा।

# नेहरू युवा केंद्र लातेहार के तत्वधान में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातु :** नेहरू युवा केंद्र लातेहार के तत्वाधान में जय बजरंग युवा क्लब के द्वारा ज्ञानतारा क्लासेस बारियातू राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य रमेश राम विशिष्ट अतिथि युवा समाजसेवी लाल आशीषनाथ शाह देव, एमवाय वॉलंटियर अभिषेक कुमार व कोचिंग के डायरेक्टर रविकांत सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई।जिसके बाद निबंध एवं क्विज़ प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।एम वाई वॉलंटियर श्री कुमार ने स्वामी जी के जीवन पे प्रकाश डालते हुए कहा कि11 सितंबर 1893 को अमेरिका के शिकागो में धर्म सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा मेरे अमेरिका के भाइयो बहनों इतना कहते ही पूरी सभा में तालियों की गड़गड़ाहट से गूँजने लगी इस प्रकार स्वामी जी ने विश्वबंधुत्व के भाव, भारत की ज्ञान परंपरा का लोहा विश्व में मनवाने का काम किया अतः हम सभी युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर अपने अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

## अवैध पोस्ता की खेती करने के मामलें में सात अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पोस्ता खेती करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है।एनडीपीएस एक्ट के तहत कुंदा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात आरोपी को अवैध पोस्ता की खेती करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।गिरफ्तार अभियुक्त मुंद्रिका यादव(34), रोहित कुमार यादव(20),परमेश्वर गंझु(41), विनोद भारती(25), हरनाथ गँझू(35), प्रदीप कुमार यादव(22), ब्रजेश यादव सभी थाना क्षेत्र के दारी गाँव के निवासी है। सभी अभियुक्तों के खिलाफ कुंदा थाना में कांड संख्या 60/24 के तहत मामला दर्ज है।थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने कहा की पोस्ता की खेती स्वतःनष्ट कर दे अन्यथा पुलिस अवैध पोस्ता की खेती करने वालों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत कड़ी कार्रवाई करेंगी।



# समारोह में खरवार जाति की एकता और मजबूती पर जोर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** सदर प्रखंड के ग्राम परसही स्थित फुटबॉल मैदान में रविवार को खरवार आदिवासी एकता संघ झारखंड प्रदेश की जिला इकाई द्वारा स्थापना दिवस सह खरवार मिलन महा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष रामगणेश सिंह ने की।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्रीजीत सिंह खेरवार (एसटी-एससी आयोग, उप्र), विशिष्ट अतिथि कैलाश सिंह (चकिया विधायक यूपी),पूनम देवी जिप अध्यक्ष,सुभाष सिंह अध्यक्ष मुखिया संघ,लातेहार समेत अन्य अतिथियों ने शहीद नीलांबर पितांबर के चित्र पर माल्यार्पण और द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर खरवार, जितेश्वर सिंह डीएसफओ, धर्मजीत खेरवार और डॉ रमेश सिंह समेत कई लोग शामिल थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीजीत सिंह व विशिष्ट अतिथि कैलाश सिंह ने कहा कि आज हमारे समाज की स्थिति सही नहीं है। जब हमारे समाज के लोग पढेंगे तभी आगे बढ़ेंगे और समाज को उन्नति के रास्ते पर ले जाएंगे। जिप अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि खेरवार समाज स्वास्थ्य, शिक्षा समेत अन्य क्षेत्रों में बेहतर काम कर रहा है। जिलाध्यक्ष रामगणेश सिंह ने कहा कि समाज को एकजुट होने की जरूरत है। वहीं अन्य वक्ताओं ने भी बारी -बारी से अपने विचार रखे।अंत में समारोह में शामिल लोगों ने खरवार जाति को शिक्षित, संगठित और सशक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# लंगर के साथ प्रकाशोत्सव सम्पन्न हुआ



**बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयघोष से गुंजायमान हुआ गुरुद्वारा परिसर**

**हंटरगंज :** प्रखंड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा केदलीकला में सिख धर्म के दसवें गुरु तथा खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 358 वें पावन प्रकाशोत्सव के सिलसिले में पिछले चार जनवरी से जारी कार्यक्रम रविवार को अटूट लंगर के साथ सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम के अंत में गुरुद्वारा के %नामधारी हाल% में अस्थाई रूप से बनाए गए फूलों से सुसज्जित पंडाल में तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के हजूरी रागी जत्था भाई हरभजन सिंह एवं उनके साथियों तथा गया से आए हुए ज्ञानी दयाल सिंह, विक्की सिंह एवं तजिंदर कौर तथा स्थानीय बच्चों ने अपने गुरुवाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। भाई हरभजन सिंह के द्वारा प्रस्तुत किए गए शबद गुरुवाणी % तही प्रकाश हमारा भयो, पटना शहर विखे भव लयो%, %मैं हो परम पुरख को दासा, देखन आयो जगत तमाशा% जैसे कीर्तन से कार्यक्रम में शामिल सारी संगत भक्ति से ओत-प्रोत हो गई। बीच बीच में संगत द्वारा लगाए जाने वाले जयकारे %बोले सो निहाल, सत श्री अकाल % के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।कार्यक्रम में चतरा सांसद श्री कालीचरण सिंह के लड़के नितिश कुमार, विधायक श्री जनार्दन पासवान, जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती ममता कुमारी, उपाध्यक्ष श्री वृजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी, नमामि गंगे संस्थान से जुड़े हुए समाजसेवी संजय सिंह सज्जन के अलावा केदली कला पंचायत के मुखिया श्री अशोक कुमार यादव, पंचायत समिति सदस्य श्री वकील खान के साथ साथ गया , चतरा, सासाराम, डुमरी कला आदि स्थानों से आई हुई संगत व जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े कई हस्तियों ने भी गुरु के दरबार में मत्था टेका।

## प्रमुख ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण, वृद्ध महिलाओं में हर्ष

**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सलैया पंचायत के पोस्तिया गांव स्थित शिव मंदिर के समीप में रविवार को हंटरगंज प्रखण्ड के प्रमुख ममता कुमारी के द्वारा गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस सादे समारोह में प्रमुख ने पोस्तिया गांव के सैंकड़ो गरीबों को कंबल मुहैया कराया। इधर कंबल मिलने के बाद वृद्ध महिलाओं के चेहरे खिल उठे सभी हर्ष हर्ष दिखाई दे रहे थे।इस संबंध में प्रमुख ममता कुमारी ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि विगत 3 वर्षो से लगातार ठंड में मेरे द्वारा असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण किया जाता है। जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए सही से कपड़े नहीं रहते हैं ।उन्होंने कहा कि हम हमेशा पूरी सादगी ढंग से कंबल वितरण का कार्यक्रम करते हैं लेकिन यह कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही तैयारी करते हैं और क्षेत्र में घूम घूम कर वैसे लोगों की सूची बनाते हैं जो पूरी तरह लाचार व वेवश हों। प्रमुख ने कहा कि ऐसा कर हमें काफी आत्म संतुष्टि मिलती है क्योंकि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं लेकिन गरीब तबके के लिए एक अदद कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। मौके पर वार्ड सदस्य महेश यादव, निर्मल यादव, इंग्लिश यादव , महेंद्र यादव, कपिल यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण महिलाएं मौजूद थे।



# माण्डू विधायक से उनके साथी अभी से हीं अलग होने लगे है : जेपी भाई पटेल

## विष्णुगढ़ में इंडिया गठबन्धन की समीक्षा बैठक सह वनभोज कार्यक्रम में जुटे दोनो दलों कार्यकर्ता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ जमुनियां डैम में इंडिया गठबन्धन की समीक्षा बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कॉंग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्बास अन्सारी ने की,तथा संचालन झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने किया। समीक्षा बैठक के दौरान विष्णुगढ़ प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतो से आये कार्यकर्ताओं ने हार की समीक्षा को लेकर अपने महत्वपूर्ण मंतव्य दिया। इंडिया गठबंधन के नेता,पूर्व माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि हार से हतोत्साहित होने की जरूरत नही है।हाँ हम और बेहतर कर सकते थे,यह आत्मचिंतन का विषय जरूर है।मेरे विपक्षियो ने मेरे बारे में दुष्प्रचार किया कि घमंडी हूँ,मैं कहीं आता जाता नही ये आप सब कार्यकर्ताओं से बेहतर कौन बता सकता है। अभी नए नवेले विधायक के बने पाँच महीने नही हुए है,और उनके साथी उनके व्यवहार से व्यथित होने लगे,मैं तीन बार माण्डू विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर चुका हूँ और इतनी सँख्या में मेरे समर्थक हार के



बावजूद भी एकजुट है,यह मेरी नैतिक जीत है। आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओ को कहना है,एक से डेढ़ वर्ष के बीच जल्द हीं माण्डू विधानसभा में चुनाव होगा और इस बार भारी मतों से हमे हमारी कार्यकर्ता जीत दिलायेगी यह पूर्ण विश्वास है। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व झामुमो जिलाध्यक्ष शम्भू लाल यादव,टेकोचन्द महतो,सुरेंद्र नाथ मिश्र,जानकी शर्मा,विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार,जगदीश बर्मन,संजय प्रजापति, मुखिया उत्तम कुमार महतो,नन्हकू महतो,रामचंद्र यादव,इबरार अंसारी,गुरु प्रसाद साव,हिरामन महतो,महादेव मंडल,महताब हुसैन,चुन्नू लाल सोरेन,छोटीलाल साव,राणा इकबाल खान,घनश्याम पाठक,विश्वजीत कुमार कसेरा,सुनील कुमार कसेरा,जोधि यादव,छोटेलाल बेसरा,नासिर अंसारी,महेंद्र मामू,देवशरण यादव,चेतलाल महतो,गणपति स्वर्णकार,अनुराग बर्मन,पूरण महतो ,रामजन्म राय,किशोर यादव,गंगाधर महतो,हरि यादव समेत सैकड़ो की तादाद में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, किसानों की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग

- धान की खरीद ठप होने से किसानों को हो रही परेशानी : मनोज यादव
- किसान कम कीमत पर धान बेचने के लिए मजबूर, भविष्य में इस स्थिति से बचने के लिए सरकार से स्थायी समाधान की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर हजारीबाग जिले के किसानों की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में बताया है कि जिले में पैक्स और एफपीओ के माध्यम से धान की खरीद लगभग एक माह से ठप पड़ी हुई है। इस वजह से स्थानीय किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं श्री यादव ने कहा कि पैक्सों और एफपीओ द्वारा धान की खरीद बंद होने के कारण किसान अपनी उपज को बिचौलियों के हाथों कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। इससे किसानों को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि राइस मिलों द्वारा अभी तक एफसीआई को चावल उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके चलते पैक्सों के गोदाम भरे पड़े हैं।इस स्थिति में न तो पैक्स और एफपीओ धान खरीद पा रहे हैं और न ही किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है। वहीं, बिचौलियों को इस परिस्थिति का फायदा मिल रहा है, जो कम कीमत पर धान खरीदकर मुनाफा कमा रहे हैं।विधायक ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि किसानों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए तुरंत आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने मांग की है कि पैक्स और एफपीओ के गोदामों को जल्द से जल्द खाली कराया जाए ताकि धान की खरीद प्रक्रिया फिर से शुरू हो सके। इससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सकेगा और उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाया जा सकेगा। श्री यादव ने यह भी कहा कि सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि इस प्रकार की स्थिति भविष्य में न दोहराई जाए और किसानों को समय पर उनके उत्पाद का सही दाम मिल सके।

## स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती, कार्यकारी अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती उत्सव सह पुस्तकालय के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. संजय वर्णवाल के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के अध्यक्ष सह विधायक मनोज कुमार यादव एवं संचालन सचिव कृष्णा प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के कार्यकारी अध्यक्ष दिवंगत प्रो. संजय वर्णवाल के चित्र पर पुष्प अर्पण कर



श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रो. वर्णवाल के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। सभी ने शिक्षा के प्रति उनके योगदान को याद किया। मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधान शिक्षक सह अध्यक्ष बुद्धिजीवी मंच ईशों सिंह, कोषाध्यक्ष अमित केशरी, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, कार्यालय प्रभारी राज आर्यन उर्फ छोटी, उपाध्यक्ष डॉ संगीता चौधरी, बीरेंद्र रजक, महेंद्र प्रसाद दुबे, सुरेंद्र रजक, डॉ सुनील दत्ता, इंद्रदेव यादव, बिपिन बिहारी पांडेय, प्रमोद विश्वकर्मा, नकुलदेव राणा, भूपेंद्र यादव, सचिन यादव, मेवालाल केशरी, संतोष निषाद, शंभू माली, मुकेश गोविंदा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## दारू प्रखंड के निजी विद्यालय संचालकों की हुई बैठक, नई समिति का हुआ गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दारु :** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के प्रांगण में रविवार को दारू प्रखंड के सभी निजी विद्यालय संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इस अवसर पर उपस्थित सभी संचालकों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों और शिक्षाओं को याद करते हुए उनके आदर्शों को शिक्षा प्रणाली में शामिल करने पर जोर दिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना और कार्यक्षमता में सुधार लाना था। चर्चा के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुरानी समिति को भंग कर एक नई समिति का गठन किया जाए। सभी सदस्यों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नई समिति का गठन किया गया। नवगठित समिति में अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, उपाध्यक्ष मुकेश मोहन प्रसाद, सचिव शांतनु कुमार सिंह, सह-सचिव शाहिदा प्रवीण, कोषाध्यक्ष सिकंदर कुमार यादव और शेखर गुप्ता तथा बजरंग कुमार सहाय को मीडिया प्रभारी के रूप में चुना गया। बैठक के दौरान यह भी तय किया गया कि संगठन शिक्षा के स्तर को



और ऊंचा उठाने के लिए नए उपायों पर काम करेगा। निजी विद्यालयों के संचालन में आने वाली चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई और उनका समाधान निकालने के लिए सभी ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक का समापन नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को संगठन की कार्यप्रणाली में शामिल करने के संकल्प के साथ हुआ। बैठक में नंदकिशोर सिंह, बजरंग कुमार सहाय, शांतनु कुमार सिंह, शाहिदा प्रवीण, सिकंदर कुमार यादव, शेखर गुप्ता, मुकेश मोहन प्रसाद, निधि स्नेहा, निशि कुमारी, रेनू कुमारी, मुन्ना कुमार ओर सत्यनारायण प्रसाद उपस्थित थे।

## महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत चोपदार बलिया में रविवार को बंधु मिलन कल्याण समिति के द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया गया।



महिलाओं की ट्रेनिंग को लेकर जिला कोडिनेटर अली राजा ने बताया कि काजू किशमिश पैकिंग का ट्रेनिंग दिया गया है। जिसमें 3 महीना तक काजू किशमिश पैकिंग करना है, 3 महीना के बाद 75 तरह का सामान पैकिंग करना है। महिलाएं घर बैठे पेकिंग करके अपनी जीविकापार्जन कर सकती है। इससे महिला आत्मनिर्भर होगी। प्रति पैकेट पैकिंग पर 50 पैसा मिलेगा, जिससे महिलाएं महिने में रु9000 कमा सकती है। मौके पर उपस्थित बंधु मिलन कल्याण समिति के सीएमडी बब्लू समांता स्वरोजगार को लेकर महिलाओं को कहीं महत्वपूर्ण जानकारियां दी। मौके पर मुख्य रूप से रंजीत साव, सबिता देवी, रीना देवी, सावित्री देवी,सरीता देवी, फिरोज बेगम, अफसाना कुमारी सिन्हा, अशिया प्रविण, काजल कुमारी, प्रिती कुमारी, नाजिया प्रविण,कैना तारा, आरती देवी, मीणा देवी, अनीता देवी, मोनिका देवी, अनिता देवी व दर्जनों लोग उपस्थित थें।

## विकास सेवा समिति का पुनर्गठन, अशोक कुमार अध्यक्ष व बुद्धिनाथ महतो चुने गये सचिव


**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ज्ञानोदय विकास विद्यालय बड़कागांव के प्रांगण में मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह समिति के सदस्य रंजीत



कुमार की अध्यक्षता में विकास सेवा बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की पुनर्गठन को लेकर बैठक की गई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष, सचिव एंव कार्यकारिणी सदस्यों के चयन को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया। तत्पश्चात सर्वसम्मति से अशोक कुमार को अध्यक्ष, बुद्धिनाथ महतो को पुनःसचिव पद पर चयन किया गया। वहीं विकास कुमार को समिति का प्रबंधक बनाया गया। निदेशक पार्षद के रुप में शशि कुमार मेहता, धनुषधारी महतो, प्रवीण कुमार, अश्विनी कुमार, राजु कुमार, ज्ञानी कुमार, राधा देवी, शशि भवानी, शम्भू ठाकुर, मुखिया रंजीत कुमार, पुर्व मुखिया विश्वनाथ रजक, देवप्रसाद महतो, राजेन्द्र कुमार का चयन किया गया। मौके पर समिति के सभी नवचयनित व पुर्व पदाधिकारियों को, उपस्थित सदस्यों ने फुल माला पहनाकर स्वागत किया। समिति को आगे ले जाने के लिए अपने दायित्वों को निभाते हुए हमेशा अग्रसर रहने की शुभकामनाएं दी गई। इस बैठक में मुख्य रुप से सिकेन्द्र सोनी, पुर्व अध्यक्ष दशरथ महतो, बैजनाथ साव, झमन प्रसाद, उमेश प्रसाद, अरविंद महतो, इश्वरी प्रसाद, अश्विनी कुमार सहित सैकड़ों सदस्य मौजूद थे।

## डहरभंगा मुखिया ने किया प्रखंड कार्यालय के सौजन्य से कंबल वितरण

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के डहरभंगा पंचायत भवन प्रांगण में स्थानीय मुखिया रेखा देवी ने वृद्ध पुरुष



महिलाओं गरीब असहाय बेसहारा परिवार लाभुकों के बीच 120 कंबल का वितरण किया । स्थानीय मुखिया ने मौजूद लाभुकों से आग्रह किया कि बेवजह ठंड में अपने घरों से पंचायत क्षेत्र के लोग बाहर नहीं निकले चुकी ठंड बूढ़े बच्चे और नौजवान देखकर नहीं आता ।ठंड से बचाव को लेकर गर्म कपड़े का इस्तेमाल करें। लाभुकों ने कंबल पाकर खुशी जाहिर करते हुए सरकार को धन्यवाद दिया। मौके पर समाज सेवी रविंद्र यादव ,वार्ड पति संजय कुमार लाभुकों में नूरजहां खातून, सायरा खातून,बसंती देवी, खीरो साव,पुनीत यादव,महावीर राम,वाहिद अंसारी,रघुनि राम, झालवा देवी पति बासुदेव भुइंया ,भिखारी यादव, सुजिया खातून,पार्वती देवी, मुनैजा खातून ,दिनेश्वर यादव,फूलो राम ,चोलो साव,महावीर राम,सीता देवी, मो. शांति ,सुरजी देवी,हीरामणि गोप , मो.सालवा पति बाटू भुइंया समेत अन्य सैकड़ों की संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

## जी.टी.रोड से हो रही गो तस्करी पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने की प्रशासन से मांग

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जीटी रोड से लगातार हो रही गो तस्करी को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने चिंता व्यक्त की है। हजारीबाग जिला गो रक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता ने प्रशासन से मांग की है कि जी टी रोड से होकर हो रही गो तस्करी पर पूर्ण लगाम लगायी जाए। जिला गो रक्षा प्रमुख ने कहा है कि जी टी रोड से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन पर गो वंशीय जीवों को बंगाल के कत्लखानों और बांग्लादेश तक तस्कर तस्करी कर ले जा रहे हैं। इसमें प्रशासन की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। झारखंड में झारखंड गोवंशीय हत्या प्रतिषेध अधिनियम और भारतीय पशु क्रूरता अधिनियम के साथ साथ यातायात अधिनियम का खुलेआम मजाक उड़ाया जा रहा है, जो चिंता का विषय है। जिला गो रक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता ने कहा कि मवेशियों से लदे वाहनों को जनता के द्वारा पकड़ कर पुलिस प्रशासन को देने पर भी बिना पशुपालन पदाधिकारी के जांच प्रतिवेदन के मवेशी वाहनों को छोड़ दिया जाता है, जो गलत है। कहा कि गो तस्करी पर लगाम नहीं लगाने की स्थिति में विश्व हिंदू परिषद गो रक्षा विभाग चरणबद्ध आंदोलन करेगा।

## हजारीबाग यूथ विंग ने ठंड से बचाने के लिए अब तक 1100 कंबल बांटे, जरूरतमंदों को मिली राहत की गर्माहट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** कड़ाके की ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से हजारीबाग यूथ विंग ने अपने शीतकालीन राहत अभियान के तहत सिरसी और ढेंगुरा गांव में 100 जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबलों का वितरण किया। इस अभियान के माध्यम से संस्था अब तक 1100 कंबलों का सफल वितरण कर चुकी है। समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए संस्था का यह प्रयास जनहित और मानवता के प्रति समर्पित है। हजारीबाग यूथ विंग का यह अभियान केवल दिन तक सीमित नहीं है। संस्था के सदस्य रात के समय भी ठंड में ठिठुरते लोगों तक पहुंचकर उन्हें राहत सामग्री प्रदान कर रहे हैं। शहर और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में यह पहल न केवल ठंड से राहत पहुंचा रही है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी की नई मिसाल पेश कर रही है। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने शीतकालीन राहत अभियान के संदर्भ में कहा की ठंड के मौसम में राहत प्रदान करने का यह प्रयास न केवल उनके जीवन में गर्माहट ला रहा है, बल्कि समाज में एकजुटता और मानवीय मूल्यों की भावना को भी मजबूत कर रहा है। संस्था द्वारा किए गए इस अभियान से यह साबित होता है कि अगर हम सब मिलकर समाज के लिए काम करें, तो कोई भी संकट दूर किया जा सकता है। मैं इस अभियान के सभी सदस्य को धन्यवाद देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे इसी प्रकार समाज सेवा के क्षेत्र में और कार्य करेंगे। संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों तक हरसंभव सहायता पहुंचाना है। समाज में कोई भी



व्यक्ति ठंड के कारण कष्ट न सहे, यह सुनिश्चित करने के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। आने वाले दिनों में हमारा लक्ष्य है कि अधिक से अधिक गांवों और शहरों के वंचित वर्गों तक यह राहत सामग्री पहुंचाई जाए। इस अभियान को न केवल जरूरतमंदों का आशीर्वाद मिल रहा है, बल्कि समाज के अन्य वर्गों और जनप्रतिनिधियों का भी सक्रिय समर्थन प्राप्त हो रहा है। स्थानीय निवासियों ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान मानवता का सच्चा उदाहरण है। संस्था का यह अभियान यह दिखाता है कि जब समाज के लोग एकजुट होकर जरूरतमंदों की मदद के लिए कदम बढ़ाते हैं, तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। हजारीबाग यूथ विंग का यह प्रयास निश्चित ही समाज को प्रेरित करने वाला है। मौके पर सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी,कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकाश तिवारी, शम्पा बाला, उदित तिवारी, मोहम्मद ताजुद्दीन, सत्यनारायण सिंह, सिद्धार्थ कुमार उर्फ सिद्धू, पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय साहू, पीयूष राणा सहित कई लोग मौजूद रहें।

## बर्णवाल (मोदी) सेवा समिति के परिवार मिलन समारोह में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद हुये शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबागद :** सामाजिक एकता और सेवा के उद्देश्य से बर्णवाल (मोदी) सेवा समिति, हजारीबाग द्वारा आयोजित परिवार मिलन समारोह एक भव्य आयोजन के रूप में संपन्न हुआ। इस अवसर पर हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह का शुभारंभ परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ हुआ, जिसमें दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण ने वातावरण को और भी आध्यात्मिक बना दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद का समारोह में पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की बरनवाल समाज ने हमेशा सामाजिक एकता और परोपकार के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। यह परिवार मिलन समारोह न केवल आपसी सौहार्द्र को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज को संगठित और सशक्त बनाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी



प्रस्तुत करता है। मैं इस समाज के सदस्यों की प्रतिबद्धता और सेवा भावना की सराहना करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी वर्गों का साथ और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र की जनता के हित में काम करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और समाज के विकास के लिए हर संभव सहयोग देंगे। समिति के पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा की हमारे समाज का उद्देश्य न केवल आपसी सौहार्द्र को बढ़ाना है, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को सहयोग प्रदान करना भी है। विधायक प्रदीप प्रसाद जैसे जनसेवकों का मार्गदर्शन और सहयोग हमारे लिए प्रेरणादायक है। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और युवाओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने समाज को और मजबूत बनाने और सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। समारोह में कई संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गरिमामय ढंग से किया गया और सभी ने इसे एक प्रेरणादायक और यादगार आयोजन के रूप में सराहा।

## द होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया का वनभोज कार्यक्रम हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबागद :** द होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन चिकित्सक हजारीबाग जिला यूनिट के तत्वाधान में वन भोज का कार्यक्रम किया गया, जिसमें हजारीबाग के सभी होम्योपैथिक चिकित्सक आनंद लिए । यह कार्यक्रम झील परिसर में हजारीबाग संपन्न हुआ । जिसमें मुख्य रूप से संगठन के अध्यक्ष डॉ गणेश शंकर, सचिव डॉ आनंद शाही,कोषाध्यक्ष डॉ अजीत कुमार, डॉ अनिल प्रसाद ने आयोजन किया , हजारीबाग के सभी होमियोपैथिक चिकित्सको ने भाग लिया,जिले में होमियोपैथिक चिकित्सको का उत्थान के विषय पर चर्चा हुआ,संघ के अध्यक्ष डॉ गणेश शंकर ने कहा कि संगठन में जुड़ कर रहने से एक दूसरे के दुख सुख में सभी लोग भाग लेते है,संगठन हमेशा एक दूसरे के साथ खड़ा रहता



है ,सचिव डॉ आनंद शाही ने बताया कि द होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन पूरे झारखंड सहित भारत में सबसे बड़ी संगठन है हमेशा हर राज्य में सेमिनार से लेकर मेडिकल कैंप ऑर्गेनाइज करते आ रही है,चिकित्सको का भलाई के बारे में हमेशा आगे बढ़ चढ़ कर कार्य करते आ रहा है । आज के इस पिकनिक कार्यक्रम डा अनिल प्रसाद, डॉ विनोद कुमार, संगठन के मीडिया प्रतिनिधि डॉ प्रहलाद सिंह,डॉ अजीत कुमार, विजय कुमार तिवारी डॉ राजेश त्रिवेदी, डॉ पंकज कुमार, डॉ अमित कुमार, डॉ धीरज कुमार डॉ संजय कुमार वर्मा डॉक्टर हरिओम, डॉ पंकज कुमार हजारीबाग होम्यो हॉल के भोला सिंह,परफेक्ट होम्यो के मनोज कुमार,चंदन कुमार, डॉ पंकज कांत सहाय, डॉ शंकर मोदी, डॉ बिशेश्वर ठाकुर, डॉ जयप्रकाश सिन्हा, डॉ अमरेंद्र भास्कर डॉ एके सहाय डॉ नसीम उपस्थित हुए ।

## पंचायत समिति की समीक्षा बैठक में माण्डू व बगोदर विधानसभा विधायक ने सभी विभागों को लगाई कड़ी फटकार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में पंचायत समिति की की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक माण्डू विधायक निर्मल कुमार/तिवारी महतो,बगोदर विधायक नागेंद्र महतो की मौजूदगी में हुई। बैठक में सभी विभागों की गहनता से समीक्षा करने के पश्चात माण्डू विधायक ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा में सभी स्कीमो पर जल्द कार्य प्रगति करें। पंचायतो में पूर्व में जितने भी चापाकल लगाए गए है,वो अगर घर की चारदीवारी के अंदर या मोटर लगाया गया हो तो उसकी रिकवरी की जाय। अंचल को सख्त निर्देश देते हुए गैरमजरूआ जमीन को खाता 101 को अतिक्रमण मुक्त कराने की कड़ा निर्देश दिया गया। चिकित्सा प्रभारी को सख्त निर्देश देते हुए निजी अस्पतालो में मनमानी लूट को



रोकने के लिए अधिकतम शुल्क 200 रुपये तक रखने का निर्देश दिया गया। खाद्य-आपूर्ति में मिल रही गड़बड़ियों पर संज्ञान लेते हुए निर्धारित आवंटन कार्डधारकों को देने की बात कही गई।इस मौके पर मुख्य रूप से विष्णुगढ प्रमुख जैबुन निशा,बीडीओ अखिलेश कुमार,चिकित्सा प्रभारी डॉ. अरुण कुमार सिंह,कोडरमा साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष अजय मंडल,महादेव कुमार महतो,राजेश सोनी, सीआई जितेंद्र कुमार,प्रभारी एमओ पीयूष सिन्हा, बीपीओ राजमोहन वर्मा, ममता सिंह,अभय सिंह,समेत सभी पंचायतो के पंसस इस बैठक में शामिल थे।

## पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से किया मुलाकात

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल झारखंड प्रदेश कांग्रेस झारखंड अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं झारखंड सह प्रभारी बेला प्रसाद से मिलकर नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए पतरातू प्रखंड में वरीय नेताओं द्वारा पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी संगठन एवं वरिष्ठ कांग्रेसियों कि अनदेखी करने तथा मान सम्मान नही देने जाने को लेकर उन्हें जानकारी दी गई की किस तरीके से संगठन के पदाधिकारी एवं समर्पित लोगों को दरकिनार कर यहाँ परिपाटी चलाई जा रही है । जिसे समाप्त कर कांग्रेस के मूल संरचना को स्थापित करने का आग्रह किया गया। जिससे कि संगठन प्रखंड अध्यक्ष ,जिला अध्यक्ष स्वतंत्र रूप से पार्टी के विस्तार एवं हित में काम कर सकें ।वहीं जनवरी माह में पतरातू आने का निमंत्रण दिया।जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए प्रखंड अध्यक्ष को संगठन मजबूत करने हेतु संगठन का पुर्न विस्तार करते हुए सम्मेलन सह वनभोज करने का निर्देश दिया है।प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी चमन लाल पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र राम, जिला महासचिव प्रेमनाथ विश्वकर्मा ,लखन राम ,वीरू सिंह अनिल कुमार सिंह माहताब आलम एवं संजीव कुमार सिंह शामिल थे।



## चुडा गुड़ एवं तिलकुट का वितरण

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाज सेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा में दातुन पत्तल बेचने वाले गरीब परिवार को आने वाली मकर संक्रांति को लेकर 150 लोगों को चूड़ा गुड तिलकुट का वितरण किया गया मंच लगातार जन सहयोग से 9 वर्ष से भुरकुंडा साप्ताहिक रविवार बाजार में भोजन सेवा कर रहा है मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह उमाशंकर जायसवाल रिंकू वर्णवाल शुक्रा करमाली लालू उरांव प्रोफेसर रामानुज सिंह लखन राम राजू मल्होत्रा शिवकुमार यादव रंजीत यादव कालू यादव अशोक झा आर पी राणा श्रीनिवास अग्रवाल मोहम्मद शाहिद इत्यादि।समाजसेवी उपस्थित थे।आगे भी जारी रहेगी भजन सेवा।



## मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति की हुई बैठक

**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति का बैठक होन्हे मोढा पंचायत में किया गया। बैठक कि अध्यक्षता साहिद शिदकी संचालन लालधन महतो ने किया। बैठक में डाडी प्रखण्ड को रामगढ़ जिला में शामिल करना। मांडू को अनुमंडल बनाना। सदस्यता बनाने पर चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 जनवरी को कम्बल का वितरण किया जाएगा। सर्वसम्मति से मांडू अनुमंडल बनाओ संघर्ष समिति डाडी प्रखण्ड का अध्यक्ष अनामुल अंसारी को बनाया गया। बैठक में पंचायत समिति सदस्य होन्हे मोढा प्रतिनिधि मनोज कुमार, तिलेश्वर पटेल, आदित्य मरांडी, राजू महतो, बासुदेव महतो, अनिल भारती,




## कुजू मे करमाली लोहरा विकास महासभा का किया गया गठन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार कुजू अम्रपाली होटल मे करमाली लोहरा विकास महासभा गठन किया गया जिसकी अध्यक्षता सुकर करमाली और संचालन नंदलाल करमाली ने किया। सर्व समिति से निर्णय लिया गया सोमदेव करमाली केंद्रीय अध्यक्ष केंद्रीय प्रधान महासचिव सुभाष राम करमाली केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप करमाली केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुकर करमाली केंद्रीय महासचिव गंभीर करमाली केंद्रीय संगठन सचिव नंदलाल करमाली कार्यकारिणी सदस्य शंकर करमाली पंचू करमाली उमेश करमाली सुकर करमाली भीम करमाली सर्व समिति से चुना गया और साथ ही साथ निर्णय लिया गया रामगढ़ जिला में बहुत जल्द धर्मशाला बनाने का निर्णय लिया गया।



## आदिवासी छात्र संघ नगर कमेटी की हुई बैठक

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ में सिद्धू कानू मैदान में आदिवासी छात्र संघ नगर कमेटी की बैठक हुई इसकी अध्यक्षता जगन्नाथ मुंडा व संचालन श्रीवास्तव मुंडा ,प्रमोद मुंडा ने कियाद्य बैठक में निर्णय लिया गया कि जमशेदपुर में बिषटुपुर में 26 जनवरी को मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा चौक में प्रतिमा स्थापित होने वाला है उसी में रामगढ़ नगर कमेटी भाग लेंगे और आदिवासी समाज की मजबूती पर चर्चा हुई सभी वक्त ने कहा कि आदिवासीयों की संस्कृति और जल ,जंगल व जमीन की रक्षा के लिए समाज को शिक्षित होना जरूरी हैद्य मौके राजेश पहान,आदिवासी अगुआ सह समाजसेवी दीपक उराँव, रवि मुंडा ,विक्की आदिवासी, तरुण मुंडा ,रमेश बेदिया, सुनील मुंडा, अमृत महली, बसंत मुंडा, सूरज मुंडा,दीपक महली, आर्य मुंडा राजू मुंडा आदि कोई उपस्थित थे।



## श्री श्याम मंदिर कमेटी के सदस्यों से सांसद ने किया मुलाकात

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ नेहरू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को सांसद मनीष जायसवाल का आगमन हुआ। उन्होंने सभी दृष्टियों के साथ मंदिर का निरीक्षण किया और मंदिर के लिए जो भी सहयोग चाहिए उसे यथासंभव पूरा करने का भरोसा दिलाया। श्री श्याम सेवा ट्रस्ट समिति ने उन्हें प्राण प्रतिष्ठा में उपस्थित होने का निमंत्रण दिया। मंदिर के निर्माण कार्य को देखकर उन्होंने प्रशंसा की।श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष सांवर कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल कुमार गोयल, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, भवन निर्माण मंत्री रमेश कुमार अग्रवाल, कमल बगड़िया , सुशील गर्ग , शिव कुमार अग्रवाल, दीपक मंगलम, शंभू अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, श्याम परशुरामपुरिया, बाल किशन जलान, इंद्र अग्रवाल, प्रकाश पटवारी, मुन्ना अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजू चतुर्वेदी, राजीव जायसवाल, रॉबिन गुप्ता, अनमोल सिंह, राजीव जायसवाल, आदित्य सहित अनेक गण मान्य उपस्थित रहे ।



# सांसद मनीष जायसवाल ने सदन में उठाये 72 सवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की पहली बार में ही देश के सर्वोच्च सदन संसद के तीनों सत्रों में बेमिसाल उपलब्धि रही। उन्होंने तीन सत्रों के 54 दिनों की सदन अवधि में कुल वर्किंग डे 44 में दमदार अपनी सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अनमोल अवधि में अपने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के जनहित से जुड़े कई क्रांतिकारी और कल्याणकारी कुल 72 मुद्दे उठाए और 07 बार उन्हें लोकसभा के पटल बोलने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्हें लोकसभा की तीन प्रमुख समितियों का सदस्य बनाया गया जिसमें प्राक्कलन समिति, कोल तथा माइंस की सलाहकार समिति और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति शामिल है। हजारीबाग जिला मुख्यालय में सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र में सेवा कार्यों और विकास को नई गति दी। सदन में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही लगातार लोकसभा क्षेत्र के दौरे और सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और यथासंभव समस्याओं के निराकरण का भरसक प्रयास किया। उक्त बातों की जानकारी खुद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को रामगढ़ शहर के चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन सभागार में एक विशेष प्रेस-वार्ता का आयोजन कर दिया। उन्होंने कहा कि जिन विषयों पर पिछले दो सत्रों में अपनी बात रखने का अवसर मिला वह निम्नलिखित हैं हजारीबाग लोकसभा के सबसे ज्वलंत मुद्दे के साथ शुरुआत की।हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर, सूरत, अहमदाबाद आदि गंतव्यों के लिए लंबी दूरी की ट्रेनों की मांग सदन पटेल पर सरकार के समक्ष रखा।दूसरे सत्र में एक बार पुनः हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत यात्री सुविधाएं बढ़ाने और हजारीबाग से दिल्ली - कोलकाता - वेल्लेर के लिए ट्रेन देने की मांग की। रामगढ़ में इंडियन स्कूल ऑफ़ माइंस खोले जाने की मांग शिक्षा मंत्री जी के समक्ष रखा।बंगाल सरकार की नीतियों के कारण झारखंड में आलू की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है, इस महत्वपूर्ण विषय को लोकसभा में सरकार व देश के समक्ष रखा। सदन में शिक्षा के अनुदानों पर हो रही चर्चा के दौरान अपना पक्ष रखने का मौका पहले ही सत्र में मिला।झारखंड के दो जालंत मुद्दे भी सदन पटेल पर रखे। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न सड़क संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।मौके पर रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल,भाजपा नेता राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, रंजीत सिन्हा, इलारानी पाठक, राजू राजू कुशवाहा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में 25 वां स्थापना दिवस के अवसर पर पूजा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रविवार को राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के मंदिर परिसर में विद्यालय का 25 वां स्थापना दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती के शुभ अवसर पर पूजा एवं हवन का आयोजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया।इस अवसर पर राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के संस्थापक स्व. गोविंद साह एवं स्व. राधा देवी तथा स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन विद्यालय के चेयरमैन माननीय श्री बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन बी एन साह ने 25 वें स्थापना दिवस पूरे होने पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।मौके पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार,विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, प्रशासक के. एन. सिंह ,समस्त शिक्षकवृंद एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# सयाल में सीसीएल के जमीन पर हो रहा है अवैध निर्माण कार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में इन दिनों अवैध निर्माण का कार्य जोरो शोरो से जारी है। वहीं इस बार सीसीएल सुरक्षा विभाग व सीसीएल प्रबंधन कि मिलीभगत से अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वहीं यह अवैध निर्माण कार्य सयाल आठ नंबर स्थित शंकर गैराज के बगल में किया जा रहा है। सयाल मेन रोड से सटे सीसीएल कि जमीन पर यह निमार्ण कार्य किया जा रहा है। वहीं सीसीएल प्रबंधन इस करतूत पर मौन साधे हुए हैं। बता दें कि उरीमारी निवासी व बड़कागांव विधानसभा चुनाव में खड़ा हुए प्रत्याशी हसन अंसारी एवं सयाल जमुरीया बाजार निवासी चांद अंसारी दोनों मिलकर सयाल आठ नंबर में भव्य दुकान का निर्माण कर रहे हैं। बता दें कि



सयाल-उरीमारी मुख्य मार्ग आठ नंबर में कि जा रही निमार्ण कार्य में लाखों रुपए का चढ़ावा सीसीएल को चढ़ाया गया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों का कहना है कि इस निमार्ण कार्य को कोई रोक नहीं सकता है। सीसीएल ने इन्हें निर्माण कार्य का इजाजत दी है। अवैध निर्माण कार्य कि जानकारी नहीं- एनके सिंह एरिया सुरक्षा पदाधिकारीसयाल-उरीमारी मुख्य मार्ग स्थित आठ नंबर स्थित अवैध निर्माण कार्य पर एरिया सुरक्षा पदाधिकारी एन के सिंह ने कहा कि इस मामले कि जानकारी नहीं है। हमने अपने स्तर से काम बंद करने को कहा था। पर दोनों व्यक्ति मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं। सीसीएल प्रबंधन से बात कर उचित कार्रवाई कि जाएगी।

# झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का उद्घाटन 13 जनवरी को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का उद्घाटन आगामी 13 जनवरी 2025 को झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और स्थानीय विधायक ममता देवी के कर कमलों से संपन्न होगा। यह विद्यालय क्षेत्र की बालिकाओं को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और सुरक्षित आवासीय सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। उद्घाटन समारोह की तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए रामगढ़ जिला उपायुक्त (डीसी) चंदन कुमार ने विद्यालय का दौरा किया। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और उद्घाटन समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। डीसी श्री चंदन कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और समारोह को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।कार्यक्रम के मुख्य बिंदु , उद्घाटन समारोह- शिक्षा मंत्री और स्थानीय विधायक विद्यालय का उद्घाटन करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम- विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।विद्यालय का भ्रमण- अतिथियों और आगंतुकों को विद्यालय की




विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन कराया जाएगा।

**विद्यालय का महत्व**

यह विद्यालय क्षेत्र की बालिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षिक मंच प्रदान करेगा, जो उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक होगा। इसके माध्यम से बालिकाओं को शिक्षा का समान अवसर मिलेगा, जिससे वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकेंगी। दुलमी प्रखंड के सभी निवासियों से अनुरोध है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाएं और इसे सफल बनाएं। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम शर्मा बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश बिडिओ अमित मिश्रा आदि।

# सांसद मनीष जायसवाल ने किया गरीबों के बीच कंबल का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** विगत कुछ दिनों से ठंड और शीतलहर काफी बढ़ी हुई है जिससे गरीबों को ठंड में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गरीबों की इस परेशानी को देखते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा अपने लोकसभा क्षेत्र में लगातार जरूरतमंद गरीब, असहाय और मजबूर लोगों के बीच पहुंचकर कंबल वितरण किया जा रहा है ।इसी कड़ी में सांसद ने रविवार को रामगढ़ शहर के लेप्रोसी कॉलोनी वासियों के बीच पहुंचकर उन्होंने ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सैकड़ों कंबल का वितरण किया। पूछे जाने पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा जनता की सेवा करना ही मेरा उद्देश्य है , जरूरतमंदों की सेवा करके असली खुशी मिलती है।कंबल वितरण कार्यक्रम में उपस्थि भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस ने कहा सांसद मनीष जायसवाल जनता के हर दुख में खड़े रहते हैं, यही कारण है कि जनता को जब भी कोई परेशान होती है तो मनीष जायसवाल हमेशा उनकी परेशानी का समाधान कराने के लिए प्रयासरत रहते हैंइस मौके पर उपस्थि प्रवीण मेहता, राजीव जायसवाल, राजू चतुर्वेदी, पुरुषोत्तम पांडे, रंजीत पांडे, इला रानी पाठक, राजीव रंजन, सत्यजीत सिंह, अनमोल सिंह, पंकज कुमार ,विजय जायसवाल, धीरज कुमार, नूतन कुमार ,सागर दांगी,रणजीत सिंहा, अजय राम,अमर बोदरा, अंकित सिंह,राहुल पासवान आदि।

# एबीवीपी ने रन फॉर यूथ सह संगोष्ठी का किया आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, रामगढ़ नगर इकाई के द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रन फॉर यूथ सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। रन फॉर यूथ का आयोजन।सुभाष चौक से रामगढ़ कॉलेज गेट तक किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को एकजुट करना और उन्हें सकारात्मक ऊर्जा, प्रेरणा और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के पश्चात रामगढ़ कॉलेज गेट में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का प्रारंभ भारत माता, देवी सरस्वती और युवाओं के प्रेरणाश्रोत विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। रामगढ़ कॉलेज के छात्र अंकित कुमार ने अभाविप को स्वामी विवेकानंद जी तस्वीर बना कर भेंट की। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख डॉक्टर आशीष कुमार ने बताया कि यह आयोजन युवाओं में शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करता है। दौड़ के माध्यम से युवाओं में फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना व युवा शक्ति को नशे से बचाकर सकारात्मक ऊर्जा में बदलना, हमारे राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने युवाओं को विवेकानंद जी के आदर्श को आत्मसात करने हेतु सभी को प्रेरित किया। नगर मंत्री नितेश कुमार मोदी ने विवेकानंद जी की वृतांत यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि युवा शक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और सामाजिक जिम्मेदारी को समझाने हेतू अपने सपनों को हासिल कर, समाज में सक्रिय भागीदारी का आधार बनकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते

## गरीब समाजसेवी संघ द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष में गरीबों की बीच चूड़ा गुड और कंबल का किया गया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा गरीब समाजसेवी संघ की ओर से भुरकुंडा बाजार में मकर संक्रांति के उपलक्ष में गरीबों की बीच चूड़ा गुड और कंबल का वितरण किया गया यह कार्यक्रम पिछले तीन वर्षो से प्रत्येक सप्ताह प्रत्येक रविवार को गरीबों की बीच सेवा दिया जाता है गरीब समाज सेवी संघ के उपाध्यक्ष उदय स्वर्णकार ने कहा कि यह जो कार्यक्रम होता है वह संघ के सदस्यों के सहयोग के द्वारा होते आ रहा है और आगे भी इसी तरह होता रहेगा गरीब समाजसेवी संघ में पप्पू सिंह के आने से और भी संघ मजबूत हो गई है और अनेक संघ के सदस्यों की उपस्थिति में प्रत्येक सप्ताह प्रत्येक रविवार को किया जाता है ओ साथी साथ समाजसेवी पप्पू सिंह ने अगले सप्ताह 19 जनवरी को अपने सहयोग से सभी गरीब लोगों के बीच में पूरी सब्जी का व्यवस्था का जिम्मेदारी ली है और आज श्री सिंह के द्वारा जहां-जहां जरूरतमंद लोगों को चिन्हित किया गया था उन सभी लोगों कंबल का वितरण किया गया और पप्पू सिंह ने संघ की इस तरह की मेहनत गरीब परिवार के लिये जो संघ के द्वारा इतनी ठंडी में जो की जा रही है उसकी तारीफ भी की और आगे भी इसी तरह तन मन धन से किसी भी जरूरतमंद और गरीब परिवार की सहायता की जरूरत होगी तो पप्पू सिंह ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात की जो की हमारा सहयोगी हैं विनोद शाह अजय सोनी डॉक्टर केसी दास तिजराम विजय कुमार सुभाष करमाली निरंजनी देवी सविता देवी सुधा तिवारी रेणुका दास रोहिणी देवी पिंकी सागर लीला सागर विजय लक्ष्मी शर्मा उत्तरा देवी श्रावणी विश्वास एवं अनेकों सदस्यों के सहयोग से यह कार्यक्रम को सफल बनाया गया

## आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव ने रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह को नव वर्ष की दिया बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** आरसीएमयू इंटक बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह विसमो संरक्षक राजू यादव के नेतृत्व में विसमो के पदाधिकारीयो ने आरसीएमयू इंटक रीजनल सचिव कुमार महेश सिंह से मुलाकात कर नव वर्ष कि बधाई दी और साथ ही 17 जनवरी को बरकासयाल में सम्मान समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। वहीं पोटंगा मुखिया सह विसमो अध्यक्ष चरका करमाली ने कुमार महेश सिंह से सीसीएल के द्वारा विस्थापितों के जमीन अधिग्रहण मामले कि जानकारी दी और रोजगार व मुवावजा नहीं मिलने कि बात कही। वहीं आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि कुमार महेश सिंह के रीजनल सचिव बनने से युनीयन को और मजबूती मिलेगी। वहीं कुमार महेश सिंह ने राजू यादव को आश्वस्त करते हुए कहा कि 17 जनवरी के कार्यक्रम में जरूर शामिल होंगे। विस्थापितों व कर्मचारीयों कि समस्याओं का समाधान प्रबंधन से बात करके किया जाएगा। वहीं कुमार महेश सिंह से मुलाकात करने वालो में विश्राम सोरेन, महेश गंझू, रवि पावरीया,उदन सोरेन, विकास करमाली, पप्पू यादव,दीपक यादव आदि मौजूद थे।

## रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट हुआ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के द्वारा आयोजित रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024- 25 का मैच रामगढ़ दामोदर इनडोर बैडमिंटन हॉल छावनी परिषद रामगढ़ में खेला गया जिसे संपन्न कराने में रामगढ़ स्पोर्ट्स अकैडमी बैडमिंटन के संयोजक रोहित कुमार एवं ट्रेनर आकाश कुमार झा का मुख्य भूमिका रहा। मेंस डबल में ,डॉ मनीष केसरी और अमित बालाजी की जोड़ी ने मिथिलेश एवं रोहित को 15/11 एवं 15/07 से हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाएं , प्रवीण जैन एवं हर्ष जैन की जोड़ी ने दीपक और लड्डू को 15/8 एवं 15/6 से हरा कर सेमीफाइनल में पहुंचे,मेंस सिंगल में सागर कुमार ने निखिल कुमार को सेमीफाइनल में 21/7 एवं 21/3 से हरा कर फाइन में जगह बनाएं,ऋषिकांत कुशवाहा ने शशि कुमार को 15/9 एवं 15/8 से हरा कर फ़ाइनल में जगह बनाएं।अंडर - 19 गर्ल्स कशिश कुमारी एवं अपूर्वा अनन्य ने खुशी कुमारी एवं अपूर्व शर्मा को फाइनल में हराकर जिला चैंपियन बनी।स्कोर 15/9 एवं 15/8 रहा था. बैडमिंटन टूर्नामेंट को संपन्न कराने में रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के मानदसचिव अरुण कुमार राय की देखरेख में उक्त टूर्नामेंट चल रहा है इस मौके पर उपस्थित खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी अंकुश कुमार, रुद्रांश कुमार, कशिश रानी हर्ष जैन प्रवीण जैन सुशील सिंह निखिल कुमार रामजी सिंह शशि कुमार विक्रम कुमार प्रियांशु कुमार सागर कुमार आयुष कुमार गौरव अग्रवाल ऋत्विक कुमार बृजेश तिवारी अपूर्वा अनन्या तृषा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## रामगढ़ जागरूक मंच के तत्वाधान में वनभोज सह मिलन समारोह का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रामगढ़ जागरूक मंच के तत्वाधान में वनभोज सह मिलन समारोह की आयोजन किया गया। इस आयोजन में युवाओं ने निर्णय लिया कि जागरुक मंच के द्वारा रामगढ़ शहर में युवाओं को जोड़ा जाएगा समाज में हर वर्ग की कदम से कदम मिलाकर साथ दिया जाएगा इसमें एक संरक्षक टीम बनाई गई जिसमें छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष छोटू सिंह पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह युवा समाजसेवी राजेश ठाकुर पंकज तिवारी संतोष नायक नागेंद्र मुंडा मुकेश राम अविनाश राम आदि को बनाया गया।इस मौके पर आलोक शर्मा , दिलीप नायक, गोलू वर्मा, देवेन्द्र मुंडा, सल्लू सोनी ,निरंजन महतो, अजय पांडे, सूरज साव, अविनाश कुमार, कमल सिन्हा, विशाल विश्वकर्मा, विकी आदिवासी, जय मल्लिक, प्रीतम विश्वकर्मा, अजय गुप्ता रितेश पांडे, रोहित सिंह विकास पोद्दार बिट्टू सोनी, चंदन गुप्ता, देवाशीष मुंडा, सुभाष विश्वकर्मा, धीरज अग्रवाल दिलीप केडी ,सोनू सिंह, मुकेश कुमार, रोशन वर्मा, संजय साव,सुनील महतो , प्रमोद चौधरी, बबलू दुबे, रवि ठाकुर ,अभिषेक गुप्ता, अमित अग्रवाल शशि सोनी संजू गुप्ता सुनील नायक कृष्णा रजक, उत्तम वर्णवाल आदि उपस्थित थे।

## मुख्तार अहमद ने चौरंगी थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर मानव अधिकार प्रोटेक्शन झारखण्ड प्रदेश के महासचिव सह प्रसिद्ध समाजसेवी मुख्तार अहमद ने झारखंड और बंगाल की सीमा पर चौरंगी थाना प्रभारी कार्तिक चंद्र भूई को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके पदोन्नति व उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्तार अहमद ने बताया की चौरंगी थाना प्रभारी कार्तिक चंद्र भूई एक अच्छे व्यक्तित्व के धनी हैं तथा इनके द्वारा किए जा रहे कार्य अत्यंत प्रसंशनीय एवं सराहनीय हैं।

## उदया काली मंदिर पूजा कमेटी ने किया कम्बल वितरण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को कोयला भवन के समीप उदया काली मंदिर में स्वामी विवेकानंद जी का जन्मोत्सव पर उदया काली मंदिर पूजा कमिटी के सेविकाओं के सौजन्य से गरीबों के बीच कम्बल का वितरण कर मनाया गया।पूजा कमिटी के सदस्यों ने सर्व प्रथम स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण की। कमेटी के रूपा बोस ने बताया कि उनके कमिटी का यह पहला कम्बल वितरण कार्यक्रम है और आगे भी गरीबों को मदद करने का यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। इसके लिए सभी को आगे आकर बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। मंदिर कमिटी के सचिव अरुण पांडेय ने कहा कि मंदिर सेविका कमिटी के सदस्यों ने गरीबों के बीच कंबल वितरण कर अपनी मानव सेवाभाव का परिचय दिया है। कहा कि इस मंदिर प्रांगण में 16 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। कम्बल वितरण समापन के बाद मंदिर परिसर में प्रसाद के रूप में खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बीके झा, सुरजीत राय, दरोगा महतो, संजीव बोस, डी एन सिंह, शांतनु बनर्जी, दिगय भट्ट, एस देव चंद्र, नेपाल पंडित, रूपा घोष, मौसमी, संगीता, सीमा, नूतन, शिवली, चंदन, उमा, शुक्ला, रांगा, पुष्पा, मानसी, नीलांजना मौजूद थे।

## प्रिंसिपल हो बर्खास्त, नहीं तो होगा आंदोलन : उदय



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद जिले के डिगवाडीह स्थित कार्मल स्कूल में पेन डे मना रही छात्राओं से शर्ट उतरवाने मामले में पूर्व छात्र नेता उदय प्रताप सिंह ने धनबाद जिला के उपायुक्त तथा झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री से मांग की है कि तत्काल रूप से कार्मल स्कूल के प्रिंसिपल को बर्खास्त किया जाए, नहीं तों छात्र आन्दोलन के लिए वे बाध्य हो जाएंगे और इसकी सारी जिम्मेदारी कार्मल स्कूल की होगी। क्योंकि इस तरह का घिनौना हरकत स्कूल के द्वारा किया गया है, वह बहुत ही दुखद है। इस मामले में गंभीरतापूर्वक कार्यवाही की जाए। सिंह ने यह भी कहा कि जांच के बाद केस करना चाहिए ताकि कोई भी स्कूल इस तरह के हरकत करने से बाज आये।

## नुक्कड़ नाटक से किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निर्देशानुसार डीटीओ कार्यालय के परिसर में, मेमको मोड़, सिटी सेंटर तथा शहर के अन्य चौक चौराहों पर नुक्कड़ नाटक दिखा कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। लोगों को हिट एंड रन तथा गुड समेरिटन के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई है। मौके पर एमवीआई शुभम कुमार, एमवीआई हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, आरईए अमरेश कुमार, आईटी देवेंद्र कुमार एवं डीटीओ कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।

## किन्नरों से आशीर्वाद लेने पहुंचे श्री कालका मंदिर के अध्यक्ष



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शक्तिपीठ श्री कालका मंदिर दिल्ली के अध्यक्ष वीरेंद्र भगत ने कहा कि देश की कोयला राजधानी धनबाद में प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी के नेतृत्व में किन्नरों की महाअधिवेशन एक ऐतिहासिक कार्यक्रम हुआ है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। वीरेंद्र भगत छम छम देवी को श्री कालका मंदिर दिल्ली का चुनरी प्रसाद भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया और छम छम देवी, श्वेता किन्नर समेत उपस्थित अन्य किन्नरों को शॉल एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। वीरेंद्र भगत ने कहा कि इनका आशीर्वाद अमृत समान है। वहीं वीरेंद्र भगत ने छम छम देवी एवं श्वेता किन्नर को श्री कालका मंदिर, दिल्ली आने का निमंत्रण दिया जिसे दोनों ने स्वीकार करते हुए कहा की मां के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए मंदिर शीघ्र ही आएंगे। वीरेंद्र भगत के साथ समाजसेवी उदय प्रताप सिंह उपस्थित थे।

# साथी फाउंडेशन ने किया पत्रकारों को सम्मानित







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर साथी फाउंडेशन संस्था के द्वारा अपने विद्यालय परिसर में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मानव अधिकार प्रोटेक्शन झारखण्ड प्रदेश के महासचिव सह प्रसिद्ध समाजसेवी मुख्तार अहमद उपस्थित हुए। साथी फाउंडेशन संस्था के संस्थापक सह सचिव इरफान आलम, संस्था के सक्रिय व्यक्ति समाजसेवी दिलीप सिंह, शुभांकर मित्रा, गुलाम रब्बानी, शिक्षिका तय्यबा परवीन और नीमा परवीन ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया। तत्पश्चात पत्रकारिता जगत में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले दर्जनों पत्रकारों को मुख्तार अहमद ने अपने हाथों से मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और सभी पत्रकार बंधुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन परवेज खान ने किया।मौके पर मुख्य रूप से धनबाद प्रेस क्लब के महासचिव अजय प्रसाद, संजय चौरसिया, महफूज आलम, ज़मीर आरिफ, कमरूल आरफीन, मनव्वर अख्तर, नुमान खान, मो वाजिद खान, मो जावेद, छोटे खान, सतीश सिंह, विद्युत वर्मा, सूरज सिंह आदि पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

## दिलीप सिंह ने रिक्शा चालकों के बीच बांटे कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष दिलीप सिंह ने हीरापुर हटिया में स्थापित स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा पर अंगवस्त्र ओढ़ा कर उनकी 162वीं जयंती पर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर दिलीप सिंह ने दर्जनों रिक्शा चालकों के बीच ठंड से राहत देने के लिए कंबल भी बांटे।इस अवसर पर दिलीप सिंह ने कहा कि विवेकानंद जी की जयंती को युवा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद भारत के महान आध्यात्मिक गुरु और विचारक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। दिलीप सिंह ने कहा की युवा संघर्ष मोर्चा निरंतर समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रसर है और आगे भी इसी तरह सामाजिक क्षेत्र में योगदान देते रहेंगे।


# दिव्यांग बच्चों ने आईआईटी आईएसएम के उम्मीद 25 में लिया हिस्सा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**धनबाद :** नारायणी चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने रविवार को फास्ट फारवर्ड इंडिया आईआईटी आईएसएम के छात्रों की पहल उम्मीद 25 के एनुअल इवेंट में हिस्सा लिया। इस इवेंट में धनबाद के लगभग सभी स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया। उम्मीद द्वारा आयोजित 7 इवेंट्स में से सिंगिंग, डांस व चित्रकला में हिस्सा लेकर पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने अपना स्थान बनाया। पहला कदम स्कूल के मुक बधिर बच्चों ने सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। साथ ही झारखण्ड की लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दे कर दर्शको को मंत्र मुग्ध किया। उपस्थित सभी ने दिव्यांग बच्चों की कला को सराहा तथा यह साबित कर दिया की दिव्यांग बच्चे भी समाज के मुख्यधारा मे अपनी सहभागिता दे अपना स्थान बना सकते है। उम्मीद की यह पहल सभी बच्चों को प्लेटफार्म प्रदान करती है जिससे ये बच्चे अपनी कला और हुनर का प्रदर्शन कर सके। सचिव अनीता ने कहा की पहला कदम परिवार प्रोत्साहन के लिए एफएफआई आईआईटी आईएसएम और उम्मीद 25 का आभार प्रकट करता है।

# पांचवां जिला रैली व कब बुलबुल उत्सव का शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भारत स्काउट एंड गाइड जिला के हिल कालोनी स्थित स्काउट डेन में 11 से 14 जनवरी तक आयोजित पांचवीं जिला रैली व कब बुलबुल उत्सव का शुभारंभ रविवार को भारत स्काउट एंड गाइड के जिला आयुक्त सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार के द्वारा किया गया। विश्व मे भारतीय संस्कृतिक को गौरवान्वित करने वाले युग प्रर्वतक एव युवाऔ के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजली दिया गया। सहायक जिला आयुक्त सह सहायक कार्मिक अधिकारी अजय कुमार प्रभाकर ने जिला आयुक्त सह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार को पौधा देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात स्काउट एवं गाइड के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिला रैली मे धनबाद के सभी ग्रुप पाथरडीह, गोमो, डी एस कॉलोनी, धनबाद से कब बुलबुल, स्काउट गाईड, रोभर रेन्जर एव लीडर मिला कर लगभग 290 सदस्याओ ने इस रैली मे भाग लिया।इस रैली मे पायनियरीं प्रोजेक्ट, फुड प्लाजा, देश भक्ति गीत, प्राथमिक चिकित्सक, मार्च पास्ट, फोक डेन्स, सर्व धर्म प्रार्थना का प्रतियोगिता आयोजित किये जा रहे है जिसका उद्देश्य बच्चो को शारीरिक एवं मानसिक रुप से सशक्त करना है।

# कोल इंडिया के निदेशक कार्मिक से मिला इनमोसा का प्रतिनिधिमंडल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कुश कुमार सिंह के नेतृत्व में इनमोसा के केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक कार्मिक कोल इंडिया विनय रंजन के बीसीसीएल दौरे पर गेस्ट हाउस, कोयला नगर में उनको पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनंदन किया। इनमोसा केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक कार्मिक कोल इंडिया को नव वर्ष की शुभकामनाएं देने के साथ कंपनी को उज्जवल भविष्य की कामना की। साक्षात्कार के उपरांत कई अहम मुद्दों को निदेशक कार्मिक के संज्ञान में दिया गया जिसमें सभी सुरक्षा समितियां में इनमोसा की भागीदारी सुनिश्चित करने, कैडर स्कीम में संशोधन, माइनिंग सुपरवाइजर के पदनाम बदलने, खदानों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से एमडीओ मोड से संचालित खदानों में नियंत्रण पदाधिकारी की रूपरेखा स्पष्ट करने आदि विषयों पर वार्ता हुई। कुश कुमार ने अवगत कराया की इनमोसा द्वारा एजेंडा नोट पत्रांक के माध्यम से निदेशक कार्मिक कोल इंडिया को दिया गया है। निदेशक कार्मिक ने सभी मुद्दों पर कोल इंडिया स्तरीय वार्ता करने की बात कही। इस विशेष बैठक में एमपी चौहान, अजीत सिंह, विजय यादव, अशोक कनौजिया, यशवंत कुमार सिंह, जयनंदन पासवान, अरविंद कुमार सिंह एवं नागेंद्र सिंह उपस्थित थे।

## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में मनाई गई स्वामी विवेकांनद जयंती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन एवं राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया। उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित किए। प्राचार्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने दिव्यज्ञान से देश के युवाओं को प्रेरक दिशा प्रदान की। इन्होंने युवाओं को देश सेवा और आत्म विश्वास से भरपूर होने के लिए प्रेरित किया इसलिए इनके जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इन्होंने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए यह कहा था कि उठो जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। स्वामी विवेकानंद हमे निरंतर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करते रहे। उनसे प्रत्येक युवा को कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।

## प्रिंसिपल की हो गिरफ्तारी और मिशनरी स्कूलों पर कसा जाये नकेल : एनएसयूआई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दिनांक 9 जनवरी को कार्मल स्कूल डिगवाडीह मैं छात्रों के लास्ट प्री बोर्ड एग्जाम के दिन स्कूल का सफर खत्म होने के अवसर पर पेन डे मनाया गया था, जिसमें की वह सभी एक दूसरे की शर्ट पर अपना संदेश लिखते हैं। जब यह मामला प्रिंसिपल तक पहुंचा तो प्रिंसिपल ने सभी 80 छात्रों की शर्ट उतार कर जप्त कर ली तथा उन्हें अंडरगारमेंट्स में स्कूल से घर जाने पर विवश किया।यह पूरा मामला पूरे इंसानियत को कलंकित करने वाला है, इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। एनएसयूआई संगठन मांग करती है कि तत्काल रूप से स्कूल के प्रिंसिपल पर 80 छात्राओं की इज्जत लूटने के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया जाए और उनकी गिरफ्तारी हो तथा प्रबंधन के सभी दोषियों को चिन्हित कर उन्हें भी जेल भेजा जाए। इस मामले को लेकर एनएसयूआई के द्वारा झारखंड के शिक्षा मंत्री को संज्ञान में दिया गया है तथा स्कूल पर शख्त कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी और उपायुक्त से भी इस संबंध में शिकायत किया गया है। अगर 72 घंटे के अंदर स्कूल पर उचित कार्रवाई नहीं होती है तो एनएसयूआई संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने दिया प्रिशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा बाघमारा पंचायत मे प्रिशिक्षण चलाया गया। मौके पर बलियापुर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि विजय रजक, बाघमारा पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति मुकुंद पंचायत समिति हीरालाल मोदक जे.एस.एल.पी.एस के वरीय अधिकारी ब्लॉक बीपीएम ब्लॉक बीटीएम कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं काफ़ी संख्या मे महिलाएं उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंपों पर चलाया नो हेलमेट - सीटबेल्ट, नो फ्यूल अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत रविवार को जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निर्देशानुसार धनबाद के सभी पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट - सीटबेल्ट, नो फ्यूल अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पेट्रोल पंप संचालक को कहा गया कि अब से बिना हेलमेट और सीटबेल्ट वालों को पेट्रोल न दे। साथ ही साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति, हिट एंड रन के प्रति तथा गुड समेरिटन के बारे में समझाकर जागरूक भी किया गया। लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। मौके पर एमवीआई शुभम कुमार, एमवीआई हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजिनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार, आईटी देवेंद्र कुमार एवं डीटीओ कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।

## 15 वर्षो से खरता कोयल नदी के तट पर मक्कर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में लगता आ रहा है मेला, आयोजन कल, तैयारी पूरी

**मनोंकामना भोलेनाथ मंदिर परिसर पर पुजा अर्चना के पश्चात म्युज़िकल ग्रुप राईजनिंग स्टार के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो :** लोहरदगा कैरो प्रखंड जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड सढ़ाबे पंचायत के खरता-हनहट दक्षिणी कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में आगामी 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति के अवसर पर मेला आयोजन कल होगी,आयोजन समिति के द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। मामले पर जानकारी देते हुए मंदिर निर्माण सह मेला समिति के अध्यक्ष मृत्युन्जय तिवारी व सचिव लखन उरांव ने संयुक्त रूप से बताया कि मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर में पिछ्ले 15 वर्षो से पूजा अर्चना व मेला का आयोजन होते चला आ रहा है सबके सहयोग से मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है जिसके तहत इस बार झारखंड मशहूर राइजनिंग स्टार म्यूजिकल ग्रुप बुलाया गया है जहाँ ठेठ,आधुनिक,भोजपुरी गाना के साथ डांस का आनंद भी दर्शकों को मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य



अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की होंगे। इनके अलावे कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री सह स्थानिए विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, स्थानिए सांसद सुखदेव भगत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, बिशुनपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक रमेश उरांव, जिला के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, चान्हो जिला परिषद सदस्य सह आजसू नेता आशुतोष तिवारी, कैरो जीप सदस्य सुखदेव उरांव सहित पंचायत से राज्य स्तर के पदाधिकारियों, सभी राजनैतिक दल के नेता, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों के साथ साथ गण्यमान लोग व भक्तों को आमंत्रित किया गया है। जो उपस्थित होकर भगवान की पूजा अर्चना के साथ मेला का आनंद ले सकते हैं। मंदिर में सुबह 7 बजे से पूजा अर्चना व प्रसाद वितरण के बाद 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 2 बजे अतिथि सत्कार व अतिथियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया जाएगा।

## स्वामी विवेकानंद के आदर्श को जीवन में अपनाये : आदित्य कुमार साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोहरदगा नगर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मौके पर उपस्थित जिला संयोजक आदित्य साहू ने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद जी के बताएं मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी ने अपने पूरे जीवन को समाज में समानता और जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित कर दिया,वह सभी धर्म को समान मानते थे और गीता के ज्ञान को आत्मसात करने पर जोर देते थे। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जान्हवी कंचन गोयल ने कहा कि विवेकानंद जी ने सभों को सफलता पाने का मूल मंत्र दिया कि,उठो जागो,और तब तक मत रुको जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर लो,साथ ही विवेकानंद जी के जीवनी के महत्व बताते हुए युवाओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित वहां नगर मंत्री जय कुमार साहू,उपाध्यक्ष श्री रामविलास सिंह ने कहा की अनुशासन ही सफलता को कुंजी है, साथ हीसाई नर्सिंग होम के निर्देशक पिंटू सिंह जो अपने विद्यार्थि जीवन में आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बड़े कार्यकर्ता रह चुके हैं कार्यक्रम का हिस्सा बने, साथ हो विद्यार्थिगण उपस्थित थे।।

## सांसद सुखदेव भगत दक्षिण-पूर्व रेलवे डिवीजन की बैठक में होंगे शामिल



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज दिनांक 13 जनवरी 2025 को जमशेदपुर में दक्षिण पूर्व रेलवे रांची एवं चक्रधरपुर डिवीजनल रेलवे कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद श्री सुखदेव भगत के साथ-साथ दक्षिण पूर्व रेलवे के जनरल मैनेजर, रांची चक्रधरपुर डिविजनल के मैनेजर के साथ-साथ अनेक सांसद भी शामिल होंगे ।सांसद सुखदेव भगत बैठक में रांची लोहरदगा टोरी तक दोहरी लाइन बिछाने, रांची से लोहरदगा गुमला होते हुए कोरबा तक नई रेल लगाने,लोहरदगा होकर अनेक ट्रेन चलाने सहित दर्जनों समस्याओं को बैठक में रखकर उसका निदान करने का प्रयास करेंगे।

## जय श्री राम समिति ने दो मरीजों को रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज स्वामी विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर जय श्रीराम समिति के द्वारा दो पीड़ित मरीजों को ब्लड दिया गया जानकारी स्वरूप किस्को प्रखंड के डटमा गांव निवासी प्रदीप नायक की पत्नी सावित्री देवी सदर अस्पताल में इलाजरत एवं गुमला जिला के सिसई प्रखंड स्थित कुलंग केरी पतराटोली



निवासी स्वर्गीय बिरसा उरांव की पत्नी चारों उरांव मधुर क्लिनिक पतराटोली में इलाजरत डॉक्टर ने दोनों को खून की कमी बताई परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य सनेह कुमार सुमन एवं संदीप केसरी ने एक-एक यूनिट ब्लड दिया। जीवन राज मेहता ने कहा आज स्वामी विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर पीड़ित परिवार का सेवा सौभाग्य की बात है मेरे थोड़े से प्रयास से किसी के परिवार की खुशियां लौटे इससे ज्यादा खुशी क्या हो सकती है प्रेमचंद भगत ने कहा जय श्री राम समिति के कार्य की जितनी सराहना करू कम है ऐसा सामाजिक एवं धार्मिक संगठन मैंने सुना था परंतु आज करीब से देखने का मौका मिला। समिति के लोगो का मैं आभार प्रकट करता हूं। मौके पर जीवन राज मेहता,प्रमोद सहदेव,राजेश भगत,प्रेमचंद भगत,विकास,रंजीता, गुंजन भारती,ललन नायक मुकेश नायक समेत आदि लोग मौजूद थे।

## भाजपा आरएसएस शुरू से ही देश के संविधान के खिलाफ है : केशव महतो कमलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो :** लोहरदगा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी एवं कैरो प्रखंड कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में जय बापू,जय भीम, जय संविधान सम्मान यात्रा का आयोजन कैरो प्रखंड के नया टोली से होकर उतका तक पदयात्रा किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष केशव महतो कमलेश,झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी श्री बेला प्रसाद,पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप बालमुचू,समेत प्रदेश स्तर एवं जिला स्तर के कई नेता सम्मिलित हुए, सर्वप्रथम नेताओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र एवं संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए पदयात्रा प्रारंभ किया गया। पदयात्रा में कांग्रेसियों ने संविधान की रक्षा, और डॉ आंबेडकर और बापू के प्रति सम्मान को लेकर जोरदार नारा लगाते हुए आवाज बुलंद किया। ग्राम उतका में समापन के पूर्व सभा का आयोजन किया गया। डॉ अंबेडकर का अपमान कर भाजपा आरएसएस वाले समय-समय पर अपने मंशा को उजागर करते रहे हैं, हमें पूरे देश में आम लोगों को इस बात से अवगत कराना होगा और उनके चेहरे को बेनकाब करना होगा। सभा में उपस्थित लोगों ने संविधान की रक्षा का



संकल्प लेते हुए ऐसी ताकतों से आम लोगों को सतर्क रहने का आग्रह किया। आज की इस कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस के सह प्रभारी बेला प्रसाद जी पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप बालमुचू ,जिला अध्यक्ष सुखैर भगत,हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक,मीडिया प्रभारी सतीश पाल मुंजनी,प्रवक्ता रियाज अंसारी,जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद,प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी,निश्चित जायसवाल सदरुल अंसारी,नंदू शुक्ला,अनीस अहमद,विशाल डुंगडुंग मुजम्मिल अंसारी,जुगल भगत,युनुस अंसारी, विनोद खैरवार,तनवीर गौहर,कुद्दूस अंसारी,संगीता उरांव,संतोषी उरांव,सुनीता उरांव,राजमणि उरांव, रुस्तम अंसारी,मुजाहिद अंसारी,असलम अंसारी, रशीद अंसारी,सनाउल्लाह अंसारी,इंतखाब आलम, समेत सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## विवेकानंद जयंती के अवसर पर हुआ राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** नेहरू युवा केंद्र, सिमडेगा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के 162वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन पार्वती शर्मा इंटर महिला महाविद्यालय, सिमडेगा के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुरुआत युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। प्राचार्य ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस के इस शुभ अवसर पर हम सभी स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शो को नमन करते हैं। युवा शक्ति राष्ट्र का भविष्य है, हमें स्वामी जी की विचारों को अपनाते हुए देश



की प्रगति में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फ्रांसिस्का डुंगडुंग, द्वितीय स्थान सरोजिनी कुमारी और तृतीय स्थान लक्ष्मी कुमारी ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन लेखा एवं कार्यक्रम समन्वयक सोरिना टेटे ने किया। उन्होंने युवाओं को बताया कि भारत सरकार इस वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 आयोजित कर रही है। इसके जरिए युवा सशक्तिकरण व नेतत्व पर जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार के निर्देश में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे संजय पान सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

## जुआ खेलते तीन जुआरी गिरफ्तार, आठ हजार रुपैया बरामद

**सेन्हा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोहरदगा सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत अन्तर्गत चन्दकोपा ग्राम स्थित मैदान के पास से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा छापामारी कर जुआ खेलते तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 8000 हजार रूपया नगद,8 पैकेट तास का और बिखरा 136 पीस तास का पत्ता बरामद किया गया है। जुआरियों की पहचान शहरी थाना क्षेत्र के लोहरदगा निवासी अफसर कुरैशी,फैसल अंसारी एवं अफरोज अंसारी किया गया है। वही थाना प्रभारी अजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जुआ खेलते तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध सेन्हा थाना कांड संख्या 4/25 धारा दर्ज कर जुआ अधिनियम 11 गैंबलर एक्ट जुआ अधिनयम के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर कारवाई किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में दो मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** घटना जिले के कुडू थाना क्षेत्र की है।जहां लोहरदगा मुख्य पथ पर जीमा चौंक के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।ग्रामीणों के सहयोग से दोनों





को इलाज के लिए कुडू सीएचसी पहुंचाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।जिसमे एक घायल की हालत गंभीर बतायी जा रही है बताया जाता है कि रांची जिले के सोसई आश्रम मांडर निवासी अनिल भगत तथा हेसमी मांडर गांव निवासी मिथिलेश कुमार साहू बाइक से सवार होकर लोहरदगा से कुडू होते हुए वापस मांडर लौट रहे थे। इसी बीच शनिवार देर शाम लगभग सात बजे पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दिया इससे बाइक एक पेड़ से जा टकरायी।घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क किनारे गिर गये।घटना के बाद जीमा चौक में मौजूद ग्रामीणों को किसी राहगीर ने सूचना दी। इसके बाद ग्रामीण पहुंचे तथा दोनों घायलों को टेम्पो के माध्यम से इलाज के लिए कुडू सीएचसी पहुंचाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लोहरदगा में आईएसआईएस तथा अलकायदा जैसे आतंकी संगठन का होना एक गंभीर चुनौती : ओम प्रकाश सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने लोहरदगा क्षेत्र से संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी तथा इस क्षेत्र में उनकी निरंतर उपस्थित पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए इसे इस क्षेत्र के लिए एक गंभीर चुनौती बताया है। उन्होंने कहा है कि पिछले तीन-चार वर्षो से जिस तरह आतंकी संगठन आईएसआईएस तथा अलकायदा जैसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े लोग अंदर ही अंदर बारूद फैलाने का कार्य कर रहे हैं,और वह इस क्षेत्र के अमन पसंद लोगों को भयभीत करने इस क्षेत्र के युवाओं तथा समाज विरोधी तत्वों को शह प्रदान कर प्रोत्साहित कर रहे हैं,ऐसा कर वह लोहरदगा जैसे क्षेत्र को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का केंद्र बनाना चाह रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा है कि 2020 एवं 21 में लोहरदगा में हुए दंगे में दोषी व्यक्तियों को अभी तक सजा नहीं दिला पाना स्थानीय प्रशासन की नाकामी को ही दर्शा रही है,वैसे तत्वों को सजा दिलाकर ही उनके मनोबल को कुचला जा सकता है। उन्होंने कहा है कि स्थानीय प्रशासन को सचेत रहकर राष्ट्र विरोधी एवं समाज विरोधी तत्वों पर पैनी निगाह रखनी चाहिए।

## एसपी हरीश बिन जमां ने बर्मन हाईवे पेट्रोल पंप परिसर में पुरानी चीजों का संग्रहालय एडपा का किया अवलोकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा के पुलिस कप्तान हरीश बिन जमां ने बीएस कॉलेज के निकट बर्मन हाईवे पेट्रोल पंप परिसर स्थित इस क्षेत्र के पुरानी चीजों का संग्रहालय ÷एडपा÷ (कुडूख भाषा में घर) का अवलोकन किया तथा परिसर में तेजपत्ता के पौधे भी लगाए,वहीं उन्होंने ठेकी चलाकर व ठरकी, ओखली, खटिया, झग्गर, लाटकूढ, पाषाण काल में भोजन बनाने के तौर तरीके, मिट्टी के बर्तन, मिट्टी केचूल्हे, जाता, धुरमुश, ढेलफोडवा, रेडियो, पोटम, तीर धनुष, पटिया, पुराने जमाने की स्विच, हर जुवाठ, कांसा के बर्तन, नक्काशीदार दरवाजे, पुराने सिक्के, साइकिल के डायनेमो, कांसा के पइला, पीतल टॉर्च आदि देखें वही गुलेल चलाकर व अन्य



खेल सामग्री अंटा, चिपुल, लटई, थपका, टईया, गीली डंडा, तार गाड़ी, रिम-टायर आदि भी देखें। पुलिस कप्तान ने कहा कि पहले के लोगों का जीवन शैली आज से काफी बेहतर था क्योंकि पहले के लोगों को ब्लड प्रेशर,शुगर,बाल झड़ना व सफेद होना,डिप्रेशन,आंख की रोशनी,बैक पेन आदि रोग नहीं होते थे उसका कारण था कि वे पौष्टिक अनाज उपजाते थे फिर जाता ढेकी ओखली लोढ़ा सिल्वट आदि से कूट पीसकर,मिट्टी के बर्तन में,मिट्टी के चूल्हे पर,लकड़ी से तैयार भोजन करते थे जो अमृत होता था। शारीरिक परिश्रम भी खूब करते थे साथ ही साथ पड़ोसी एक दूसरे के घर के सामानों का बेहिचक उपयोग करते थे इससे मेलजोल काफी रहता था तथा सभी लोग बगैर खर्च वाला क्षेत्रीय खेल खुब खेला करते थे जिससे संबंध और भी प्रगाढ़ होती थी तथा वे डिप्रेशन जानते भी नहीं थे।पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्रीय स्नेक्स लावा,लाडुवा खाने के बाद कहा कि ऐसे क्षेत्रीय स्नेक्स व भोजन को बढ़ावा देने से ÷हेल्थ इस वेल्थ÷ होता है वही रोजगार के अवसर भी सृजन होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अपने धरहरों को संरक्षित करने की आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ी इसे देखें और प्रेरणा ले। संग्रहालय प्रबंधक व सामाजिक कार्यकर्ता संजय बर्म्मन ने कहा कि बहुतों के सहयोग से यह ÷एडपा÷ बन रहा है तथा सुबह से शाम विशेष कर बच्चों के साथ कभी भी आकर लोग देख सकते हैं।

## अलग अलग विचारधारा के लोगों को एक मंच में लाना जरुरी : राजेन्द्र

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चीक बड़ाईक समाज की बैठक शहर के गोतरा नयाटोली स्थित चीक बडाईक सांस्कृतिक भवन में संपन्न हुई। राजेंद्र बड़ाईक



की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में चीक बड़ाईक समाज के सभी लोगों को एक मंच में लाने का निर्णय लेते हुए समन्?वय समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर समाज के लोगों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीति रुप से मजबूत करने पर विचार विमर्श की गई। बैठक में वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर भी चर्चा करते हुए उसे दूर करने का भी निर्णय लिया गया। बताया गया कि समन्?वय समिति समाज के जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर के सभी समिति के मार्ग दर्शन पर सभी को साथ लेकर चलेगी। साथ ही समाज के सभी लोगों को एकसूत्र में बांधने एवं अलग अलग विचारधारा के लोगों को एक मंच में लाने का प्रयास करेगी। ताकि समाज मजबूत हो सके। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने संगठन मजबूती को लेकर अपने अपने विचार रखे। राजेन्द्र बड़ाईक ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। मौके पर समिति की अगली बैठक नौ फरवरी को गोतरा नयाटोली में दिन के 11 बजे से रखने का निर्णय लिया गया। जिसमें जिला व प्रखंड स्?तर के सभी समितियों,समाज के सभी प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। समिति के संयोजक विद्या बड़ाईक ने संगठन मजबूती पर जोर दिया। मंच संचालन जगदीश बड़ाईक ने व धन्?यवाद ज्ञापन राजेश बड़ाईक ने किया। बैठक में निशा बड़ाईक, दिनेश बड़ाईक, मंगल बडाईक, राहुल बडाईक, रविन्द्र बडाईक, कुश बड़ाईक, जगदीश बडाईक, मुरारी बडाईक, अमृत बडाईक, प्रीतम बडाईक, अम्बेश बडाईक, दिलीप बडाईक, विनोद बडाईक, सुनील बडाईक, दीपक बडाईक आदि उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी से युवाओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है : बाल कृष्णा सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** युवा ग्रामीण विकास समिति भैंसमुदो भंडरा के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती सामुदायिक भवन रामप्रसाद महतो की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर युवा ग्रामीण विकास समिति के सचिव सामाजिक कार्यकर्ता बाल कृष्णा सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी कहे थे उठो जागो और तब तक चलते रहो जब तक मंजिल की प्राप्ति ना हो जाए। स्वामी जी बहुत ही कम उम्र में विश्व धर्म सभा के माध्यम से जो अपनी छाप छोड़ी वह आज भी पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। उन्होंने धर्म सभा के माध्यम से अपना लोहा बनवाया और भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन किया। आज स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी से युवाओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। एक स्वच्छ समाज के निर्माण में युवा अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। आने वाला समय में भारत को विश्व पटल पर हमें नंबर वन बनाना है तो युवाओं को जागना होगा आगे बढ़ना होगा अच्छे-अच्छे काम करने होंगे सामाजिक कुरीति जैसे नशा पान,दहेज प्रथा,डायन बिसाही जैसे सामाजिक कुरीति का विरोध करें तभी हम एक स्वच्छ समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में अंबिका प्रसाद सिंह, आनंद सिंह ,कांति देवी, विवेक सिंह,करमचंद महतो, अभिषेक सिंह, सोनी कुमारी,संध्या कुमारी, राजेंद्र महतो, रूपेश कुमार, अखिलेश सिंह, सूरज यादव, रिमझिम कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित हुए। कड़की की ठंड को देखते हुए युवा ग्रामीण विकास समिति भैसमुदो के द्वारा बुजुर्गो के बीच कंबल वितरण किया गया।

## जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस- 2025 कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिमडेगा एवं जिला प्रशासन, सिमडेगा के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस- 2025 कार्यक्रम आयोजन गांधी मैदान, सिमडेगा में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट देकर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजीव कुमार सिन्हा, उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ कुमार, सीजेएम श्री मनीष कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री समीर रेनियर खालखो सहित शिक्षा अधीक्षक के द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम शुरू करने के पूर्व स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। प्रधान जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजीव कुमार सिन्हा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी



विवेकानन्द कहा था कि भारत से एक देश नहीं बल्कि एक विचार है। यह बहुत बड़ी बात है कि भारत को एक विचारधारा के रूप में प्रस्तुत करते थे।देश सेवा के लिए आगे आना चाहिए और उनके बताए रास्ते पर चले जिससे कि हमारा भारत देश महान हो। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी की कई बातों को बच्चों से कहा कि उठो जागो और तब तक ना रुको जब तक की आपको सफलता प्राप्त नहीं हो जाए। यह बात विद्यार्थी बच्चों के लिए प्रेरणा दायक है। मैं उन लोगों के लिए जो बड़ा सपना देखते हैं और कहना चाहता हूं कि आपनी ऊर्जा और क्षमता को खुद पहचानिये, तू अंदर से बाहर की ओर विकसित हो, किंतु हठ मत बनों, कोई तुम्हें सीखा नहीं सकता, कोई तुम्हें आध्यात्मिकता बना नहीं सकता, वह भाव बचपन से वह साइंटिफिक टेंपर घर से होना चाहिए कि हम किस तरीके से अपने घर की जो आम रोजमर्रा की चीज हैं उसमें अपना क्रिटिकल थिंकिंग और अपना साइंटिफिक टेंपर का उसे साइंटिफिक टेंपर का उसे करने के लिए विज्ञान करना आवश्यक नहीं है। ह्यूमैनिटीज साइंटिफिक टेंपर हो सकता है अपने घर में बिजली की कोई समस्या हुई है। तो वह हमारा क्या है आजकल के समय में इलेक्ट्रीशियन को बुलाया प्लंबर को बुलाया पानी की समस्या हुई वह आकर कर दिया?। हम लोगों के समय में यह स्किल खुद ही परिवार में देखने को मिलता था। यह जो टेंपल है यह डेवलपमेंट करने की जरूरत है तब कौशल विकास और सही शिक्षा हो पाए लेकिन जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण है युवाओं के लिए वह है चरित्र निर्माण और चरित्र निर्माण कैसे होगा। जब आज स्वामी जी का जन्मदिन है ऐसे महापुरुषों से हम प्रेरणा ले सकेंगे। उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चल सकते हैं। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक महोदय ने भी उपस्थित सभी विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उनके द्वारा कही गई बातों को आत्मसात कर देश एवं समाज के निर्माण में बेहतर योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, सोमवार, 13 जनवरी 2025 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### एसकेएम की मांग, प्रधानमंत्री करें किसानों के मुद्दे पर बैठक

**चंडीगढ़ :** संयुक्त किसान मोर्चा ने ऐलान किया है कि किसान परेड के माध्यम से प्रधानमंत्री से मांग की जाएगी कि वे सभी संघर्षरत किसान संगठनों के साथ तुरंत चर्चा करें और जगजीत सिंह डल्लेवाल की जान बचाएं।मोर्चा की तरफ से रविवार को दी गई जानकारी के अनुसार एसकेएम ने कृषि विपणन पर राष्ट्रीय रूपरेखा (एनपीएफएएम) को तुरंत वापस लेने, सी2+50 प्रतिशत की दर से गारंटीकृत खरीद के साथ एमएसपी का कानून बनाने, किसानों और खेत मजदूरों की कर्ज माफी के लिए व्यापक योजना बनाने, बिजली का निजीकरण बंद करने, स्मार्ट मीटर योजना बंद करने, किसानों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने की मांग की है।एसकेएम की सभी राज्य समन्वय समितियां (एससीसी) तुरंत बैठक करेंगी और कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति रुपरेखा की प्रतियां जलाकर विरोध करने का आह्वान करेंगी। इस कार्यक्रम की तारीखें राज्य कार्यकारिणी द्वारा घोषित की जाएंगी।एसकेएम ने किसान संगठनों के साथ चर्चा और किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के जीवन की रक्षा न करने के लिए प्रधानमंत्री के सत्तावादी, असंवेदनशील रवैये की कड़ी निंदा की। उनके आमरण अनशन का 48वां दिन होने के बावजूद उच्चतम न्यायालय और राष्ट्रपति किसान नेताओं की जान बचाने के लिए हस्तक्षेप करने में समर्थ नहीं हैं।

### राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के प्रतीक हैं पूर्व सैनिक : राज्यपाल

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के प्रतीक हैं। उनका योगदान समाज एवं राष्ट्र के लिए अनुकरणीय है। राज्यपाल रांची के गुरुनानक स्कूल सभागार में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से आयोजित पूर्व सैनिक महासम्मेलन के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश के पूर्व सैनिक सीमाओं की रक्षा के प्रहरी रहे हैं और आज भी वे समाज के प्रेरणास्रोत और गौरव हैं। उनका अनुशासन, साहस और समर्पण हमारे लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद को बधाई देते हुए कहा कि इसने इन वीर योद्धाओं को समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए संगठित किया है। राज्यपाल ने कहा कि सैनिकों का योगदान केवल युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं है। वर्ष 1965, 1971 और कारगिल युद्ध जैसी ऐतिहासिक घटनाओं के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं में सहायता और दूरदराज क्षेत्रों में सामाजिक उत्थान में उनकी भूमिका अद्वितीय है। उनकी सेवाएं हर क्षेत्र में प्रेरणा और शक्ति का प्रतीक हैं। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जरिये ÷वन रैंक, वन पेंशन÷ जैसी ऐतिहासिक योजनाओं के कार्यान्वयन न केवल पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करती है, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को भी दर्शाती है। राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिकों के अनुशासन और नेतृत्व कौशल शिक्षा, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में कार्य समाज को समृद्ध कर सकते हैं।

# कसौधन वैश्य समाज का चुनाव संपन्न, उमेश पुनः बने अध्यक्ष




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** कसौधन वैश्य समाज का चुनाव रविवार को डा. भोला कश्यप् के आवास पर संपन्न हुआ। इस मौके पर उमेश कश्यप को अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्विरोध पुनः निर्वाचित किया गया। इस प्रकार तीसरी बार उमेश कश्यप निर्विरोध निर्वाचित हुए।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र कश्यप, संतोष कश्यप, सचिव दिनेश कश्यप, कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप, मंत्री मनीष कश्यप, ईश्वर प्रसाद कश्यप, संगठन मंत्री रवींद्र कश्यप निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव के लिए गोपाल कश्यप, संतोष कश्यप तथा सुरेंद्र कश्यप प्रभारी मनोनित किए गए थे। बैठक में समाज के सभी लोगों ने अपनी बातें प्रमुखता से रखी। मौके पर अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि समाज ने जिस उम्मीद से मुझे तीसरी बार अध्यक्ष पद का ताज दिया है मैं उनके विश्वास पर खरा उतरने का काम करूँगा और समाज के कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। हमारे समाज के सभी लोग सामाजिक क्षेत्र में बढ़ चढ़कर अपना योगदान दे रहे हैं। 26 जनवरी को डॉ भोला कश्यप के द्वारा झंडोत्तोलन का कार्य किया जाएगा तथा 16 मार्च को समाज का सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश कश्यप, संगठन मंत्री अमित कश्यप, संरक्षक पृथ्वीनाथ कश्यप, लखन कश्यप, रघुवीर कश्यप, बबलू कश्यप, हरिओम कश्यप, विजय कश्यप, गोपाल कश्यप आदि उपस्थित थे।

## सबके आदर्श थे स्वामी विवेकानन्द : वीरेन्द्र



एजेंसी

**जौनपुर :** भारत विकास परिषद शौर्य के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर रविवार को एक भव्य आयोजन किया गया जिसमें विशाल युवा चेतना शोभायात्रा निकाली गयी ,जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए बीआरपी कॉलेज के मैदान पर पहुंची। इस शोभायात्रा में नगर के प्रतिष्ठित लोग, शिक्षक बन्धु, छात्रों ने हजारों की संख्या में भाग लिया। मैदान में जयन्ती उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य बिन्दु 2¬15 बजे दिन में सामूहिक वन्दे मातरम का गायन किया गया, जिसमें परिसर में उपस्थित कई हजार लोगों तथा उसी समय संगठन के आह्वान पर पूरे जनपद और देश–विदेश में लाखों लोगों ने वन्दे मातरम का गीत गाया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सन्दीप पाण्डेय ने अपने स्वागत उद्बोधन में युगपुरुष स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए संगठन के उदय और उसके निरन्तर कार्यो के विषय में सभी को परिचित कराया। उन्होंने कहा कि वन्दे मातरम का यह सामूहिक गान राष्ट्रभक्ति को जगाने का एक सार्थक प्रयास है।

# चुनाव लड़ने के लिए दिल्ली की सीएम आतिशी ने जनता से मांगी मदद



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली की कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहीं आतिशी ने अपने चुनाव खर्च के लिए शनिवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस करके क्राउड फंडिंग कैंपेन लॉन्च किया। आतिशी ने चुनाव लड़ने के लिए जनता से मदद मांगी। सीएम ने कहा कि हम चुनाव के लिए बड़े व्यापारियों से पैसे नहीं लेते। आप सरकार आम लोगों के लिए काम करती है। जनता के सपोर्ट और सहयोग से ही मैं कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ूंगी। चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख रुपये की जरूरत हैं। क्राउड फंडिग अभियान का समर्थन करें। लोग अपनी इच्छानुसार कोई भी राशि दान कर सकते हैं।क्राउड फंडिंग अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि सीएम आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री ईमानदारी से काम करते हैं। हमने पिछली बार भी देश और दिल्ली की जनता से मदद मांगकर चुनाव लड़ा था और इस बार भी हम जनता के समर्थन और मदद से चुनाव लड़ रहे हैं। मुझे कालकाजी सीट से चुनाव लड़ने के लिए 40 लाख रुपये की जरूरत है। दिल्लीवासी 100 रुपये या 1000 रुपये देकर मदद कर सकते हैं। आतिशी ने इस बात पर जोर दिया कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा अपने चुनाव अभियानों के लिए जनता के चंदे पर भरोसा किया है और बड़े व्यापारियों से पैसा लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने याद किया कि कैसे आप ने पिछला चुनाव लोगों के छोटे दान से जीता था।

# समाज को प्रेम और भाईचारे का पाठ पढ़ाते हैं संत : साक्षी महाराज



एजेंसी

**महाकुंभ नगर :** उन्नाव के सांसद आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी सच्चितानंद साक्षी महाराज ने कहा कि संत सनातन के सच्चे हितेषी होते हैं। संत न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि समाज और मानवता के हित में भी कार्य करते हैं। वे सनातन धर्म के मूल्यों और सिद्धांतों का पालन करते हुए समाज को सत्य, अहिंसा, प्रेम और भाईचारे का पाठ पढ़ाते हैं। संतों का जीवन लोगों को नैतिकता, धर्म और सद्गति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, जिससे समाज में शांति और समृद्धि बनी रहती है। प्रयागराज महाकुम्भ में साक्षी महाराज के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें बधाई देने पहुचे महामंडलेश्वर स्वामी सुरेश मुनि, स्वामी आदियोगी, नागेंद्र महाराज, स्वामी विपनानंद के साथ जिला प्रेस क्लब हरिद्वार के अध्यक्ष राकेश वालिया रवि साहब की बारात उनकी छावनी पहुंचे। जहां सभी ने मिलकर साक्षी महाराज को फूल माला पहना कर तथा शाल उड़ाकर उनका स्वागत सम्मान किया।महामंडलेश्वर स्वामी सुरेश मुनि महाराज ने कहा कि उन्नव के सांसद आचार्य स्वामी सचितानंद साक्षी महाराज को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि हम उनके स्वस्थ, समृद्ध और दीर्घायु होने और समाज की सेवा में अपना अमूल्य योगदान देते रहने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हम सब भी धर्म, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलें। क्योंकि ऐसे संत हमारे प्रेरणा के स्रोत हैं।

### पर्यावरणविद ने पौधा दान करने के उपरांत किया क्रिकेट मैच का शुभारंभ

# वन पर्यावरण का प्रमुख अंग है युवा खेल व कला संस्कृति : डॉ. कौशल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** छतरपुर प्रखंड के चराई पंचायत अंतर्गत कोकरो गांव में कोकरो क्रिकेट क्लब के द्वारा इस वर्ष भी मैच का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने विशिष्ट अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह चराई पंचायत मुखिया रविंद्र राम और झामुमो प्रखंड सचिव सनी कुमार के साथ बैटिंग कर औपचारिक उद्घाटन किया।

डॉ कौशल ने क्रिकेट टीम के दोनों कैप्टन को थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा दान कर एवं वहां उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाया।

झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम ने कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन का भाव उतपन्न होता है। उन्होंने कहा कि वे अपने पंचायत में युवाओं के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने का प्रयास किया है। सचिव सन्नी कुमार ने कहा कि आज ऐसे आयोजन की जरूरत है। उन्होंने ऐसे आयोजन में हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

मैच में चिरु की टीम ने 12 ओभर में छह विकेट के नुकसान में 159 रन बनाया वहीं पोल्डी की टीम ने अपनी पारी खेलते हुए 10 वोभर में 46 रन बनाकर ऑल आउट हो गए। मैच का आयोजक एवं कॉमेंटेटर- उपेंद्र सिंह, अध्यक्ष- संदीप यादव, सचिव- गुड्डु पाल, कोषाध्यक्ष- चंचल कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह (अंपायर), मिंटू सिंह (अंपायर) , धर्मदेव यादव, नन्दी विश्वकर्मा, शिवनाथ सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह, उमेश यादव, यमुना सिंह, डॉ0 बसंत यादव, दरोगा सिंह, सुनील यादव , कुलदीप सिंह, मंटू सिंह, डॉ0 चितरंजन सिंह, विजय सिंह, अनिल सिंह, संदीप सिंह, सोहराई सिंह, सरोज सिंह, मुन्ना कुमार, सीताराम सिंह, मंदीप सिंह, नंदू सिंह, शंभू सिंह, सुनील पाल, अनिल पाल, पप्पू सिंह, विजय सिंह-2, बिंदु सिंह, राजेश्वर सिंह, श्रीराम कुमार, अजय कुमार, विद्यानंद कुमार उपस्थित थे।

## कोविड-19 के बावजूद राज्य में पर्यटन विकास निरंतर प्रगति पर है अभिषेक रोहेला

**देहरादून :** अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंड सम्मेलन के द्वितीय सत्र में पर्यटन विशेषज्ञों और प्रवासी उत्तराखंडियों ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड पर्यटन की असीमित संभावनाओं से परिपूर्ण है। उत्तराखंड पर्यटन विकास के क्षेत्र में नित नई उपलब्धियों के साथ आगे आ रहा है। उत्तराखंड सरकार के पर्यटन विभाग के अपर सचिव अभिषेक रोहेला ने दूसरे सत्र में चर्चा करते हुए सरकार की तमाम पर्यटन योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के बावजूद राज्य में पर्यटन विकास निरंतर प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा में रिकार्ड संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। सरकार ने इस बार से शीतकालीन यात्रा भी शुरू की है, जिसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने साहसिक पर्यटन, पर्यटन सर्किट, होम स्टे, उत्तराखंड टूरिस्ट पालिसी का जिक्र किया और सरकार के स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

### अंतरराष्ट्रीय प्रवासी सम्मेलन में विशेषज्ञों ने की चर्चा

# उत्तराखंड में निवेश की अपार संभावनाएं




एजेंसी

**देहरादून :** अंतरराष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन के प्रथम सत्र में विनिर्माण, ऊर्जा उत्पादन और स्टार्टअप में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने कहा कि उत्तराखंड में हर क्षेत्र में निवेश की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। थाइलैंड से आए ब्रॉस्टेन ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. एके काला ने कहा कि 30 साल तक विदेश में काम करने के बाद अब वो भारत में अपनी मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट खोलने की तैयारी कर रहे हैं, इसमें वो उत्तराखंड को प्राथमिकता देंगे।

वो चाहते हैं कि उत्तराखंड में ऑयल एंड गैस सेक्टर के लिए उपकरण तैयार कर विश्वभर में सप्लाई करें।डॉ. काला ने कहा कि वो उत्तराखंड में पलायन से पूरी तरह खाली हो चुके गांवों को भी फिर आबाद करने के लिए काम करना चाहते हैं, इसके लिए किसी एक ऐसे गांव को गोद लेने का प्रस्ताव शासन को दे चुके हैं। साथ ही 70 साल से अधिक उम्र की जरूरतमंद महिलाओं को अपनी मां के समान मानते हुए, अपनी मां के नाम पर चला जा रहे भीमा केयर फाउंडेशन के जरिए मदद करेंगे।सिंगापुर से आई मंडला ग्लोबल की संस्थापक मीनाक्षी अरोड़ा डबराल ने कहा कि वह उत्तराखंड की महिला उद्यमियों को अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उत्पाद उपलब्ध कराने का अवसर प्रदान कर रही हैं। उन्होंने उत्तराखंड सरकार के हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड की सराहना करते हुए कहा कि इसके सभी उत्पाद उच्च गुणवत्ता के हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड विश्व खाद्य श्रृंखला में अहम भूमिका निभा सकता है। वो उत्तराखंड के जैविक उत्पादों की सप्लाई सिंगापुर में करती हैं।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाया




एजेंसी

**वाराणसी :** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का 53वां जन्मदिन रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ मनाया। पार्टी के वाराणसी महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लहुराबीर स्थित काशी अनाथालय में अनाथ बच्चों के बीच कॉपी, पेन, चॉकलेट, फल व मिष्ठान वितरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और अपने नेता को जन्मदिन की बधाई दी।इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व महानगर अध्यक्ष राघवेंद चौबे ने संयुक्त रूप से कहा कि महिला सशक्तिकरण ,गरीबों-मजलूमों-शोषितों व समाज मे खड़े अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की मजबूत व सशक्त आवाज हम सबकी नेता प्रियंका गांधी को जन्मदिन की ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं। दीदी सदैव अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की लड़ाई लड़ती है वह हमेशा शोषित,वंचित के हक अधिकार के लिए लड़ती है। आज उनके जन्मदिन पर हम कार्यकर्ताओं ने अनाथ बच्चों संग खुशियां बांटी। हम लोगों ने अपने नेता के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घ जीवन के लिए बाबा विश्वनाथ से भी प्रार्थना की है। जन्मदिन मनाने में प्रजानाथ शर्मा, साहत हुसैन बाबू, डॉ राजेश गुप्ता, गुलशन अली, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, सतनाम सिंह, अब्दुल हमीद डोडे, रोशनी जायसवाल, अनुराधा यादव, पूनम विश्वकर्मा, हाजी इस्लाम, प्रमोद वर्मा आदि शामिल रहे।

## उत्तराखंडः बर्फबारी ने बढ़ाई ठंड, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**देहरादूनः** उत्तराखंड में मौसम ने करवट ली है और राज्य भर में ठंड बढ़ गई है। औली, नैनीताल, मसूरी जैसी पर्यटक स्थल बर्फ की चादर से ढक गए हैं। जनवरी में अब तक बारिश और बर्फबारी न होने के कारण सूखी ठंड से लोग परेशान थे, लेकिन ताजा बर्फबारी से पर्वतीय क्षेत्रों में तीव्र ठंड बढ़ गई है। मैदानी इलाकों में भी बारिश और कोहरे के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मसूरी से लेकर औली, चकराता, मुक्तेश्वर, धानाचूली, पहाड़पानी और नैनीताल में बर्फबारी हुई है। बदरीनाथ, केदारनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, औली, गौरसों बुग्याल के साथ ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। जिससे यहां की वादियां बर्फ की सफेद चादर में लिपट गई हैं। जनपद उत्तरकाशी में गंगोत्री धाम, हर्षिल, यमुनोत्री धाम, जानकीचट्टी, सरनौल, दयारा, हरकीदून क्षेत्र में रात्रि से हल्की बर्फबारी हुई है।

# समाज को स्वामी विवेकानंद व बाबा साहेब अंबेडकर ने नई दिशाः मनोहर लाल



एजेंसी

**रोहतक :** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि समाज और राष्ट्र को स्वामी विवेकानंद तथा बाबा साहेब डा. बी.आर. अंबेडकर ने नई दिशा दी। समाज कल्याण तथा राष्ट्र उत्थान में इन दोनों महान विभूतियों को विशेष, अतुलनीय योगदान है। रविवार को केन्द्रीय ऊर्जा, आवासन तथा शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में आयोजित संविधान गौरव समारोह तथा राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्र के युवाओं को विशिष्ट दिशा दी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के प्रेरक विचारों से विद्यार्थियों तथा युवा वर्ग को प्रेरणा लेनी चाहिए। संविधान के रचयिता बाबा साहेब डा. बी.आर. अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए मनोहर लाल ने कहा कि बाबा साहेब ने भारतीय संविधान के जरिए देश को समानता, समरसता, पंथ निरपेक्षता, जन कल्याण का संदेश दिया। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार संवैधानिक भावना को ध्यान में रखते हुए पूरे राष्ट्र में समावेशी विकास का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने संवैधानिक संशोधन भी जन कल्याण तथा लोक हित में किए हैं। राष्ट्र में वंचित समाज को मुख्यधारा में लाने का कार्य नरेन्द्र मोदी की सरकार ने सुनिश्चित किया है। भारतीय संविधान को डायनैमिक संविधान की संज्ञा मनोहर लाल ने दी। संविधान गौरव समारोह में पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को भी एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर करार दे नए विवाद को जन्म दे दिया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर या सरदार पटेल उस समय प्रधानमंत्री बन सकते थे। यही नहीं इस कार्यक्रम के दौरान मनोहर लाल ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर कटाक्ष किया और कहां कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का सम्मान नहीं किया। वास्तव में कांग्रेस पार्टी ही ऐसी पार्टी है जिसने अपने स्वार्थ के लिए संविधान में हमेशा संशोधन किए हैं। जबकि मौजूदा मोदी सरकार ने देश हित में संविधान में संशोधन किए हैं।